

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 अगर मैं कोहली के साथ 20 मिनट...

जनरल मनोज पांडे ने पीएम शेख हसीना... 12

वर्ष : 13 | अंक : 63 | नई दिल्ली, बुधवार, 20 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज गर्मी से राहत मिल सकती है और बारिश होने की संभावना है।

**पोल**

क्या एकनाथ शिंदे की होगी शिवसेना?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,170 |
| चांदी | 55,600 |
| सेंसेक्स | 54,767 |
| निफ्टी | 16,340 |

# नूपुर शर्मा को 'सुप्रीम' राहत

## 10 अगस्त तक नहीं होगी गिरफ्तारी, नूपुर की हत्या करने आया पाक घुसपैठिया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने पैगंबर मोहम्मद पर बयान के मामले में नूपुर शर्मा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने 10 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने का आदेश दिया है। उसी दिन इस मामले की अगली सुनवाई भी तय की गई है।

अदालत ने केंद्र और उन राज्यों को नोटिस जारी किया है, जहां उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। इस नोटिस में अदालत ने राज्यों और केंद्र सरकार से पूछा है कि नूपुर शर्मा के खिलाफ दर्ज केसों को एक ही स्थान पर क्यों न ट्रांसफर कर दिया जाए। माना जा रहा है कि राज्यों और केंद्र की ओर से जवाब के बाद केसों को ट्रांसफर पर अदालत की ओर से फैसला लिया जाएगा। मुकदमें की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम अपने पिछले आदेश में थोड़ा संशोधन करते हैं। हम यह नहीं चाहते कि आपको हर अदालत में जाना पड़े।

**केंद्र, राज्य सरकारों को नोटिस**

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों को इस संबंध में नोटिस भी जारी किया। नूपुर शर्मा की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि उनकी (नुपुर) जान को गंभीर खतरा है। बेंच ने आदेश सुनाते हुए याचिकाकर्ता की हत्या को लेकर वायरल बयान और सलमान चिश्ती का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने यह भी संज्ञान लिया कि यूपी के एक व्यक्ति ने याचिकाकर्ता का सिर काटने की धमकी भी दी है। मामले की अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी।

**अदालत नहीं चाहती वह हर अदालत जाएं**

यह जिक्र करते हुए कि शीर्ष अदालत यह कभी नहीं चाहती कि नुपुर शर्मा राहत के लिए हर अदालत का रुख करें, पीठ ने उनकी याचिका पर केंद्र और दिल्ली, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों को नोटिस जारी किया और 10 अगस्त तक उनसे जवाब मांगा है।

**1 जुलाई को लगाई थी फटकार**

इससे पहले 1 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में नुपुर की याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त रुख अपनाया था। अदालत ने नुपुर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने पर सख्त नाराजगी प्रकट की थी। अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि उनके बयान से देश में उबाल है। कोर्ट ने नुपुर से टीवी पर आकर माफी मांगने को भी कहा था।





**हत्या करने आया पाक घुसपैठिया गिरफ्तार**

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने राजस्थान में इंटरनेशनल बॉर्डर से घुसपैठ कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। आरोपी भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को मारने की फिराक में था। उसके पास से कई संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूर, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग और मिलिट्री एजेंसी की संयुक्त टीम उससे पूछताछ कर रही है। शुरूआती जांच में पता चला है कि अजमेर पहुंचने के बाद भाजपा से निलंबित की जा चुकी नेता नूपुर शर्मा को टारगेट करने का उसका प्लान था। एसपी ने इसकी पुष्टि की है। घुसपैठिए के पास से 11 इंच लंबा चाकू, धार्मिक किताब, कपड़े, खाना और रेत मिली है। पूछताछ में पाकिस्तानी नागरिक ने अपना नाम रिजवान अशरफ बताया है। वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मंडी बहाउद्दीन शहर का है।

# अवैध खनन रोकने गए डीएसपी को डंपर से कुचलकर मार डाला

## आरोपी चालक गिरफ्तार, मुठभेड़ में घायल एक और आरोपी पकड़ा गया

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा के नूंह में डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई की हत्या मामले में पुलिस ने डंपर चालक को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया है। नूंह पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के दौरान आरोपी को पकड़ा। आरोपी डंपर चालक के पैर में गोली भी लग गई। उसका नाम इकरार बताया जा रहा है। गौरतलब है कि अवैध खनन मामले में कार्रवाई के लिए गए डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई की डंपर से कुचलकर हत्या कर दी गई। हरियाणा के डीजीपी पीके अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया, 'इस मामले में मुठभेड़ के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, आरोपी के पैर में गोली लगी है। बाकी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।'सीएम मनोहर लाल खट्टर ने परिवार को एक करोड़ रुपये के मुआवजे के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वह मृतक के परिवार के साथ खड़े हैं और डीएसपी को शहीद का दर्जा मिलेगा।





**3 महीने बाद था रिटायरमेंट**

डीएसपी सुरेंद्र सिंह हिसार जिले के आदमपुर क्षेत्र के गांव सारंगपुर के रहने वाले थे। वे 12 अप्रैल 1994 को हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर भर्ती हुए थे। पुलिस से अब 31 अक्टूबर को उनकी सेवानिवृत्ति होनी थी।

**किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा**

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने बताया, 'डीजीपी हरियाणा घटनास्थल पर पहुंचकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एनकाउंटर के बाद एक शख्स अरेस्ट हो गया है। सर्च ऑपरेशन जारी है। दूसरे भी जल्द ही पकड़े जाएंगे। हम इस मामले में बहुत गंभीर हैं, हमारी पुलिस पर हमला हुआ है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।' इससे पहले हरियाणा के एडीजीपी (लॉ ऐंड ऑर्डर) संदीप खिरवार ने बताया था कि डीएसपी सरकारी गाड़ी में अपनी पर्सनल टीम के साथ थे। उनके साथ हमारी चार जवान थे। उन्होंने बताया था कि मामले में आईपीसी की धारा 302, 307, 333, 186, 353 के साथ 379 और 188 के तहत केस दर्ज हुआ है।

## संक्षिप्त खबर

### पाकिस्तान नाव हादसे में 23 की मौत, 26 लापता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पंजाब और सिंध सीमा क्षेत्र के पास सिंधु नदी में एक नाव के पलट जाने से करीब 23 लोगों की मौत हो गई और अन्य 26 लापता हैं। पाकिस्तान अखबार द न्यूज ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि नाव पलटने की दुर्घटना सोमवार शाम को घटित हुई। स्थानीय लोग 45 लोगों को बचाने में कामयाब रहे, जबकि लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने से यह दुर्घटना घटी है। नाव में महिलाएं और बच्चे भी सवार थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस दुर्घटना पर दुख और संवेदना व्यक्त की है।

### श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव आज,सुरक्षा कड़ी

कोलंबो। आर्थिक व राजनीतिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव होना है। राष्ट्रपति पद के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा ने चुनाव से ठीक पहले अपना नाम वापस ले लिया है। अब प्रधानमंत्री व कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, दुल्लास अल्हापेरुमा और अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच राष्ट्रपति चुना जाएगा। श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने की शिकायत के बाद मंगलवार को श्रीलंका संसद परिसर में तथा उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। महिंदा यापा अभयवर्धने ने पुलिस महानिरीक्षक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी और सांसदों को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले भड़काऊ संदेशों के खिलाफ विस्तृत जांच की मांग की थी।

# उपराष्ट्रपति चुनाव : मार्गरेट अल्वा ने दाखिल किया नामांकन

**अल्वा बोलीं...**

- कोई संदेह नहीं कि यह चुनाव मुश्किल होगा, लेकिन मुझे किसी चुनौती से डर नहीं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उप राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा ने मंगलवार को राहुल गांधी और शरद पवार समेत कई प्रमुख विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया।

उनके नामांकन दाखिल करने के मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, शिवसेना नेता संजय राउत और कई अन्य विपक्षी नेता मौजूद थे।

विपक्षी दलों ने गत रविवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा को अपना साझा उम्मीदवार घोषित किया था। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ से है। धनखड़ ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। अल्वा की उम्मीदवारी के संदर्भ में रणनीति पर चर्चा के लिए विपक्ष के नेताओं ने सोमवार को शरद पवार के आवास पर बैठक की थी। बैठक के बाद 80 वर्षीय अल्वा ने ट्वीट कर कहा था, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह मुश्किल चुनाव होगा, लेकिन मुझे किसी चुनौती से डर नहीं है। मैं सभी विपक्षी दलों के नेताओं को मेरी उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए धन्यवाद देती हूं।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने एमएसपी पर सरकार की समिति को किया खारिज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने मंगलवार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार की समिति को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों का समर्थन करने वाले ''तथाकथित किसान नेता'' इसके सदस्य हैं। सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेते हुए इस तरह की एक समिति के गठन का वादा किया था, जिसके आठ महीने बाद सोमवार को एमएसपी पर एक समिति का गठन किया गया। पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल समिति के अध्यक्ष होंगे। सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तीन सदस्यों को समिति में शामिल करने का प्रावधान किया है। किसान नेता अभिमन्यु कोहर ने बताया, ह्यह्यआज, हमने संयुक्त किसान मोर्चा के गैर-राजनीतिक नेताओं की एक बैठक की। सभी नेताओं ने सरकार की समिति को खारिज कर दिया। सरकार ने तथाकथित किसान नेताओं को समिति में शामिल किया है, जिनका दिल्ली की सीमाओं पर तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ हुए हमारे आंदोलन से कोई लेना-देना नहीं था।

# उद्धव ठाकरे को फिर बड़ा झटका

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

**उपलब्धि**

- लोकसभा में एकनाथ शिंदे गुट के सांसद को सौंपी शिवसेना की कमान

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के निचले सदन में राहुल शेवाले को शिवसेना नेता के रूप में मान्यता दी है। यह शिवसेना नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है। अब विधायकों और पार्षदों के बाद सांसदों का बड़ा धड़ा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ चला गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल शेवाले को निचले सदन में शिवसेना के नेता के रूप में मान्यता दी है। एकनाथ शिंदे के साथ शिवसेना के 12 लोकसभा सदस्य हैं, जिन्होंने संसदीय दल के नेता को बदलने के लिए अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा था। लोकसभा में पार्टी के नए नेता राहुल शेवाले ने कहा उद्धव ठाकरे भाजपा के साथ फिर से जुड़ने के इच्छुक थे, लेकिन अपनी बात से मुकर गए। उन्होंने कहा कि हमने उद्धव ठाकरे से उपराष्ट्रपति पद के लिए मार्गरेट अल्वा का समर्थन नहीं करने के लिए भी कहा था, लेकिन हमारे विचारों को नजरअंदाज कर दिया गया।

# देश में मंकीपॉक्स की दहशत

**नई दिल्ली।** देश में मंकीपॉक्स का दूसरा मरीज मिलने के साथ ही केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और बंदरगाहों के प्रवेश स्थानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।इसका मकसद मंकीपॉक्स के मरीजों की पहचान समय पर करना और उनका इलाज सुनिश्चित करना है। इस संबंध में सोमवार देरशाम केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने एयरपोर्ट एवं बंदरगाहों पर निगरानी गतिविधियों की समीक्षा की। इस बैठक में एयरपोर्ट और बंदरगाहों के स्वास्थ्य अधिकारियों और क्षेत्रीय कार्यालयों के निदेशक शामिल हुए।

**गृह मंत्रालय के आंकड़े** पिछले तीन सालों में 3 .92 लाख लोगों ने छोड़ी नागरिकता

# हर वर्ष औसतन डेढ़ लाख लोग त्याग रहे भारतीय नागरिकता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

संसद का मानसून सत्र चल रहा है और गृह मंत्रालय ने भारत की नागरिकता छोड़ने वालों का एक आंकड़ा उपलब्ध करवाया है। संसद में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया है कि हर वर्ष औसतन करीब डेढ़ लाख लोग भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं। वहीं भारत की नागरिकता छोड़ने वालों की विदेशी देशों में पहली पसंद अमेरिका है। गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि वर्ष 2021 में 1,63,370 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी है और विदेश में बस गए। जबकि वर्ष 2020 में 85,256 लोगों ने और वर्ष 2019 में 144,017 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी और दूसरे देशों में बस गए। इससे पता चलता है कि 2020 की तुलना में 2021 में दुगने लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी। बता दें कि वर्ष 2020 में कोरोना महामारी आई थी। श्री राय ने कहा कि सम्बन्धित लोगों ने अपने व्यक्तिगत कारणों से भारतीय नागरिकता का त्याग किया है।




**इन देशों की ली नागरिकता**

उन्होंने बताया कि साल 2021 में भारत की नागरिकता छोड़ने वाले लोगों में से सबसे ज्यादा 78,284 भारतीयों ने संयुक्त राज्य अमेरिका की नागरिकता प्राप्त की। इसके बाद 23,533 भारतीयों ने ऑस्ट्रेलिया में नागरिकता ली। इसी तरह 21,597 लोगों ने कनाडा में और 14,637 भारतीयों ने यूके की नागरिकता ली है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2021 के बीच 1,70,795 भारतीयों को अमेरिका ने नागरिकता दी। इसमें वर्ष 2019 में 61,683 भारतीयों, वर्ष 2020 में 30,828 भारतीयों तथा वर्ष 2021 में 78,284 भारतीयों को अमेरिका ने नागरिकता दी। इसमें बताया गया है कि अस्ट्रेलिया में पिछले तीन वर्षों में 58,391 भारतीयों, कनाडा में 64,071 भारतीयों, ब्रिटेन में 35,435 भारतीयों, जर्मनी में 6,690 भारतीयों, इटली में 12,131 भारतीयों, न्यूजीलैंड में 8,882 भारतीयों तथा पाकिस्तान में 48 भारतीयों को नागरिकता मिली।

**रिपोर्ट**

अमेरिका भारतीय नागरिकता को छोड़ने वालों की पहली पसंद बन रहा है। इसके बाद 23,533 भारतीयों ने ऑस्ट्रेलिया में नागरिकता ली। साल 2021 में भारत की नागरिकता छोड़ने वाले लोगों में से सबसे ज्यादा 78,284 भारतीयों ने संयुक्त राज्य अमेरिका की नागरिकता प्राप्त की।

**यूएस बना भारतीयों की पहली पसंद**

केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अमेरिका भारतीय नागरिकता को छोड़ने वालों की पहली पसंद बन रहा है। वर्ष 2019 में 61,683 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़कर अमेरिका की नागरिकता ली थी।




राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 20 जुलाई, 2022
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### मध्य विद्यालय कखौरा में प्रार्थना सत्र के दौरान छात्रा हुई बेहोश

रतनी, फरीदपुर। प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय कखौरा में प्रार्थना के समय अधिक गर्मी रहने के कारण छात्रा बेहोश होकर गिर गई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को विद्यालय में प्रार्थना गाया जा रहा था कि अचानक वर्ग चार की छात्रा उमस भरी गर्मी से बेहोश होकर गिर गई। बेहोश होते देख विद्यालय में अफरा-तफरी का महौल कायम हो गया। प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि वर्ग चार की छात्रा रानी कुमारी प्रार्थना सत्र के द्वौरान भीषण गर्मी के चपेट में आने से बेहोश हो गई।

### विभिन्न थानों क्षेत्र से बरामद 414 लीटर शराब किया गया विनिष्ट

जहानाबाद। जिलाधिकारी के निर्देश पर उत्पाद विभाग में जब्त शराब का विनष्टीकरण किया। जिसमें विभिन्न थानों से बरामद करीब 414 लीटर शराब को नष्ट किया गया। शराब विनष्टीकरण के दौरान उत्पाद अधीक्षक एसडीपीओ और एसडीओ मौजूद थे। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि शराब और इसके कारोबार को लेकर प्रशासन सख्त है। शराब को लेकर क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को वर्षा की समस्याओं से कराया अवगत

गया ,प्रात : किरण संवाददाता



**बैठक**

- गया जिले में पेयजल तथा धान के खेती की समस्याओं को जिलाधिकारी से अवगत कराया

जिला पदाधिकारी गया डॉक्टर त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री बिहार सह इमामगंज विधायक जीतन राम मांझी, सांसद औरंगाबाद सुशील कुमार, विधायक नगर डॉक्टर प्रेम कुमार, विधायक वजीरगंज वीरेंद्र सिंह, विधायिक शेरघाटी श्रीमती मंजू अग्रवाल, विधायक टिकारी अनिल कुमार, विधायक बोधगया कुमार सर्वजीत, विधायक गुरुआ विनय कुमार, विधायिक बाराचट्टी ज्योति देवी के साथ गया।

जिले में पेयजल एवं संभावित सुखाड़ को ध्यान में रखते हुए गया जिले में पेयजल तथा धान के खेती में हो रही समस्या पर जिला पदाधिकारी को एक एक कर अपने क्षेत्रवार समस्याओं से अवगत करवाया गया है। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री,सांसद एवं विधायक गण का स्वागत करते हुए कहा कि *1 जनवरी 2022 से 18 जुलाई 2022 तक लगभग 63% वर्षा की कमी हुई है। जिससे किसानों को काफी समस्या आ रही है। किसान जो भी धान का बिछड़ा डाले हैं रोपनी हेतु वो पानी के समस्या के कारण धान का बिछड़ा बर्बाद हो रहा है। 19 जुलाई से 23 जुलाई तक मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वर्षा का पूवार्नुमान बताया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष काफी कम बारिश हुई है। जिले में इस वर्ष 6500 चापाकलों को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा मरम्मति करवाते हुए खराब पड़े चापाकलों को चालू करवाया गया है।

इसके साथ ही आवश्यकतानुसार महादलित टोला में कुल 150 चापाकल लगवाने का निर्देश सरकार द्वारा प्राप्त हुआ है, जिसको ध्यान में रखते हुए 105 चापाकल को लगवाने का कार्य किया जा चुका है।बाकी 45 जगह चापाकल लगाने का कार्य किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों का जहां-जहां जिस जिस क्षेत्र से पेयजल समस्या एवं चापाकल की आवश्यकता के संबंध में सुझाव प्राप्त हुए हैं उसी के अनुरूप चापाकल लगवाने का कार्य किया गया है। महादलित टोला में विशेष अभियान चलाकर चापाकल की मरम्मति की गई है।

नल जल योजना के समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि नल जल योजना में जो भी दिक्कत एव समस्या आ रही थी उसे पुरी रुपसे दूर करने का कार्य किया जा रहा है। मार्च माह में पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित नल जल योजना का व्यापक सर्वे करवाया गया जिसमें 481 ऐसे वार्ड में कार्य पूर्ण होने के बाद भी कुछ कमियां के कारण पेयजल संचालित नहीं हो रहा था। ज्यादातर मोटर जलने, पाइप लीकेज, पाइप फटने या ऑपरेटर काम नहीं कर रहा था, पुराने वार्ड सदस्य नए वार्ड सदस्य को चाबी नहीं देने, चार्ज नहीं देने, बिजली का भुगतान नहीं रहने इत्यादि समस्याओं के कारण बंद था। इन सभी समस्याओं का निराकरण करते हुए वर्तमान में कुल 27 ऐसे टोले हैं जहां नल जल चालू नहीं है इस माह के अंत तक चालू करवा लिया जाएगा। आगे इस बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि विभिन्न जनप्रतिनिधियों से प्राप्त फीडबैक में वैसे टोले जो अब तक छूटे हुए हैं, वैसे टोले का सर्वेक्षण कराते हुए पंचायत राज विभाग द्वारा लगभग 1206 टोले अभी भी छूटे हुए हैं, उसका कारण यह है कि मॉडल स्टीमेट के अनुरूप 1 वार्ड में अगर 4 टोले हैं और पहाड़ी होने के कारण विभिन्न जगहों पर है एक टोला में काम हुआ है तथा शेष टोला में काम नहीं हुआ है उन टोलो का प्राक्कलन बनाते हुए निश्चय योजना के तहत राशि की मांग की गई है। इसी प्रकार पीएचईडी द्वारा 200 टोला चिन्हित वार्डों में से छूटे हुए हैं इसका भी प्राक्कलन बनाकर विभाग को भेजा गया है।

# विधायक ने मैट्रिक पास हुई छात्राओं को किया सम्मानित

कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता



नुआंव प्रखंड के स्थानीय बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय में मंगलवार को सम्मानित सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में स्थानीय विधायक सुधाकर सिंह पहुंचे इस सम्मानित सभा में इस बार मैट्रिक पास हुई बालिकाओं को किया गया सम्मानित। बता दें कि इस बार विद्यालय में कुल 129 बालिका मैट्रिक की परीक्षा में सम्मिलित हुई जिसमें से 102 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई वही 30 बालिका का प्रथम स्थान रहा, 48 बालिका द्वितीय स्थान रही 24 बालिका तृतीय स्थान लाई है।

मुख्य अतिथि के सम्मान में बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया।पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान लाई जुझारपुर की बालिका पूजा कुमारी जो 445 नंबर अंक के साथ 89.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान लाई गर्रा गांव की जुली कुमारी 431 अंक के साथ 86.2 प्रतिशत व तीसरा स्थान प्राप्त की गोड़ासरा गांव की रहने वाली अंशु कुमारी 429 अंक के साथ 85.8 प्रतिशत पास हुई तीनों बालिकाओं को विधायक ने तहे दिल से धन्यवाद दिया और कहा कि आप इसी तरह अपने व अपने परिवार का नाम रोशन करती रहो।स्थानीय विधायक सुधाकर सिंह ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि करीब 38 साल बाद पहली बार इस विद्यालय के नाम से बालिकाओं का अंक प्रमाण पत्र का वितरण किया जा रहा है इससे पहले बालिकाएं पढ़ाई तो करती थी बालिका उच्च विद्यालय में लेकिन अंक प्रमाण पत्र जयसवाल हाई स्कूल के नाम से वितरण किया जाता था जो इतने लंबे समय के बाद बिहार बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त मिलने के बाद बालिका पास हुई किसी निवेश का परिमाण उस समय नहीं दिखता है बल्कि कुछ समय बाद दिखता है।

# डीएम ने विभिन्न कार्यो के प्रगति की ली जानकारी



हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली डीएम श्री यशपाल मीणा के द्वारा वैशाली प्रखंड स्थित बुद्ध सम्यक स्मृति स्तूप एवं संग्रहालय के निर्माण कार्य के प्रगति का अवलोकन किया गया और वहाँ उपस्थित निर्माण कार्य में लगे एजेन्सी के पदाधिकारियों से कार्यों के पूर्ण होने की जानकारी प्राप्त की गयी।

डीएम के द्वारा पूर्व में किये गये निरीक्षण के क्रम में वर्षात से पूर्व मिट्टी भरायी का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया था। इस संबंध में एजेन्सी के पदाधिकारी ने बताया कि मिट्टी भरायी का 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है। डीएम के द्वारा कार्य में तेजी लाने संबंधी निर्देश दिया गया। इसके पश्चात डीएम के द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा संचालित आम्रपाली होटल और युथ होस्टल का निरीक्षण किया गया। यहाँ पर इंट्री पंजी देखी गयी और निर्देश दिया कि बिना आईडी प्रुफ के लोगों को नहीं रखें। वहाँ पर रह रहे लोगों का आधार कार्ड भी देखा गया। इसके पश्चात डीएम अभिषेक पुष्करणी सरोवर का भी अवलोकन किये और वहाँ पर वैशाली ब्राँच कैनाल से प्रेसर पाईप के द्वारा जलापूर्ति के कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

### दो दुकानों में सेंधमारी लाखों की सम्पत्ति चोरी

**हाजीपुर।** वैशाली थाना क्षेत्र के भगवानपुर रत्ती बाजार स्थित दो दुकानों में चोरों ने सेंधमारी कर लाखों की सम्पत्ति उड़ा ले गए। जिसमें एक दुकानदार का नाम घनश्याम कुमार बताया गया है जिसकी सोने चांदी और बर्तन की दुकान है। वहीं दूसरे का नाम नहीं बताया गया है। लेकिन वह भी बर्तन एवं आभूषण की हीं दुकान है। चोरी की घटना की खबर सुबह में लगी जब दुकानदार दुकान खोलने आए। दुकान का शटर उठाते हीं भीतर का नजारा देख कर आसपास के दुकानदारों को बुलाया। भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा था और पीछे की दीवार में बड़ा सा छेद किया हुआ था। इस घटना की खबर से आसपास के दुकानदार और ग्रामीणों ने आगजनी करते हुए लालगंज वैशाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। साथ ही वैशाली थाना विरोधी नारे जम कर लगाए। घटना की सूचना पर वैशाली थानाध्यक्ष चंद्रगुप्त कुमार दल बल के साथ पहुंच लोगों को शांत कराने की कोशिश में लगे। लेकिन कोई मानने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद हाजीपुर से सदर एसडीपीओ राघव दयाल घटना की छानबीन खोजी कुत्ते के साथ पहुंचे।

# जीएसटी वृद्धि गरीबों के निवाले पर डाका: सुदय

जहानाबाद, प्रात :किरण संवाददाता



- कहा, डबल इंजन की सरकार को आम जनता से कोई सरोकार नहीं है

महंगाई की वजह से आम आदमी पहले से ही बहुत परेशान है। इसके बावजूद अब खाद्य पदार्थों पर जीएसटी थोप कर केंद्र सरकार ने गरीबों के निवाले पर डाका डाल दिया है। उक्त बातें स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने प्रेस वयान जारी कर कहा। श्री यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने खाद्य पदार्थों में जीएसटी लगाकर साबित कर दिया है कि उसे आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। गरीब भूखा मर जाए लेकिन उद्योगपतियों के खजाने में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। इसलिए आटा, दाल, चावल, सूजी और मैदे पर 5 प्रतिषत जीएसटी लगाया गया है जिससे बड़ी कंपनियों को फायदा हो सके। श्री यादव ने कहा कि गांव और शहरों में छोटे दुकानदारों को खुदरा सामान बेचने पर भी संकट खड़ा हो गया है। रसोई गैस की बढ़ती दरों के साथ घरेलू इस्तेमाल की वस्तुओं की बढ़ती दरों और उस पर केन्द्र सरकार द्वारा लगाए गए जीएसटी ने परिवारों का बजट बिगाड़कर रख दिया है। श्री यादव ने कहा कि नीतीष सरकार तमाषबीन बन सब कुछ देख रही है। नीतीष कुमार को सिर्फ सत्ता का लोभ है। इन्हें देष-प्रदेष के गरीबों व आम आदमी से कोई लेना देना नही है। श्री यादव ने कहा कि जब से भाजपा केंद्र की सत्ता में आई है, तब से महंगाई में लगातार बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। महंगाई को काबू में करने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल रही है।

# सरकार के पाबंदी के बावजूद राघोपुर में फल फूल रहा शराब का कारोबार

हाजीपुर , प्रात :किरण संवाददाता

बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के पाबंदी के बावजूद राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में शराब का कारोबार दिन दूना रात चौगुना फल फूल रहा है । सरकार एवं जिला प्रशासन शराब माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए ड्रोन, खोजी कुत्ता आदि का लाख सहारा ले रही है फिर भी राघोपुर में प्रतिदिन देशी एवं विदेशी शराब बन रहा है। राघोपुर प्रखंड क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां तक पहुंचने में प्रशासन को लोहे का चना चबाना पड़ता है ।

एक ओर गंगा नदी तो दूसरी ओर नारायणी नदी से यह प्रखंड घिरा हुआ है। उक्त प्रखंड अंतर्गत तीन थाना क्षेत्र आते हैं। राघोपुर , जुरावनपुर एवं रुस्तमपुर ओपी इन थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन सेंकरो देशी एवं विदेशी शराब पुलिस बरामद करती है तथा कारोबारियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजती रहती है। फिर भी इन थाना क्षेत्रों में शराब बनाने का कारोबार रुक नहीं रहा है। बताया जाता है कि राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के इलाका में शराब माफियाओं का नेटवर्क इतना तेज है कि पुलिस के आने की भनक उन्हें पहले हीं मिल जाती है। शराब माफिया गंगा एवं नारायणी नदी के किनारे नाव एवं मोटरसाइकिल का प्रयोग करते हैं। पुलिस की भनक लगते हीं यह शराब माफिया नाव द्वारा गंगा नदी या नारायणी नदी पार कर फरार हो जाते हैं और जंगल के रास्ते फरार हो जाते हैं। पुलिस के वरीय अधिकारियों के दबाव पड़ने पर राघोपुर प्रखंड के थाना की पुलिस औपचारिकता को निभाते हुए 2 लीटर, 4 लीटर, 5 लीटर तथा कभी-कभी इससे भी अधिक देसी शराब बेचने वाले को पकड़ कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। सूत्रों का कहना है कि राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र के किराना, चाय, पान, खैनी, होटल, मांस मछली एवं मुर्गा की दुकानों पर शराब की बिक्री धड़ल्ले से होती है। लेकिन प्रशासन जानकर भी अंजान बने रहते हैं। इन तीनों थाना क्षेत्रों में शराबियों का मनोबल इतना बढा हुआ है कि वह दिन रात शराब पीकर गली, , हॉट, बाजार में घूमते रहते हैं। वहीं ग्रामीण का कहना है कि जब पुलिस प्रशासन इसका कुछ नहीं बिगाड़ पाते हैं तो हम इन लोगों से दुश्मनी मोल क्यों ले। अगर समय रहते शराब माफियाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इस क्षेत्र में कभी भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना घट सकती है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत होती है लेकिन परिजन पुलिस के झमेले से बचने के लिए समय से पहले शव का दाह संस्कार कर देते हैं। पुलिस से पूछे जाने पर वह कहता है कि बीमारी से मरा है। बताया जाता है कि वरीय अधिकारियों के विशेष दबाव पड़ने पर दो-चार शराब की भठ्ठी तोड़ दी जाती है तथा कुछ देशी शराब बरामद कर स्थानीय प्रशासन अपनी पीठ थपथपा लेती है। बताया जाता है कि बड़े-बड़े शराब माफिया हथियारों के साथ शराब की भठिया चलाते हैं। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर उन्हें हथियार का भय दिखाकर भगा दिया जाता है तथा कहा जाता है कि अगर इसकी खबर पुलिस प्रशासन को किया तो पूरे परिवार की हत्या कर दी जाएगी।

### चोरी करने के लिए घर में धुसे चोरों ने मकान मालिक के साथ की मारपीट

**जहानाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के होरिलगंज मुहल्ला में सोमवार की रात में चोरी करने के उदेष्य से चोर एक घर में धूसे। इस दौरान मकान मालिक गुलशन घर को सूचना मिली कि चोर उनके घर में धुसे हुए हैं। मकान मालिक जैसे ही घर में प्रवेष किया तो चोरों पर उनकी नजर पड़ गई। चोरों ने मकान मालिक को देखते ही उनके साथ मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान मकान मालिक के द्वारा हो-हल्ला किया तो आस पास लोगो को आते देखकर चोर भागने में सफल रहा। इस घटना में मकान मालिक गुलशन कुमार का दाहिना पैर को मारकर चोरों ने तोड़ दिया। आनन फानन उन्हें सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मकान मालिक ने बताया कि चोरों को हम पहचान लिए है। थानाध्यक्ष निखिल कुमार ने बताया कि थाने में आवेदन दिया गया है। जांच के बाद इस घटना में शामिल चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बीस लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- आर्थिक जुर्माना लगाते हुए संबंधित थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी

बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ पूरे जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को टीम ने मीटर बाइपास कर एवं बिजली बिल बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काट देने के बाबजूद भी चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ द्वारा गठित छापेमारी दल ने बिजली चोरी करते हुए 20 लोगो को रंगे हाथो पकड़ा है। इस आशय की जानकारी देते हुए विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि जिले के कोहरा, शेखपुरा, होरिलगंज, सत्संग नगर, मौर्य नगर आदि जगहों पर मीटर जांच अभियान चलाया गया। जहां बिजली चोरी करते हुए 20 लोगो को पकड़ा गया। पकडे गए लोगो में विनय कुमार पर 31644, मो मुर्शिद पर 21735, अबधेश कुमार पर 15882, रंजीत कुमार पर 13143, तयाब हुसैन पर 57506, जनार्दन प्रसाद पर 45067, मो शौकत पर 21735, हीरा कुमार पर 12192, अंजू देवी पर 23051, प्रमिला देवी पर 12363, बृजनन्दन सिंह पर 33743, सुरेश यादव पर 134963, गुलशन खातून पर 69231, मुस्तफा अंसारी पर 66860, नूरा खातून पर 90635, हसन अंसारी पर 58198, शशि कुमार पर 22921, सुनील प्रसाद पर 15361, कौशल कुमार पर 20213 एवं कौशलेन्द्र कुमार पर 92257 रू का आर्थिक जुमार्ना लगाते हुए संबंधित थाना में प्राथिमिकी दर्ज करवाया है। इस छापेमारी दल में कनीय विधुत अभियंता प्रदीप कुमार साह, आशीष कुमार, नवीन कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य विधुतकर्मी शामिल थे।

# जीविका के द्वारा आंतरिक साहयता टीम की समीक्षा बैठक आयोजित

गया, प्रात : किरण संवाददाता



सामुदयिक संगठनों की दीदियों के माध्यम से से सामुदयिक संगठन को ठीक किया जा सकता है उक्त बातें जिला परियोजना प्रबंधक मुकेश कुमार सासमल ने आंतरिकसहायता टीम की समीक्षा बैठक में जिला संभागीय प्रबंधकों एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधकों से कही।

जीविका आने वाले सामुदायिक संगठनों वर्तमान स्थिति की समीक्षा के उदेश्य से हाल ही में गया के आठ प्रखंडों आमस, इमामगंज,बांके बाजार, गुरुआ, शेरघाटी, डोभी, बाराचट्टी एवं डुमरिया में आंतरिक सहायता टीम भेजी गई थी। इस टीम ने जीविका अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वयं सहयता समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल संघ में जाकर इनकी वर्तमान स्थिति को समझने का प्रयास किया। सामुदायिक संगठों के विषय में कई जानकारी पता लगी हैं। कई समहू का लेखांकन एवं रीपेमेंट बेहतर पाया गया, पर कहीं सुधर की आवश्यकता भी महसूस हुई है। इसमें सामुदायिक बैठकों का आयोजन, लोन रेपीमेंट, लीडर रोटेसन आदि जैसे विषय में सुधार की आवश्यकता महसूस की गई है। लोन वापसी को ध्यान में रख लगतार प्रशिक्षण एवं मॉनिटरिंग की आवश्यकता महसूस की गई है।इस बैठक में कम से कम प्रति एक हजार पर पचास रुपया की वापसी हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिन समूह में बुक्स ऑफ रिकॉर्ड नहीं वहाँ के खरीदारी की जरुरत के लिए निर्देश दिए गए। जहाँ प्रशिक्षण की आवश्यकता है वहाँ इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा टीम सदस्यों से विभिन्न प्रखंड में किए जा रहे प्रयास की जानकारी ली गई है। सभी प्रबंधकों ने बैठक में अपने-अपने विचार रखे है। सभी ने स्वयं सहयता समूह एवं ग्राम संगठनों का पुनः क्षमतावर्धन की आवश्यकता महसूस की है। जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा करने हुए जीविका दीदियों को जीविकोपार्जन से जोड़ते हुए आमदनी बढ़ने के लिए विभिन्न प्रयास करने की दिशा में कार्य करने को कहा गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में अधूरे बने घरों का निर्माण पूरा करने के लिए कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा गया है। राशनकार्ड, नल जल, सामाजिक सुरक्षा योजना एवं बीमा से जुड़ाव, प्रधानमंत्री आवास योजना, टॉयलेट आदि में कन्वर्जेन्स की स्थिति के विषय मे भी कार्य कराने को कहा गया।

# डीसीएम ट्रक से 439 पेटी शराब बरामद, ड्राइवर व खलासी फरार

दुर्गावती( कैमूर), प्रात :किरण



सोमवार की मध्यरात्रि लगभग 12:00 बजे गस्ती के दौरान निकली दुर्गावती पुलिस ने भारी मात्रा में एक डीसीएम ट्रक से शराब बरामद की। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त कर रही थी तभी अज्ञात सूत्रों से पता चला कि भेरिया के बंद पड़े राइस मिल में शराब ट्रक से उतारा जा रहा है।

सूचना मिलने पर दुर्गावती पुलिस तुरंत हरकत में आई और राष्ट्रीय मार्ग संख्या दो से कुल हरिया के पास सीमेंट फैक्ट्री रोड से होते हुए मिल परिसर में जा धमकी जहां बंद पड़े राइस मिल में शराब उतारा जा रहा था। पुलिस आने की आहट लगता है धंधे वालों को लगी जहां से धंधेबाज सहित ट्रक ड्राइवर खलासी और पोलदार भाग निकले ।जहां से थाना अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने पुलिस को ट्रक से उतारे गए कुछ शराब को पुनः गाड़ी में लोड करने का आदेश दिया साथ में तैनात पुलिस बल अपने हाथ से ही शराब को गाड़ी पर लादा।

राइस मिल में उतारे जा रहे शराब स्थल से पुलिस ने 3 खड़ी बाइक को जप्त कर थाने पुलिस ने थाने में साथ लाई। गिनती के बाद कुल डीसीएम ट्रक नंबर यूपी 25 डीटी 4780 ट्रक से कूल 439 पेटी शराब कूल लीटर 3899 पॉइंट 16 लीटर हरियाणवी मेड इन का लेबल लगे व्हिस्की 750ml, 375ml एवं 180ml की बरामद की गई।

# आजादी के अमृत महोत्सव में 'आजादी की रेल गाड़ी और स्टेशन' के तहत कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



वर्तमान में राष्ट्र स्वतंत्रता के गौरवशाली 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के त्याग और बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय रेल में 18 से 23 जुलाई तक आइकानिक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत स्वतंत्रता संग्राम से संबद्ध स्टेशनों पर आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन अभियान के दूसरे दिन आज 19 जुलाई 2022 मंगलवार को धनबाद मंडल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12311 हावड़ा-कालका मेल को स्पॉट लाइटिंग कर एवं विशेष रूप से सजा संवार कर रात्रि 2.24 बजे विशेष आयोजित कार्यक्रम में झंडी दिखाकर परिचालित कर ऐतिहासिक क्षण को पुनर्जीवित किया गया।

इसके साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो स्टेशन पर वीडियो फिल्म, स्काउट एंड गाइड द्वारा स्थानीय भाषा में राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा केंद्रीय विद्यालय के बच्चों एवं रेल कर्मचारियों के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी तरह समस्तीपुर मंडल के बापूधाम मोतिहारी स्टेशन के समीप आज सुबह स्काउट एंड गाइड तथा स्थानीय विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके उपरांत दोपहर को बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित एक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर देश प्रेम से ओतप्रोत एक नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सोनपुर मंडल के खुदीराम बोस पूसा स्टेशन पर स्थानीय विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति के नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई एवं आरपीएफ कर्मियों द्वारा अपने बैंड की प्रस्तुति की गई । आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन अभियान के दूसरे दिन आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर मंडल के स्काउट एवं गाइड की टीम द्वारा देश प्रेम से ओतप्रोत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांधीजी द्वारा सत्याग्रह, जलियांवाला बाग तथा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी आदि स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं का प्रेरक चित्रण किया गया। दानापुर मंडल में आइकानिक सप्ताह के दूसरे दिन पटना जंक्शन के पास प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। साथ ही मंडल सांस्कृतिक टीम द्वारा पटना जं. पर देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गयी। इसके साथ ही आरा जंक्शन पर दानापुर मंडल की सांस्कृतिक टीम द्वारा देशभक्ति से जुडे नुक्कड नाटक का प्रस्तुत किया गया। स्टेशनों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान रेल अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में यात्री आम नागरिक उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को प्राधिकार के सचिव ने की बैठक

**जहानाबाद ।** आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठकों का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। अधिक से अधिक मामलों के निपटारे को लेकर जिले के प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को जिला विधिक सेवा सदन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों से जुड़े हुए मामलों के अधिक से अधिक निपटारे को लेकर सहयोग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया ताकि पक्षकारों को सूचना देकर अधिक से अधिक मामलों के निपटारे को लेकर उन्हें प्रेरित किया जा सके। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला पंचायत पदाधिकारी संजय कुमार, विद्युत बोर्ड के कार्यपालक अभियंता महेश कुमार, बीएसएनएल के कार्यपालक अभियंता अमरनाथ चौधरी, माप तौल पदाधिकारी पवन कुमार, श्रमअधीक्षक पंकज कुमार उपस्थित थे।

# प्रियांशु कुमार ने जेईई-मेन प्रथम परीक्षा में 99.25% नंबर लाकर रचा इतिहास

चांद( कैमूर), प्रात : किरण



- ग्रामीण परिवेश में बढा पला प्रियांशु कुमार ने चांद का गौरव बढ़ाया

प्रखंड के अइलाय गांव में किसान परिवार से जुड़ा प्रियांशु कुमार ने जेईई-मेन प्रथम परीक्षा में 99.25% मार्क्स लाकर इतिहास रच दिया है।18 वर्षीय प्रियांशु कुमार ने जेईई-मेन प्रथम परीक्षा में उच्चतम नंबर लाने के माता-पिता गदगद है। वहीं अइलाय गांव में खुशी की लहर है। प्रखंड के समाजसेवी पंचायत प्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने प्रियांशु कुमार की सफलता पर बधाई दी है।

दो एकड़ भूमि पर खेती करने वाले प्रियांशु कुमार के पिता प्रमोद सिंह माता सरिता सिंह ने अभाव के बाद भी अपने एकलौता बेटा को पढाना जारी रखा। जानकारी देते हुए पिता प्रमोद सिंह ने शुरूआत में मानव भारती विद्यालय चांद से पढ़ाई शुरू करने वाले प्रियांशु कुमार ने कक्षा तीन के बाद बनारस शिक्षा ग्रहण किया।अतुलानंद स्कुल बनारस से सीबीएसई बोर्ड में 95.04 नंबर से उत्तीर्ण होने के बाद इंटरमीडिएट में नामांकन दाखिला लेने के बाद तैयारी शुरू कर दी। पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से कोचिंग क्लास की फीस देना मुश्किल हो रहा था। प्रियांशु कुमार ने कैटजी कोचिंग संस्थान बनारस में स्कालरशिप की राशि से कोचिंग की फीस भरी।दो साल से तैयारी में लगा प्रियांशु कुमार ने 11 जुलाई 2022 के दिन जेईई-मेन प्रथम परीक्षा परिणाम आया तो प्रियांशु कुमार ने 99.25 प्रतिशत नंबर आया। प्रियांशु कुमार की इस सफलता पर परिजनों में खुशी की लहर है। वहीं बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पंचायत समिति सदस्य दाउ सिंह किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर अर्जुन सिंह मुखिया प्रतिनिधि अभय कुमार सिंह मुखिया प्रतिनिधि बबलू सिंह पुर्व जिला परिषद सदस्य चंचल मिश्रा जिला परिषद प्रत्याशी रहे आलोक सिंह ने प्रियांशु कुमार के सफलता पर हार्दिक बधाई दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### हंसराज कॉलेज 26 जुलाई को मनाएगा स्थापना का अमृत महोत्सव

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज 26 जुलाई को अपनी स्थापना का 75वां वर्ष मनाने जा रहा है। 75वें वर्ष की शुरुआत 26 जुलाई से होने जा रही है। मंगलवार को कॉलेज में हुई प्रेसवार्ता में कॉलेज प्रिंसिपल ने छात्रों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. रमा ने कहा कि हम इस कॉलेज में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों का ग्रुप बीमा कराने जा रहे हैं। इसके अलावा स्थापना के 75वें वर्ष पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट की दिशा में कई कार्य होने साथ कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही इस वर्ष अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन भी प्रस्तावित है जिनमें राष्ट्रीय एकता समागम, राष्ट्रीय खेल समागम, पुस्तक मेला, भारतीय भाषा सम्मेलन आदि का आयोजन शामिल हैं। इस वर्ष कॉलेज में एक आकर्षक आर्ट गैलरी का निर्माण भी किया जाएगा तथा कॉलेज की 75 वर्षों की यात्रा से सम्बंधित एक विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। अकादमिक, खेल एवं अन्य पाठ्येतर गतिविधियों की अलग-अलग श्रेणी में महात्मा हंसराज प्लेटिनम जुबिली छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस वर्ष ज्ञान के विस्तार के लिए ह्ज्ञान सेतु परियोजना के तहत सुदूर क्षेत्रों के कुछ कॉलेजों की गुणवत्ता में सुधार एवं मार्गदर्शन के लिए चुना जाएगा एवं उनका सहयोग किया जाएगा। उपराष्ट्रपति होंगे मुख्य अतिथिः समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि होंगे। बता दें कि कॉलेज की स्थापना 26 जुलाई 1948 को डी.ए.वी. द्वारा की गई थी और इसके वर्तमान परिसर का उद्घाटन देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था। कॉलेज प्रिंसिपल ने बताया कि स्थापना के इस अमृत वर्ष में कॉलेज परिसर में महात्मा हंसराज की मूर्ति की स्थापना के साथ ही अनेक कार्यों, कार्यक्रमों एवं शैक्षिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष भर महात्मा हंसराज स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा तथा पर्यारण, महिला विकास, मानव संसाधन विकास, वेलनेस और रिहैबिलिटेशन जैसे विषयों पर कॉलेज में नए केन्द्रों की स्थापना की जाएगी।

### उधार के 500 रुपये मांगने पर युवक की चाकू घोपकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर में उधार के 500 रुपये मांगने पर एक युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने शराब पीने के लिए मृतक 35 वर्षीय जावेद से रुपये लिए थे। मृतक ने उससे रुपये मांगे तो वह भड़क गया और चाकू घोपकर हत्या कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी उबेद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मृतक जावेद परिवार के साथ कर्दमपुरी इलाके में रहता था। परिवार में पिता अब्दुल गफ्फार, भाई परवेज, दो बहनें, पत्नी निगत, बेटी और बेटा है। जावेद मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार इलाके में रहने वाला आरोपी उबेद शराब पीने के लिए जावेद से रुपये मांगता रहता था। उसने जावेद से 500 रुपये लिए थे। 15 जुलाई की रात जावेद खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहा था। तभी रास्ते में उसे उबेद मिल गया। जावेद ने उससे अपने 500 रुपए मांगे तो वह भड़क गया और पेट में चाकू घोप दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया।

# पर्यावरण विभाग द्वारा की जा रही है आवेदकों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया : गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में पर्यावरण मित्र के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ाया जाएगा- गोपाल राय
- अबतक 3500 लोगो ने पर्यावरण मित्र बनने के लिए इच्छा जाहिर की - गोपाल राय

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मित्र को लेकर पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में दिल्ली के नागरिकों के लिए शुरू किए गए पर्यावरण मित्र अभियान की चल रही चयन प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार की तरफ से दिल्ली के अंदर प्रदूषण के खिलाफ कई अभियान सफलतापूर्वक चल रहे हैं। प्रदूषण के खिलाफ चल रहे अभियान में दिल्ली के नागरिक कैसे युद्ध, प्रदूषण के विरुद्ध सरकार के सहयोगी और साथी बन सकते हैं, इसके लिए पर्यावरण मित्र की शुरूआत 7 जुलाई को की गई पर्यावरण मित्र लांच करने का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के लोगों का एक नेटवर्क बनाने से है जिनके पास पर्यावरण सम्बन्धी जागरूकता, ज्ञान और अपने स्वयं के क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता है श्री गोपाल राय ने बताया की पर्यावरण विभाग द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार अबतक करीबन 3500 लोगो ने पर्यावरण मित्र बनने के लिए जारी किए गए टोल फ्री नंबर 8448441758 पर मिस्ड कॉल दी है` जिसके पहले चरण की स्क्रीनिंग का कार्य भी विभाग द्वारा शुरू किया जा चूका है

-पर्यावरण मित्र बनने के लिए टोल फ्री नम्बर 8448441758 पर मिस कॉल दे

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पर्यावरण मित्र दिल्ली के लाखो नागरिको के लिए मौका हैं कि वह कैसे प्रदूषण की लड़ाई में सहयोगी और साथी बन सकते है इस पहल से युवाओं के साथ वरिष्ठ व्यक्ति भी जुड़ सकते हैं। पर्यावरण मित्र बनने के लिए दिल्ली का कोई भी नागरिक टोल फ्री नम्बर 8448441758 पर मिस कॉल करके पर्यावरण मित्र बनने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है मिस कॉल करने के बाद काफी सरल तरीके से व्हाट्सप्प पर 3-4 सवालों का रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा, फिर उनको पर्यावरण विभाग की तरफ से संपर्क किया जायेगा

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ चल रही सरकार की मुहीम को गति देने के लिए जन भागीदारी का होना बेहद जरूरी है और हम आशा करते है की जैसे अबतक दिल्लीवासियों ने पर्यावरण मित्र बनने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है उसी तरह उसी तरह प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में भी दिल्लीवाले सहयोगी बनेंगे।

# डीसीडब्ल्यू ने सफदरजंग अस्पताल को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सफदरजंग अस्पताल के बाहर एक महिला के प्रसव के वीडियो का कड़ा संज्ञान लेते हुए इस मामले में अस्पताल को नोटिस जारी किया है और कथित तौर पर महिला को भर्ती न करने पर अस्पताल से जवाब मांगा है। डीसीडब्ल्यू को सफदरजंग अस्पताल के परिसर में महिला की पीड़ा को दिखाता हुआ एक वीडियो प्राप्त हुआ और मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए डीसीडब्ल्यू ने तुरंत ही अस्पताल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

उक्त वीडियो में गर्भवती महिला को महिलाओं से घिरा देखा जा सकता है जो उसके प्रसव में उसकी सहायता कर रही हैं। साथ ही वीडियो में एक महिला को सुना जा सकता है जो अस्पताल पर भर्ती न करने का आरोप लगा रही है कि गर्भवती महिला पूरी रात अस्पताल के बाहर बैठी रही लेकिन अस्पताल ने न ही दाखिला दिया और न डॉक्टरों ने कोई मदद की।

डीसीडब्ल्यू ने सफदरजंग अस्पताल को नोटिस जारी कर अस्पताल से घटना के संबंध में एक विस्तृत जांच रिपोर्ट देने को कहा है। डीसीडब्ल्यू ने अस्पताल से महिला की हालत गंभीर होने के बावजूद भी उसे भर्ती देने से इनकार करने के बारे में भी कारण बताने को कहा है, जिस कारण अंततः मजबूरन उसे अस्पताल की इमारत के बाहर ही बच्चे को जन्म देना पड़ा।

डीसीडब्ल्यू ने इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों और उनके खिलाफ अस्पताल द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण भी मांगा है। इसके अलावा, डीसीडब्ल्यू ने अस्पताल से ये भी बताने को कहा है कि क्या अस्पताल के किसी कर्मचारी या डॉक्टर ने अस्पताल की इमारत के बाहर महिला की डिलीवरी में मदद की या नहीं। इसके साथ ही डीसीडब्ल्यू ने आपातकालीन मामलों में अस्पताल द्वारा अपनाए जाने वाले प्रोटोकॉल के संबंध में जानकारी 25 जुलाई तक मांगी है।

डीसीडब्ल्यू की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कहा, ह्जब प्रतिष्ठित सरकारी अस्पताल भी गंभीर रोगियों को भर्ती और इलाज देने से इनकार करते हैं तो सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में आम लोगों का विश्वास कमजोर पड़ता है। मैंने सफदरजंग अस्पताल को नोटिस जारी कर अस्पताल से मामले में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए कहा है। यह बहुत ही शर्मनाक घटना है और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ निश्चित तौर पर कार्रवाई की जानी चाहिए और स्थिति को सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं दुबारा सामने ना आएं।

## हरियाणा में सरेआम डीएसपी की हत्या पूरे सरकारी तंत्र की नाकामी का नतीजा : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार कहा कि हरियाणा में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की हत्या राज्य में समूचे सरकारी तंत्र की नाकामी का नतीजा है। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा के नूंह जिले में अवैध पत्थर खनन की जांच कर रहे डीएसपी सुरेंद्र सिंह को मंगलवार को उस समय एक ट्रक चालक ने कुचल दिया जब उन्होंने उसे रुकने का इशारा किया। केजरीवाल ने ट्वीट किया, बेहद दुखद। हरियाणा में पुलिस अधिकारी की यूं सरेआम हत्या हरियाणा के पूरे सरकारी सिस्टम की नाकामी का ही नतीजा है। जहां पुलिस ही सुरक्षित नहीं वहां जनता सुरक्षित कैसे होगी? उन्होंने कहा, शहीद पुलिस अधिकारी की आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस दुख की घड़ी में हिम्मत दें। अधिकारियों के मुताबिक, डीएसपी के चालक और सुरक्षाकर्मी ने सड़क के किनारे कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन सुरेंद्र सिंह ट्रक की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि सिंह को फौरन पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार में रविवार रात एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। इसमें स्कूटी सवार गिरीराज और उनकी बुआ के बेटे भाई ज्ञान प्रकाश घायल हो गए। दोनों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार देर रात गिरीराज की मौत हो गई। जबकि ज्ञान प्रकाश का उपचार चल रहा है। पुलिस केस दर्ज कर कार चालक की तलाश कर रही है। मृतक गिरीराज परिवार के साथ हर्ष विहार इलाके में रहते थे। परिवार में पिता जगदीश, मां, पत्नी और दो बेटे हैं। उनका कंप्यूटर का काम था। उनके घर में बुआ का बेटा ज्ञान प्रकाश भी रहता है। रविवार को गिरीराज अपनी बुआ के बेटे ज्ञान प्रकाश के साथ स्कूटी से बैंक कॉलोनी में खरीदारी करने गए थे। इस दौरान जेल रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गए।

# कार का हॉर्न तेज बजाने पर कर दी युवक की हत्या

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दक्षिण जिले के साकेत इलाके में गाड़ी पार्क करने के दौरान वहां खड़े युवकों को हटाने के लिए तेज हॉर्न बजाना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हो गया। उसकी ईंट और पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना 16 जुलाई की देर रात 02 बजे की है। अगले दिन 17 जुलाई को पुलिस को मृतक युवक के बारे में अस्पताल से सूचना मिली।

दक्षिण जिले के डीसीपी बेनिता मेरी जैकर ने मंगलवार को बताया कि 16 जुलाई की देर रात 2:53 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक युवक मेट्रो स्टेशन के गेट संख्या-2 के पास खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ है। उसके मुंह से खून निकल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को घटना स्थल पर कोई नहीं मिला। बाद में सफदरजंग अस्पताल से रोहित नाम के उस व्यक्ति के मौत के बारे में 17 जुलाई को पता चला। इस मामले की जब पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि 16 जुलाई की देर रात लगभग 1:30 बजे रोहित का वहां पर किसी से झगड़ा हुआ था। जब वह अपने दोस्त राहुल यादव के साथ निकला था। राहुल यादव ने पुलिस को बताया की वह सौदुलाजाब का रहने वाला है। वह अपने दोस्त आशू यादव, अमित जैन और रोहित के साथ गाड़ी में मौजूद था। रात करीब डेढ़ बजे कार से जब साकेत मेट्रो स्टेशन के गेट संख्या-2 के पास पहुंचे तो वहीं पास में 5-6 लड़के बाहर खड़े हुए थे। उसी दौरान रोहित का पार्किंग को लेकर उन लड़कों से झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि उन लड़कों ने रोहित पर ईंट और पत्थर से बुरी तरह हमला कर दिया। वहां से सभी फरार हो गए, गंभीर घायल रोहित को सफदरजंग अस्पताल ले जा गया, जहां बाद में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राहुल के बयान पर एवं अस्पताल से मिली एमएलसी रिपोर्ट के आधार पर हत्या सहित अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया। जांच के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई। पुलिस टीम ने करीब 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की जांच की और आखिरकार इस मामले में पुलिस को सुराग मिल गया। पुलिस ने उक्त मामले में प्रियांशु (22) को पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह पांच दोस्तों के साथ गेट संख्या-2 मेट्रो स्टेशन के पास रात में खड़ा था। उसी दौरान एक कार में सवार 4 लोग वहां पर पहुंचे। उन्होंने वहां पर गाड़ी पार्क करने की बात कही, जहां पर वह लोग खड़े थे। जब उन्होंने कहा कि वे ऑलरेडी वहां पर खड़े हैं, तो ड्राइविंग सीट पर बैठा शख्स तेज-तेज हॉर्न बजाने लगा। फिर उसी को लेकर रोहित और प्रियांशु के साथियों के बीच में बहस शुरू हो गई। बात आगे तक पहुंच गई, गुस्से में आकर फिर उन्होंने ईंट और पत्थर से रोहित के ऊपर हमला कर दिया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी और फिर वहां से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस उक्त मामले में और फरार आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

# बिना वैलिड वीजा के रह रहे नाईजीरियन को किया डिपोर्ट



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

द्वारका जिले के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉयड (एएटीएस) ने दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के खिलाफ चलाये गए अभियान के तहत एक नाईजीरियन को पकड़ा है। इसकी पहचान एनीरिबे कालेब अजगबा (36) के रूप में हुई है। यह नाइजीरिया का रहने वाला है। द्वारका जिले के डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने मंगलवार को बताया कि जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों की पकड़ के लिए एसीपी ऑपरेशन राम अवतार और एएटीएस के इंचार्ज कमलेश कुमार की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने मुखबीर और सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर अफ्रीकी नागरिक से पूछताछ के दौरान वैलिड वीजा और पासपोर्ट की मांग की। लेकिन वो भारत मे रहने के लिए कोई वैलिड डाक्यूमेंट्स नहीं दे पाया। इसका वीजा समाप्त हो चुका था। ओवर स्टेइंग को ले कर भी वो कोई सपोर्टिव डाक्यूमेंट्स नहीं दे पाया। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए उसे एफआरआरओ के समक्ष पेश किया। जहां से डिपोर्ट करने के लिए उसे डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है।

# सफदरजंग अस्पताल के बाहर महिला ने बच्चे को दिया जन्म, दुपट्टों का पर्दा बनाकर कराया प्रसव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- वह दादरी से सोमवार रात करीब आठ बजे सफदरजंग अस्पताल पहुंची थीं लेकिन उन्हें भर्ती नहीं लिया गया

राजधानी दिल्ली में एक गर्भवती महिला सफदरजंग अस्पताल के बाहर बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर हुई। महिला 12 घंटे से अधिक समय तक अस्पताल में पड़ी रही। वह प्रसव पीड़ा से चिखती रही। लेकिन डाक्टरों ने अस्पताल में भर्ती नहीं लिया। प्रसव के बाद बच्चे को अस्पताल ले गई नर्स

इस वजह से मंगलवार सुबह करीब पौने दस बजे गर्भवती महिला का अस्पताल के परिसर में गायनी विभाग के बाहर सड़क पर ही प्रसव हो गया। इसके बाद एक नर्स घटनास्थल पर पहुंची और बच्चे को उठाकर अस्पताल के अंदर ले गई। फिलहाल बच्चे को नर्सरी में भर्ती किया गया है।

दिल्ली महिला आयोग ने नोटिस देकर जवाब मांगा

इस मामले पर दिल्ली महिला आयोग ने संज्ञान लिया है और सफदरजंग अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। गर्भवती महिला उत्तर प्रदेश के दादरी की रहने वाली हैं। वह दादरी से सोमवार रात करीब आठ बजे सफदरजंग अस्पताल पहुंची थीं लेकिन उन्हें भर्ती नहीं लिया गया।

परिजनों ने अस्पताल परिसर पर लगाए आरोप

परिजनों का कहना है कि डाक्टरों ने यह कहकर अस्पताल में भर्ती लेने से मना कर दिया है कि पीड़िता को प्रसव पीड़ा नहीं हो रहा है। इस वजह से वह अस्पताल में ही पड़ी रही। लेकिन मंगलवार सुबह उसकी हालत ज्यादा खराब हो गई। महिला ने दुपट्टों का पर्दा बनाकर कराया प्रसव

प्रसव पीड़ा बढ़ने पर अस्पताल परिसर में मौजूद महिलाओं ने उसकी मदद की और दुपट्टों से पर्दा बनाकर प्रसव कराने में मदद की। जिस जगह बच्चे का जन्म हुआ वहां डस्टबिन रखा हुआ था। इस पूरे मामले पर सफदरजंग अस्पताल प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है।

## पत्नी-बच्चे को भरण-पोषण से वंचित करना मानवीय दृष्टिकोण से सबसे बड़ा अपराध

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

अलग रहने वाली पत्नी और बच्चे को भरण-पोषण से वंचित किए जाने को उच्च न्यायालय ने मानवीय दृष्टिकोण से सबसे बड़ा अपराध बताया है। न्यायालय ने परिवार अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है।

परिवार अदालत ने व्यक्ति को अलग रह रही पत्नी और बच्चे को भरण-पोषण के लिए हर माह 20 हजार रुपये गुजाराभत्ता देने का आदेश दिया था। जस्टिस आशा मेनन ने अपने फैसले में कहा है कि अहंकार का टकराव सहित कई कारणों से वैवाहिक संबंध समाप्त हो सकते हैं। जब एक पति या पत्नी द्वारा दूसरे के खिलाफ मुकदमा दायर किया जाता है तो उनके रवैये में बदलाव होता है। यह टिप्पणी करते हुए उच्च न्यायालय ने परिवार अदालत के फैसले के खिलाफ पति की अपील को खारिज कर दिया। साथ ही, उस पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। परिवार अदालत ने पति को वैवाहिक विवाद का निपटारा होने तक हर माह 20 हजार रुपये अलग रह रही पत्नी और बच्चे के लिए गुजाराभत्ता देने का आदेश दिया था।

# पत्थर, ईंटों से मारकर व्यक्ति की हत्या, गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के पास पार्किंग को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने कथित तौर पर पत्थर और ईंटों से वार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान रोहित के रूप में हुई है और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) बेनिता मैरी जयकर ने कहा कि 16 जुलाई को पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के पास फोन आया था कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास पड़ा है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में दिन में पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि व्यक्ति की मौत हो गई है।

डीसीपी जयकर के मुताबिक, रोहित अपने तीन दोस्तों-राहुल यादव, आशु यादव और अमित जैन के साथ कार में सवार था और मेट्रो स्टेशन के पास वाहन खड़ा करना चाहता था। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर वह कार पार्क करना चाहता था, वहां पांच-छह लड़के खड़े थे। जयकर के अनुसार, पार्किंग को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान मेट्रो स्टेशन के पास खड़े लोगों ने रोहित पर ईंटों और पत्थरों से वार किया।

डीसीपी के मुताबिक, राहुल के बयान के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या), 308 (गैर-इरादतन हत्या का प्रयास) और 34 (साझा इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अलग-अलग टीम का गठन किया और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले, जिससे एक आरोपी सैदुलाजाब निवासी प्रियांशु (22) की पहचान हुई। जयकर के अनुसार, पूछताछ करने पर आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपने पांच दोस्तों के साथ साकेत मेट्रो स्टेशन के गेट के पास खड़ा था, तभी रोहित सहित चार लोग एक कार में आए। वे अपना वाहन उसी स्थान पर खड़ा करना चाहते थे, जहां वे खड़े थे। अधिकारी ने कहा, कार के चालक ने हॉर्न बजाया, लेकिन आरोपी वहां से नहीं हटे। दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान दो आरोपियों ने रोहित के सिर पर ईंटों और पत्थरों से प्रहार किया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। हमले में रोहित बुरी तरह से जख्मी हो गया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# जब से भाजपा आई है बेरोजगार और जनता पर पड़ रही है कमरतोड़ महंगाई की मार: श्रीनिवास बी वी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता





भारतीय युवा कांग्रेस ने आज देश भर में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के विरुद्ध केंद्र सरकार के खिलाफ संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सावन के पहले सोमवार पर सरकार ने बहुत बड़ा गिफ्ट दिया है, कई खाद्य सामग्रियों पर की दरें बढ़ा दी। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि गब्बर सिंह टैक्स का प्रहार से जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है। दही, पनीर, लस्सी जैसे उत्पादों पर भी टैक्स वसूली कर मोदी सरकार ने बता दिया- उसका लक्ष्य सिर्फ लूट है, राहत पहुंचाना नहीं। न खाऊंगा, न खाने दूंगा, फिर वो चाहे हो गेहूं और चावल, चाहे हो अन्य अनाज। मोदी सरकार द्वारा 5% जीएसटी लगाने का फैसला लूटनीति का हिस्सा है।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है लूटो और राज करो फिर वो चाहे शवदाह गृह के लिए जारी होने वाली संविदा हो, चाहे वो सोलर वाटर हीटर हो, स्टेशनरी समान हो, अस्पताल के कमरे हो, एलईडी बल्ब हो, या फिर बैंक चेक हो सब पर बढ़ा दिया गया है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा की देश में बेरोजगारी से पहले से ही जनता और देश के युवा त्रस्त है और उसके ऊपर ये बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमरतोड़ दी है। जनता को यह बात समझ नहीं आ रही है कि सरकार उन्हें किस बात की सजा दे रही है। उन्होंने यह मांग की केंद्र सरकार गब्बर सिंह टैक्स का प्रहार जनता पर बंद करे और जल्द से जल्द नीतियों में सुधार कर जनता को राहत पहुंचाने का कार्य करे, वरना आने वाले दिनों में हम इस ही प्रकार सड़क से लेके संसद तक जनता के आवाज उठाते रहेंगे। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी और एआईसीसी सह सचिव श्री कृष्णा अल्लावारू जी ने कहा कि महंगाई को हराने की बात करने वाले पीएम मोदी का महंगाई प्रेम, आज जगजाहिर है। महंगाई के प्रति इनकी गलत नीतियों की वजह से ही आज अमीर और अमीर हो गए हैं और गरीब और गरीब। उन्होंने केंद्र सरकार से यह मांग कि प्रधानमंत्री देश के लोगो के लोगो का दर्द समझे, बेरोजगारी से आज जनता त्रस्त है, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड दी है। भारतीय युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष राहुल राव ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकताओं को दिल्ली पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर रोका गया, और कई महिला कार्यकताओं के साथ जबरदस्ती की गई। जनता के हितों की रक्षा करना, सरकार का कर्तव्य होता है। कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए लोगों को हर प्रकार की तकलीफ से बचाना ही सरकार का धर्म है। लेकिन अफसोस, मोदी सरकार इसमें पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है।

## ब्लू लाइन मेट्रो पर सिग्नल खराब, दिन भर स्लो चलेगी ट्रेनें

नई दिल्ली। वैशाली/नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी की ओर जाने वाली डाउन लाइन के इस सेक्शन पर केबल चोरी होने की वजह से ब्लू लाइन के इंद्रप्रस्थ और यमुना बैंक स्टेशनों के बीच सुबह से ट्रेन सेवाएं प्रभावित हैं। दिल्ली मेट्रो के मुताबिक इसकी मरम्मत देर शाम को ही सम्भव है इसलिए ट्रेनें पुरे दिन मैन्युअल चलेंगी। केबल चोरी के कारण इस सेक्शन में ट्रैक सर्किट ड्रॉप (सिग्नलिंग समस्या) हुई है, जिससे ट्रेनों को केवल 25 किमी प्रति घंटे की सीमित गति के साथ मैनुअल मोड में चलाया जा रहा है। इस वजह से इन दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेनों के पीछे ट्रेनें लगी हुई हैं। मेट्रो के कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा कि राजस्व सेवाओं के बंद होने के बाद 19 जुलाई, 2022 को रात के समय ही इस सेक्शन पर बहाली का काम पूरा किया जाएगा, क्योंकि चोरी के सटीक स्थान की पहचान करने के लिए ट्रैक पर तीन घंटे से ज्यादा समय लगेगा।

# गाजीपुर कचरा स्थल पर पिछले साल आग की तीन घटनाएं घटीं : सरकार



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- 2017-18 से लेकर अब तक इस तरह की घटनाओं में कमी आई है

सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि दिल्ली स्थित गाजीपुर लैंडफिल में पिछले वित्त वर्ष में आग लगने की 3 घटनाएं घटीं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में गौरव गोगोई के प्रश्न के लिखित उत्तर में इस संबंध में आंकड़े पेश किये जिनके मुताबिक 2017-18 से लेकर अब तक इस तरह की घटनाओं में कमी आई है।

राय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा उपलब्ध कराई गयी जानकारी के अनुसार कचरा डालने का स्थल (एसएलएफ), गाजीपुर में 2017-18 में आग लगने की 31 घटनाएं सामने आईं। उन्होंने बताया कि 2018-19 में इस तरह की 18 घटनाएं, 2019-20 में 6 घटनाएं, 2020-21 में 6 घटनाएं और 2021-22 में 3 घटनाएं आग लगने की घटीं।

राय के उत्तर के अनुसार एमसीडी ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय पर्यावरण आभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईआरआरआई) ने एसएलएफ में आग लगने के संभावित कारणों का अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि इस अध्ययन में मौसमी परिवर्तनों के चलते विभिन्न प्रकार के कचरों पर उनकी जीर्णता के आधार पर आग लगने के खतरे का विश्लेषण किया गया है।

## पिता का दोस्त बनकर खाते से 50 हजार उड़ाए

नई दिल्ली। शाहदरा के कृष्णा नगर में रहने वाली एक युवती से ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती से उसके पिता का दोस्त बनकर 25 हजार रुपये भेजने का झांसा दिया। इसके बाद मोबाइल हैक कर पीड़िता के बैंक खाते से 50 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़िता ने पुलिस और बैंक पर मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। शाहदरा साइबर थाना पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता 27 वर्षीय वृंदा अरोड़ा परिवार के साथ कृष्णा नगर इलाके में रहती हैं। उन्होंने बताया कि चार अक्तूबर 2021 उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। उसने उनके पिता का दोस्त बताया। फिर उनके पिता के खाते में 25 हजार रुपये भेजने की बात कही और कहा कि उनके पिता फोन-पे नहीं चलाते हैं तो वह उसके खाते में रुपये भेज देता है। वह तैयार हो गई। इसके बाद लिंक भेजकर उनका मोबाइल हैक कर लिया और दो बार में 50 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़िता का आरोप है कि उसी दिन उन्होंने मामले की सूचना कृष्णा नगर थाना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जबकि आरोपी का नंबर चालू रहा। काफी मशक्कत करने पर आठ महीने बाद शाहदरा साइबर थाना पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर जांच शुरू की।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 20 जुलाई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### पैरोल अवधि में फरार हुआ 1984 दंगों का दोषी, गिरफ्तार

नई दिल्ली। 1984 के दंगों के दोषी और एक हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे 74 वर्षीय एक व्यक्ति को पैरोल अवधि के दौरान फरार होने के 6 साल बाद गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पी की पहचान दिल्ली के सागरपुर निवासी लाल बहादुर के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने कहा कि पैरोल जंपर्स के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है और फरार दोषी के बारे में इनपुट मिलते ही जेल-बेल सेल की एक टीम तुरंत कार्रवाई में जुट गई। पुलिस को सोमवार, 18 जुलाई को लाल बहादुर के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसे 1984 के एक हत्या और दंगा मामले में दोषी ठहराया गया था। डीसीपी ने कहा, यह पता चला है कि वह अपने रिश्तेदारों से मिलने डाबरी मोड़ आएगा। इसके बाद पुलिस टीम ने निर्धारित जगह पर जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान, दोषी बहादुर ने खुलासा किया कि उसे 2016 में दो सप्ताह की अवधि के लिए पैरोल मिली थी, लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया।

### पार्क में बैठे दो भाइयों समेत तीन से लूटपाट

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम में बदमाशों ने पार्क में बैठे दो भाइयों समेत तीन से लूटपाट की। विरोध करने पर उनकी पिटाई की और नकदी, मोबाइल लूटकर फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित 25 वर्षीय आनंद वेलकम के बाबरपुर इलाके में रहते हैं। वह राजमिस्त्री का काम करते हैं। रविवार को वह अपने भाई भूपेंद्र और साले प्रदीप के साथ तिकोना पार्क में बैठे हुए थे। तभी तीन बदमाश आए और उनसे 100 रुपये मांगने लगे। उन्होंने रुपये देने से मना कर दिया। इस पर तीनों बदमाश उनसे लूटपाट करने लगे। तीनों की जेब से मोबाइल और करीब नौ हजार रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर तीनों की पिटाई की। शोर सुनकर लोग उनकी तरफ दौड़े तो बदमाश भागने लगे, इतने में उन्होंने एक बदमाश को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी।

### पदोन्नति पाने वाले एसीपी को नहीं मिलेगी सरकारी गाड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को पदोन्नति दी है। सिपाहियों से लेकर इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों को पदोन्नति मिली है। हाल ही में 208 इंस्पेक्टरों को एसीपी की फंक्शनल रैंक दी गई है। एसीपी को सरकारी गाड़ी, ऑपरेटर एवं ड्राइवर मिलता है, लेकिन पदोन्नति पाने वाले इन एसीपी को गाड़ी और ड्राइवर की सुविधा नहीं मिलेगी। इसे लेकर पुलिस मुख्यालय से आर्डर जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस में प्रत्येक एसीपी रैंक के अधिकारी को सरकारी गाड़ी और ड्राइवर मुहैया कराया जाता है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने बीते कुछ महीनों में बड़ी संख्या में पदोन्नति दिल्ली पुलिस में दी हैं। वर्ष 2009 तक भर्ती हुए सब इंस्पेक्टरों को जहां पदोन्नति देकर इंस्पेक्टर बना दिया गया है तो वहीं वर्ष 1994 में भर्ती हुए कई सब इंस्पेक्टर एसीपी बनाए जा चुके हैं। बीते कुछ महीनों में उन्होंने दिल्ली पुलिस के 208 इंस्पेक्टरों को पदोन्नति देकर एसीपी बनाया है। ऐसे में उनकी नई पोस्टिंग की जगह पर उनके द्वारा गाड़ी और ड्राइवर की डिमांड की जा रही है। इसे लेकर कुछ डीसीपी की तरफ से पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखकर गाड़ियों की मांग की गई थी। इसे लेकर अब विशेष आयुक्त संजय बेनीवाल की तरफ से आदेश जारी किए गए हैं।

### चार मंजिला बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 12 लोगों को रेस्क्यू किया

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में एक चार मंजिला बिल्डिंग में भीषण आग लग गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग के पहली मंजिल पर बने फ्लैट में आग लगी थी। दमकलकर्मियों ने घटना के दौरान आग में फंसे 12 लोगों को रेस्क्यू किया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 3.34 बजे सूचना मिली कि न्यू अशोक नगर स्थित एक चार मंजिला बिल्डिंग में आग लगी है।

## एमसीडी की हरदयाल लाइब्रेरी की सचिव पूनम पाराशर कर्मचारियों पर करती हैं अत्याचार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि एमसीडी की हरदयाल लाइब्रेरी के कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। की सचिव पूनम पाराशर कर्मचारियों से घर के काम कराती हैं। मना करने पर ट्रांसफर व संसेंशन की धमकी देती हैं। कई महिला कर्मचारियों ने बताया है कि पूनम पाराशर के पति अनिल झा गलत व्यवहार करते हैं। उनके द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। कर्मचारियों को 18 महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है लेकिन पूनम पाराशर के बेटे के नाम पर लाइब्रेरी से 70 हजार का चेक जारी किया गया है। यह साफ भ्रष्टाचार है। पिछली बार इसी मुद्दे पर एलजी को पत्र लिख चर्चा के लिए समय मांगा था लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। आज सभी सबूतों के साथ फिर से एलजी साहब को पत्र लिखूंगा।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजेंद्र नगर से विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले हमने एक मुद्दा उठाया था कि हरदयाल लाइब्रेरी के कर्मचारियों को पिछले 18 महीनों से तनख्वाह नहीं मिल रही है। उसके बाद हमें ऐसी जानकारी मिली है, जो दिल्ली की जनता को बताना बहुत जरूरी है। हरदयाल लाइब्रेरी की सचिव पूनम पाराशर जी भाजपा की बहुत बड़ी नेता हैं। वह भाजपा की महिला विंग की अध्यक्ष भी रही हैं। वह भाजपा से किराड़ी के विधायक रहे अनिल झा की पत्नी भी हैं। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी की एक मैनेजमेंट कमेटी होती है जो लाइब्रेरी से संबंधित सारे फैसले लेती है। हाल ही इस मैनेजमेंट कमेटी का चुनाव हुआ था जिसका नोटिस 25 अप्रैल 2022 को जारी किया गया था। इसका फॉर्म 1-3 मई के बीच भरने की अनुमति थी। लेकिन 1 मई और 3 मई को छुट्टी होने के कारण लोगों को सिर्फ 2 मई को नामांकन भरने का समय मिला। 6 लोगों ने नामांकन भरा और वोटिंग के दिन 2 लोगों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। अन्य 4 लोगों ने निर्विरोध तरीके से मैनेजमेंट कमेटी का सदस्य चुना गया। चुने गए 4 लोगों में पूनम पाराशर के पति अनिल झा भी शामिल हैं। कुछ दस्तावेज पेश करते हुए दुर्गेश पाठक ने कहा कि क्या राजनीति की नैतिकता यह सिखाती है कि जिसकी पत्नी लाइब्रेरी की सचिव हो, उसे मैनेजमेंट कमेटी का चुनाव लड़ना चाहिए। दूसरा प्रश्न यह है कि जिस लाइब्रेरी के कर्मचारियों को पिछले 18 महीनों से तनख्वाह नहीं मिल रही है, वहीं पूनम पाराशर जी ने पुत्र आर्य देव को नौकरी पर रख लिया। पिछली बार जब इस मुद्दे पर हमने प्रेसवार्ता की थी तो पूनम पाराशर जी ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे को नौकरी पर नहीं रखा है। सच्चाई तो यह है कि आर्य देव के नाम पर अपॉइंटमेंट पत्र भी जारी किया गया और फिर उसके नाम पर लाइब्रेरी से चेक भी जारी किया गया। दोनों की कॉपी हमारी पास मौजूद हैं। यह भ्रष्टाचार नहीं है तो क्या है? लाइब्रेरी के कर्मचारियों की एक वीडियो दिखाते हुए दुर्गेश पाठक ने कहा कि इस वीडियो में लाइब्रेरी के कर्मचारी कह रहे हैं कि पूनम पाराशर जी के घर पर लाइब्रेरी की ब्रांच चल रही है, इसलिए वह सब वहीं काम करने जाते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें कंप्यूटर के काम के लिए पूनम पाराशर जी के घर पर बुलाया गया था। वहां जाकर पता चला कि घर पर जश्न का माहौल है। वहां उनसे कैटरिंग का काम कराया गया। इस प्रकार उनसे बार-बार घर के काम कराए जाते हैं। पूनम पाराशर जी यह भी कहती हैं कि यदि आपने छुट्टी की तो आपको नौकरी से निकाल दिया जाएगा। लाइब्रेरी की कर्मचारी पूनम देवी ने विजिटर पास दिखाते हुए कहा कि पूनम पाराशर जी ने मुझे अपने घर पर बरतन साफ करने, कपड़े धुलने और खाना बनाने के लिए बुलाया था। उनके पति का व्यवहार मेरी तरफ ठीक नहीं था इसलिए 8 दिनों के बाद मैंने काम करने से मना कर दिया।

## अदालत ने सबूतों से छेड़छाड़ मामले में अंसल बंधुओं को रिहा करने का आदेश दिया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को रियल एस्टेट कारोबारी सुशील और गोपाल अंसल को उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने की घटना के संबंध में सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में जेल में बिताई अवधि के आधार पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। वर्ष 1997 में उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई थी। एक मजिस्ट्रेट अदालत ने आठ नवंबर को अंसल बंधुओं को सात साल की जेल की सजा सुनाई थी और तब से वे जेल में थे। हालांकि, जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने पूर्व में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा सुशील और गोपाल अंसल दोनों पर लगाए गए 2.25 करोड़ रुपये के जुर्माने को बरकरार रखा। न्यायाधीश ने कहा, हम आपके साथ सहानुभूति रखते हैं (उपहार त्रासदी के पीड़ितों के संगठन की अध्यक्ष नीलम कृष्णमूर्ति)। कई लोगों की जान चली गई, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। लेकिन, आपको यह समझना चाहिए कि दंड नीति प्रतिशोध के बारे में नहीं है। हमें उनकी (अंसल बंधुओं) उम्र पर विचार करना होगा। आपने नुकसान झेला है, लेकिन उन्होंने भी नुकसान सहा है। अदालत ने सोमवार को अंसल बंधुओं और दो अन्य लोगों द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया, जिसमें मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उनकी दोषसिद्धि को चुनौती दी गई थी। आदेश सुनाए जाने के बाद, कृष्णमूर्ति ने न्यायाधीश से कहा कि यह आदेश नाइंसाफी है और उनका न्यायपालिका से विश्वास उठ गया है। पहली बार 20 जुलाई 2002 को सबूतों से छेड़छाड़ का पता चला और दिनेश चंद शर्मा के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई। उसे निलंबित कर दिया गया और 25 जून, 2004 से उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। उपहार सिनेमा में 13 जून, 1997 को फिल्म बॉर्डर के प्रदर्शन के दौरान आग लग गई थी, जिसमें 59 लोगों की जान चली गई थी।

## सीबीएसई जुलाई अंतिम हफ्ते में घोषित करेगा नतीजे

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 10वीं-12वीं कक्षा के रिजल्ट में देरी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। उन्होंने एक बयान में कहा कि बोर्ड का रिजल्ट देरी से जारी नहीं किया जा रहा बल्कि अपने समय पर जारी किया जा रहा है। सीबीएसई अधिकारियों ने उन्होंने बात की है। जुलाई के आखिरी हफ्ते में नतीजे घोषित कर दिया जाएगा। नवम्बर दिसम्बर में आयोजित कराई गई 10वीं-12वीं की टर्म-1 परीक्षा और अप्रैल, मई व जून में आयोजित कराई गई टर्म-2 परीक्षा के आधार पर ही बोर्ड नतीजे जारी करने की तैयारी कर रहा है। मालूम हो बोर्ड से इस वर्ष 10वीं कक्षा में 21 लाख से अधिक और 12वीं कक्षा में 14 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें 34 लाख के करीब छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी है।

## जागरूक



गाजियाबाद। पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस,उत्तर प्रदेश द्वारा लागू स्कीम नम्बर-2 के निर्देश पर अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में संचालित अभियान के तहत अग्निशमन इकाई जनपद गाजियाबाद की टीम ने जिले के दो दर्जन से अधिक स्कूलों व संस्थानों में पहुंच कर वहां लगे अग्निशमन यंत्रों की जांच की तथा स्कूली बच्चों, शिक्षकों आदि को मॉकड्रिल के जरिए अग्निशमन उपकरणों के संचालन के बारे में जानकारी दी। संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं भवन स्वामियों को अग्निदुर्घटनाओं के समय उससे बचाव और आग में फंसे लोगों को कैसे बचाया जाएं, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## एससीईआरटी ने आयोजित किया जॉइंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



मिशन बुनियाद कार्यक्रम ने कोरोना के दौरान पिछले 2 सालों में बच्चों में आए लर्निंग गैप को कम करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इस बार शिक्षा निदेशालय के स्कूलों के साथ-साथ एमसीडी स्कूलों में भी मिशन बुनियाद का क्रियान्वयन काफी बेहतर तरीके से किया गया जिसके शानदार नतीजे देखने को मिले है

इसे एक और कदम और बढ़ाते हुए मंगलवार को एससीईआरटी दिल्ली द्वारा एमसीडी कमिश्नर श्री ज्ञानेश भारती व शिक्षा सचिव श्री अशोक कुमार के नेतृत्त्व में शिक्षा निदेशालय व एमसीडी के स्कूलों के स्कूल प्रमुखों के लिए मिशन बुनियाद को लेकर एक संयुक्त ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

इस मौके पर एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा निदेशालय और एमसीडी के स्कूलों में लगभग 26 लाख बच्चे पढ़ रहे है जो दिल्ली का भविष्य है और इन्हें सँवारने के लिए हमें संयुक्त रूप के प्रयास करना होगो मिशन बुनियाद के पहले चरण की उपलब्धियों को साझा करते हुए एमसीडी कमिश्नर ने कहा कि इस साल मिशन बुनियाद के पहले चरण में शिक्षा निदेशालय व एमसीडी के स्कूलों में हमारे शिक्षकों ने शानदार कम किया है जिसके बदौलत बच्चों के लर्निंग लेवल में 20-30% का इजाफा हुआ है लेकिन हमें यहां तक सीमित नहीं रहना बल्कि मिशन बुनियाद का 100% लक्ष्य हासिल करना है उन्होंने स्कूल प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छे स्कूल लीडर के रूप में, स्कूल प्रमुखों को अपने टीचर्स को हमेशा हर बच्चे को बेहतर सीखने में मदद करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। तभी हम मिशन बुनियाद के लक्ष्यों को पूरी तरह प्राप्त कर पाएंगे उन्होंने आगे कहा, आइए संकल्प लें कि हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले 100% बच्चे अक्टूबर से पहले पढ़ना सीख जाएंगे। यह असंभव नहीं है, हमें बस यह सुनिश्चित करने की जरुरत है कि हमारे टीचर्स अपना बेस्ट दे शिक्षा सचिव, श्री अशोक कुमार ने कहा, मिशन बुनियाद अपने पहले चरण में शिक्षा निदेशालय और एमसीडी दोनों स्कूलों के शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों के संयुक्त प्रयासों के कारण काफी हद तक सफल रहा। लेकिन हमें तबतक नहीं रुकना है जबतक हम सभी बच्चों को सीखने की मुख्यधारा में शामिल न कर दें और उनकी भाषा एवं बुनियादी गणित की दक्षता को बेहतर न बना दे उन्होंने कहा कि हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी सीखना चाहते हैं लेकिन कुछ कारण है जिससे उनके लर्निंग में गैप आ रहा है हमें इस कमी को पहचानते हुए इस लर्निंग गैप को खत्म करने की जरुरत है उन्होंने आगे कहा कि अभी स्कूलों में हमारा फोकस करिकुलम को पूरा करने के बजाय बच्चों के बुनियाद को मजबूत बनाने पर होना चाहिऐ इसके लिए हमारे स्कूल प्रमुखों और टीचर्स को आगे बढ़कर ऑनरशिप लेनी होगी मिशन बुनियाद पर रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए, शिक्षा निदेशक,दिल्ली सरकार, हिमांशु गुप्ता ने कहा, डीओई और एमसीडी के शिक्षा विभाग ने सभी बच्चों के लर्निंग लेवल को एक बेहतर स्तर तक लाने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने आगे कहा कि 6 वर्ष की उम्र तक बच्चों का 85% ब्रेन डेवलप हो जाता है ऐसे में प्रारंभिक शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है इसे देखते हुए शिक्षा निदेशालय अब टार्गेटेड एप्रोच अपनाकर प्राइमरी एजुकेशन को बेहतर करने पर फोकस कर रहा हैनिदेशक शिक्षा (एमसीडी) विकास त्रिपाठी ने कहा, मिशन बुनियाद ने प्राथमिक स्तर पर छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बेहतर कार्यान्वयन के लिए एमसीडी स्कूलों में हम प्रत्येक बच्चे की सीखने की गति को ट्रैक कर रहे है।

## केबल चोरी की आशंका से ब्लू लाइन पर दिल्ली मेट्रो सेवा प्रभावित

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

केबल चोरी के एक संदिग्ध मामले के बाद मंगलवार सुबह दिल्ली मेट्रो रेल की ब्लू लाइन सेवा इंद्रप्रस्थ और यमुना बैंक स्टेशनों के बीच प्रभावित रही। यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन ऐसा स्टेशन है जहां से दिल्ली मेट्रो वैशाली और नोएडा जाती है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने एक ट्वीट में कहा, केबल चोरी के कारण इस खंड में ट्रैक सर्किट ड्रॉप (सिग्नलिंग समस्या) हुई है, जिससे ट्रेनें केवल 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ही मैनुअल मोड में चल सकती हैं।

मेट्रो रेल ने आगे कहा कि इस वजह से इन दोनों स्टेशनों के बीच ही परिचालन प्रभावित हुआ है। मंगलवार रात सेवा के बंद हो जाने के बाद इस खंड पर इस समस्या को ठीक करने का काम शुरू किया जाएगा, क्योंकि चोरी के सटीक स्थान की पहचान करने के लिए तीन घंटे का समय लगेगा और तभी सारी चीजों को ठीक किया जाएगा। डीएमआरसी ने कहा कि यात्रियों को इसकी सूचना देने के लिए ब्लू लाइन पर स्टेशनों पर और ट्रेनों के अंदर नियमित घोषणा की जा रही है। सूचना को सोशल मीडिया के माध्यम से भी साझा किया गया है।

## रेस्तरां मालिकों ने दिशा-निर्देशों को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




दिल्ली हाईकोर्ट केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा जारी किए गए नए दिशा-निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई होगी।

दरअसल, सीसीपीए ने गाइडलाइन जारी की थी, जिसके मुताबिक, होटल और रेस्टोरेंट बिल में सर्विस चार्ज नहीं जोड़ सकते, लेकिन ग्राहक की मर्जी होगी तो वे स्वइच्छा से सर्विस चार्ज का भुगतान कर सकते हैं। एनआरएआई ने रेस्टोरेंट को सर्विस चार्ज वसूलने पर रोक संबंधी गाइडलाइन के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया, जिसपर अब 21 जुलाई को सुनवाई होगी। अदालत के समक्ष याचिका में कहा गया कि देश में ऐसा कोई भी कानून नहीं है जो रेस्टोरेंट को सर्विस चार्ज को अवैध बताता हो।

ऐसे में इस आदेश को सरकार के आदेश के रूप में नहीं माना जा सकता। एनआरएआई ने कहा कि सर्विस चार्ज रेस्तरां के मेनू कार्ड पर साफतौर पर दर्शाया जाता है। कस्टमर नियमों और शर्तो से अवगत होने के बाद ही ऑर्डर देते हैं। एनआरएआई ने आगे कहा, सर्विस चार्ज बिजनेस प्रक्रिया में शामिल है। यूके, सिंगापुर, जापान और अमेरिका जैसे कई देशों में 8 प्रतिशत और 12.5 प्रतिशत के बीच सर्विस चार्ज लगाया जाता है।

## पत्नी से बात करने के शक में लांस नायक ने की थी फायरिंग

नई दिल्ली। हैदरपुर जल शोधन संयंत्र में सिक्किम पुलिस के तीन जवानों की हत्या में अहम खुलासा हुआ है। आरोपी लांस नायक को यह शक था कि तीनों साथी जवान उसकी पत्नी से चोरी छिपे बात करके भड़काते रहते हैं। इस वजह से उसकी पत्नी ने फोन उठाना छोड़ दिया है। सूत्रों ने बताया कि लांस नायक प्रबीन राय की हाल में ही शादी हुई थी। वह शादी करने के बाद छुट्टी पूरी कर दस दिन पहले ही ड्यूटी पर आया था। चूंकि प्रबीन का मोबाइल चोरी हो गया था, इसलिए उसने कई बार साथियों के मोबाइल से पत्नी को फोन किया था। इसकी वजह से साथियों के पास आरोपी की पत्नी का फोन नम्बर पहुंच गया। दरअसल, कुछ दिन बाद ही प्रबीन की पत्नी ने फोन उठाना बंद कर दिया था। फिर उसे कहीं से सूचना मिली कि तीनों साथी उसकी पत्नी से फोन पर बातें करते हैं। जब प्रबीन संतरी की ड्यूटी कर रहा था तभी बैरक में रहने वाले वरिष्ठ साथी ने उसकी पत्नी को वीडियो कॉल की। फिर उसे प्रबीन को ड्यूटी करते हुए दिखाया था। इन सबकी वजह से पत्नी फोन नहीं उठा रही थी तो सभी साथी उसका मजाक उड़ाते थे। इसी वजह से सोमवार को अपने रूम पार्टनर नर बहादुर के मोबाइल से पत्नी को फोन मिलाया और जब बात नहीं हुई तो फायरिंग शुरू कर दी। बताया जाता है कि आरोपी ने तीनों साथियों पर कुल पांच राउंड फायरिंग की थी। सभी को गोली गले या फिर सीने में लगी।

## पॉक्सो से जुड़े 34 फीसदी मामलों की फॉरेंसिक जांच लंबित

नई दिल्ली। दिल्ली में पॉक्सो से जुड़े 34 फीसदी मामलों की फॉरेंसिक जांच लंबित है। दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग की परफॉर्मेंस रिपोर्ट 2020-2022 में यह जानकारी सामने आई है। जिसमें आयोग ने पॉक्सो से जुड़े मामलों में चार्जशीट दाखिल होने वाली देरी के कारणों का विवरण दिया है। रिपोर्ट के अनुसार फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) से आठ अप्रैल 2022 तक के मिले आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी 2021 से 31 मार्च 2022 की अवधि का मूल्यांकन करने पर 34 फीसदी मामलों की फॉरेंसिक जांच लंबित मिली। पुलिस ने 89 फीसदी मामलों की एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त कर ली थी। जबकि दस फीसदी की रिपोर्ट को एकत्रित करना बाकी था। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कुछ पुलिस थानों ने चाजर्शीट दाखिल करने में 500 से अधिक दिन लगाए। जिसमें हर्ष विहार, राजेंद्र नगर, मुखर्जी नगर और नंद नगरी थाना शामिल था। इसको लेकर आयोग ने दिसंबर 2020 में संज्ञान लिया। फिर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और मार्च 2021 में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया।

सहयोग — यह एजेंसी पिछले 10 साल से यहां अपना काम कर रही है

## बीबीए और एनसीपीसीआर ने मुक्त करवाई 10 नाबालिग आदिवासी लड़कियां

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) और दिल्ली पुलिस के सहयोग से दक्षिणी दिल्ली में चल रही एक अवैध प्लेसमेंट एजेंसी से 10 नाबालिग आदिवासी लड़कियों को मुक्त करवाया है। यह सभी ट्रैफिकिंग के जरिए झारखंड के दक्षिणी सिंहभूम जिले से अच्छे काम व पैसे का लालच देकर लाई गई थीं। यह एजेंसी पिछले 10 साल से यहां अपना काम कर रही है।

पुलिस ने इस मामले में पांच ट्रैफिकर्स की पहचान की है, जिनमें से दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन सभी लड़कियों की उम्र 13 से 17 साल के बीच है। सभी लड़कियों का मेडिकल करवाने के बाद इन्हें चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के सामने पेश किया जाएगा।

बीबीए के निदेशक मनीश शर्मा ने कहा हमारा संगठन उन प्लेसमेंट एजेंसियों की गतिविधियों के खिलाफ है, जो गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों को लालच देकर या बहला-फुसलाकर ट्रैफिकिंग का शिकार बनाती हैं। उन्होंने आगे कहा, हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह आने वाले समय में ऐसी अवैध गतिविधियों में लिप्त रहने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों के खिलाफ एक कठोर कानून लाए।

उल्लेखनीय है कि देश की राजधानी में पहले भी ऐसे मामले सामने आते रहे हैं जब दूसरे राज्यों के ग्रामीण इलाकों से लड़के-लड़कियों को अच्छे काम और पैसे के लालच में ट्रैफिकिंग के जरिए लाया गया है। पिछले महीने ही दिल्ली के ही एक इलाके से दो नाबालिग घरेलू सहायिकाओं को भी छुड़ाया गया था।

इनसे अमानवीय हालत में काम करवाया जाता था और खाने के नाम पर बचा-खुचा ही दिया जाता था। यह दोनों नाबालिग आपस में बहनें थीं और इन्हें ट्रैफिकिंग के जरिए बहला-फुसलाकर लाया गया था। इस तरह के तमाम मामले नियत अंतराल पर सामने आते रहते हैं। इस तस्वीर का चिंताजनक पहलू यह है कि ट्रैफिकर्स का शिकार ज्यादातर नाबालिग होते हैं और एक बार इनके चंगुल में आने के बाद उनका बचना काफी मुश्किल हो जाता है।

## पुलिस ने केबल चोर किया गिरफ्तार (फोटो के साथ पुनः जारी)

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



बाहरी जिले के निहाल विहार थाना पुलिस ने एक केबल चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सुल्तानपुरी के देव डेयरी निवासी सागर के रूप में हुई है। आरोपित के पास से एक केबल कटर और एक आयरन कटर बरामद किया गया है।

डीसीपी समीर शर्मा ने मंगलवार को बताया कि 16-17 जुलाई के बीच की रात, निहाल विहार थाने की पुलिस को पीसीआर कॉल से, अध्यापक नगर में एक चोर को पकड़े जाने की सूचना मिली थी। जिस पर त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए, इलाके में मौजूद बीट स्टाफ को तुरंत मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया, जबकि थाने से हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप भी मौके के लिए रवाना हो गए। इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे पुलिस कर्मी तुरंत वहां पहुंचे, जहां नांगलोई के शिकायतकर्ता अजय कुमार ने संदिग्ध को पुलिस के हवाले कर दिया। उसने बताया कि वह जियो नेटवर्क प्रदाता का कर्मचारी है और टावर पर खराब केबल की मरम्मत करने आया था। जहां उसने कथित व्यक्ति को केबल काटते हुए देखा। तो उसने उसे पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को फोन किया। संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और इस बीच हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप भी मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में आरोपित की पहचान सागर के रूप में हुई। उसके पास से एक केबल कटर और एक आयरन कटर भी बरामद किया गया। उसने बताया कि उसे नशे की लत है, और शरण-ड्रग्स की खरीद के लिए उसने केबल चुराने की योजना बनाई, लेकिन टावर कर्मचारी ने उसे पकड़ लिया। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले की आगे की जांच जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने डीएसपी तावडू सुरेंद्र सिंह की हत्या के मामले में दिए कड़ी कार्रवाई करने के आदेश

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह में अवैध खनन के एक मामले की जांच करने गए हरियाणा पुलिस के डीएसपी सुरेंद्र सिंह की हत्या पर दुख व्यक्त किया है। गुरुग्राम के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मौन रखकर डीएसपी सुरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र सिंह एक बहादुर अधिकारी थे और उनकी बहादुरी को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपए की कुल आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने परिवार को आश्वस्त किया कि इस मामले में शामिल दोषियों को बिल्कुल भी बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दे दिए गए हैं। जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि तावडू (मेवात) के डीएसपी सुरेंद्र सिंह नूंह में अवैध खनन के एक केस की जांच करने गए थे।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर में शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 सेवाओं तथा 6 अस्त्र-शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का किया लोकार्पण

**शुभारंभ**

- अब शस्त्र लाइसेंस केवल 2100 रुपए में बनेगा, आरटीसी भौंडसी में बनाई गई नई शूटिंग रेंज का भी किया अवलोकन




### मुख्यमंत्री द्वारा शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 सेवाओं का शुभारंभ किया गया

इस मौके पर गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस बनवाने के लिए वर्षों से प्रदेश में होमगार्ड से ट्रेनिंग करवाने की प्रथा चली आ रही थी। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आज की ये ऑनलाइन सेवाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए वर्कफ्लो चार्ट तैयार करने को लेकर पंचकूला तथा रोहतक जिलों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया। उन्होंने ये भी बताया कि एक जुलाई 2022 से इन सेवाओं का सॉफ्ट लांच करके कमियां दूर करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम में मेयर मधु आजाद, सोहना के विधायक संजय सिंह, गृह विभाग के अतिरिक्त सचिव राजीव अरोड़ा, पुलिस महानिदेशक पी के अग्रवाल, आरटीसी भौंडसी के एडीजीपी हनीफ कुरेशी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सीआईडी आलोक मित्तल, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, एनआईसी से दीपक बंसल, उपायुक्त निशान्त कुमार यादव, पुलिस आयुक्त गुरुग्राम कला रामचन्द्रन, आरटीसी भौंडसी की डीआईजी नाजनीन भसीन, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज गुरुग्राम जिला स्थित पुलिस क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) भोंडसी के ऑडिटोरियम से प्रदेश भर में प्रथम चरण में शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी 14 डिजिटल सेवाओं का रिमोट से बटन दबाकर विधिवत शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में 6 अस्त्र-शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने वहां नई बनाई गई 100 मीटर की शूटिंग रेंज का भी अवलोकन किया। गुरुग्राम से शुरू की गई इन सेवाओं पर बोलते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले 7 साल से गवर्नेंस का हर काम तकनीक के माध्यम से करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शासन से नागरिकों की संतुष्टि होनी चाहिए इसलिए तकनीक के प्रयोग से शासन को प्रभावी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई सेवाओं के लिए पहले एक फ्लो चार्ट बनाया गया जिसमें पाया गया कि शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन से लेकर लाइसेंस बनने तक की पूरी प्रक्रिया 25 दिन में पूरी हो सकती है और सेवा के अधिकार अधिनियम के अनुसार उसकी अपील का समय भी कम किया जा सकता है जोकि वर्तमान में 60 दिन का है। उन्होंने कहा कि शस्त्र लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं और ऑनलाइन सुविधा शुरू होने से अब लोगों को पारदर्शी, समयबद्ध और बिना पर्ची-बिना खर्ची के लाइसेंस बनवाने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को अब शस्त्र लाइसेंस बनवाने के लिए केवल 2100 रुपए खर्च करने होंगे जिनमें से 1500 रुपए प्रशिक्षण के, 500 रुपये आवेदन के तथा 100 रुपए अटल सेवा केंद्र के माध्यम से अप्लाई करने में लगेंगे।

उन्होंने कहा कि अब इन सेवाओं के लिए व्यक्ति को 2100 रुपये से एक भी रुपया अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस के लिए प्रशिक्षण पहले होमगार्ड के माध्यम से दिया जाता था लेकिन अब यह प्रशिक्षण 6 प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से मिलेगा जिनका आज लोकार्पण हुआ है।

मुख्यमंत्री ने जिन 6 अस्त्र शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का आज लोकार्पण किया गया उनमे क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, गुरुग्राम (भोंडसी), पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, रोहतक (सुनारिया), पुलिस लाइंस, पंचकूला (मोगीनंद), हरियाणा पुलिस अकादमी, करनाल (मधुबन), पुलिस लाइंस, हिसार तथा पुलिस लाइंस, नारनौल शामिल हैं।

# कृत्रिम अंगों के लिए रेडक्रॉस सोसायटी में पंजीकरण हुए शुरू

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त डा. निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन में कृत्रिम अंगों के लिए मंगलवार से पंजीकरण कार्य शुरू हो गया है। पंजीकरण का काम आगामी 23 जुलाई तक होगा। पांच स्थानों पर लगने वाले इन शिविरों का अधिक से अधिक दिव्यांग लाभ उठाएं।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि कृत्रिम अंग लेने के लिए सभी दिव्यांग अपने जरूरी कागजात पंजीकरण के लिए लेकर आएं, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। कृत्रिम अंगों के लिए सभी दिव्यांगों की जांच भी बारीकी से की जाएगी, ताकि उपकरण सही दिए जा सकें। सचिव के मुताबिक किसी भी श्रेणी के दिव्यांग पंजीकरण करा सकते हैं। जिला में पहला शिविर 19 व 20 जुलाई को रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम में, दूसरा 21 को श्याम उद्योग परिसर भांगरौला रोड मानेसर में, तीसरा शनिवार 22 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में और चौथा शिविर 23 जुलाई को पटौदी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगाया जाएगा।



- सभी दिव्यांग अपने पूरे कागज, सर्टिफिकेट लेकर आएं: सचिव

सचिव विकास कुमार ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक दिव्यांगों को इस शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि उन्हें सुविधाएं दी जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि काफी लोग पूछताछ भी करने पहुंचे हैं।

पूछताछ करने आने वाले दिव्यांग अपने सभी कागजात लेकर आएं, ताकि मौके पर ही उनका पंजीकरण किया जा सके। सचिव ने आगे बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर के सहयोग से शिविर लगाया गया हैं।

### जिला स्तरीय शिकायत समिति की बैठक में उद्यमियों ने उपायुक्त के समक्ष रखी समस्याएं

**गुरुग्राम।** जिला स्तरीय शिकायत समिति व जिला स्तरीय मंजूरी समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। गुडगांव इण्डस्ट्रियल एसोसिएशन (जीआईए) के अध्यक्ष जेएन मंगला ने उपायुक्त का स्वागत किया। जेएन मंगला ने बताया कि बैठक के दौरान 77 आवेदन पत्र रखे गए जिनमें से 58 लंबित आवेदनों पर उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निपटाने को कहा तथा ये भी आदेश दिया कि जिन विभागों के आवेदन लंबित है वे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो। उन्होने कहा कि नियमों के अनुसार निर्धारित अवधी में न करने पर उसको आटोमैटिकैली करने का प्रावधान है, तथा उस दशा में संबंधित अधिकारी खुद जिम्मेंदार होंगें। जीआईए अध्यक्ष ने औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी उद्यमियों से आग्रह किया कि वे अमृत महोत्सव के तहत हर घर में तिरंगा अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

# आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं, विश्व मे कमा रही हैं नाम: गुप्ता

पंचकूला, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं और विश्व में नाम कमा रही हैं। ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जहां हमारी बहन-बेटियों ने अपनी मेहनत के बल पर देश व विदेश मे अपनी अलग पहचान बनाई है। गुप्ता आज पंचकूला के सेक्टर 15 स्थित शिशु ग्रह में आयोजित दत्तक ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता, भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रधान अजय शर्मा तथा पूर्व गेल निदेशक बंतो कटारिया भी उपस्थित थी। इस अवसर पर गुप्ता ने शिशु ग्रह के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 2.5 लाख रूपए देने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने गांव बतौड़ में डे-केयर सेंटर के लिए सामुदायिक केन्द्र में स्थान उपलब्ध करवाने तथा सेक्टर 14 स्थित बाल भवन के लिए पंचकूला में नया भवन बनवाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा गर्भपात और लिंग जांच के प्रति सख्त कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को प्रदेश में कहीं किसी क्लीनिक या अस्पताल में ऐसा कुछ होने का पता चले तो वह इस बारे में अवश्य जाानकारी दें ताकि इस प्रकार की गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगो पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि लिंग जांच संबंधि जानकारी देने वाले को एक लाख रूपए की राशि ईनाम स्वरूप दी जाती है तथा संबंधित व्यक्ति का नाम भी गुप्त रखा जाता है।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गेल निदेशक श्रीमती बंतो कटारिया ने बच्ची गोद लेने वाले परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने शिशु ग्रह के लिए जैनरेटर सैट की खरीद के लिए सांसद कोटे से 5 लाख रूपए की राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर समाज सेवी बी.के. खुराना ने शिशु ग्रह को वॉटर कूलर भी भेंट किया। इस अवसर पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. ए.पी. सांवरिया, पार्षद जय कौशिक, सुनीत सिंगला, जिला बाल कल्याण अधिकारी भगत सिंह, बीजेपी जिला महासचिव परमजीत कौर, महामंत्री विरेन्द्र राणा, पंजाबी सभा के सुरेश सोनी, डीपी सोनी तथा शिशु ग्रह के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।



### मंगल पाण्डेय को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**गुरुग्राम।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय को उनकी जयंती पर याद करते हुए राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में महिला जनसेवा समिति द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाजसेवी राजेश पटेल व रुपा पटेल ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तरप्रदेश के बलिया जिले के ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह ब्रिटिश सेना में भर्ती हो गए थे। उनमें देशप्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी थी। 1857 में मेरठ में उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध देश को आजाद करने के लिए क्रांति का बिगुल बजा दिया था। अंग्रेजी सरकार ने उनके ऊपर काफी जुल्म ढहाए और उनके साथियों को भी काफी प्रताड़ित किया था। अंग्रेज भारतीय सैनिकों से ही मंगल पाण्डेय को प्रताड़ित कराना चाहते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया था। साथी सैनिक भी मंगल पाण्डेय का बड़ा सम्मान करते थे, अंत में ब्रिटिश सेना ने 8 अप्रैल को फांसी पर लटका दिया था। हालांकि उन्हें फांसी दी जाने की तारीख 18 अप्रैल निश्चित की गई थी, लेकिन उन्हें 10 दिन पहले ही फांसी पर चढ़ा दिया था।

### किसानों को देसी गाय की खरीद पर दी जाएगी सब्सिडी

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान, जिसके पास 2 से 5 एकड़ भूमि है, उनको देसी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपए की सब्सिडी देने की योजना की शुरूआत की है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम निःशुल्क दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश में 50 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर किसानों का प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मिट्टी तथा फसल उपज में हानिकारक रसायनों में वृद्धि हुई है।

# ई-ऑफिस के प्रयोग से कार्य में आएगी पारदर्शिता: उपायुक्त

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

- सभी विभागों के कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालयों में फाइल वर्क को ई-ऑफिस सिस्टम पर ही लाएं

उपायुक्त निशान्त कुमार यादव ने कहा कि कोई भी अधिकारी अपने विभाग से अन्य विभागों या मुख्यालय पर मैन्यूवल फाईल न भेजें बल्कि फाईल को ई-ऑफिस के माध्यम से भेजें जिससे समय की बचत होगी, कार्य में पारदर्शिता आएगी तथा भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम जिला के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से फाईल का लेन-देन जरूरी है।

सभी अधिकारी ई-ऑफिस संचालन का कार्य गंभीरता से करें और फाईल वर्क का कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से करें और उसे पोर्टल पर दर्शाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए सभी कार्यालयों में फाइलें भेजने के लिए मैन्यूअल को बदलकर ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया गया है, इसलिए सभी विभागों के अधिकारी अपने कार्यालय की फाइल ई-ऑफिस के माध्यम से ही भिजवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि सभी विभागों के कार्यालयाध्यक्ष अपने अपने कार्यालयों में फाइल वर्क को ई-ऑफिस सिस्टम पर ही लाएं। पूरी तरह से पारदर्शिता बनाए रखते हुए अब ई-ऑफिस सिस्टम फाइल प्रोसेसिंग में समय की भी बचत करेगा। उन्होंने कहा कि जिन कार्यालयों का ई-ऑफि स में स्कोर कम मिलेगा, ज़िला प्रशासन द्वारा उनके अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजे जाएँगे। लापरवाही बरतने वाले विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# पिछड़े वर्ग के बच्चों के स्कूल में एक हेल्थ कैम्प का आयोजन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

मिशन पिंक हेल्थ गुरुग्राम ने लाइयन क्लब गुरुग्राम के सहयोग से समाज के पिछड़े वर्ग के बच्चों के स्कूल में एक हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। मुस्कान ठक्कड़ द्वारा चलाए जा रहे इस स्कूल में लगभग 200 गरीब बच्चों को शिक्षा दी जाती है। इस कैम्प के तहत, बच्चों एवम् उनकी माताओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी।

गुरुग्राम के बहुत से जाने माने डाक्टर इस मिशन से जुड़े हैं। गुरुग्राम के प्रेसिडेंट डा॰ वर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत की और बच्चों का हौसला बढ़ाया। मिशन पिंक हेल्थ की डा॰ सविता चौधरी ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य और सौहार्दपूर्ण जीवन जीने के तरीके बताए। डा॰ अजय अरोड़ा ने टीकाकरण और सेहतमंद भोजन के बारे में बताया। डा॰ हर्षा सहगल ने स्वच्छता के बारे में और डा॰ कपिल मिधा ने आँखो के स्वास्थ्य के बारे में बताया।



डा॰ सारिका वर्मा ने प्लास्टिक के दुष्परिणाम और पेड़ लगाने के लाभ बताए। डा॰ रमा यादव और डा॰ अंजु शर्मा ने माताओं को अनीमिया और माहवारी सम्बंधित जानकारी दी।सब बच्चों का हीमग्लोबिन भी टेस्ट करवाया गया। लाइयंज क्लब गुरुग्राम द्वारा डेंटल किट सब बच्चों को दी गयी और के अंतर्गत बच्चों को खाना भी वितरित किया गया। डा॰ सविता चौधरी ने बताया कि मिशन पिंक हेल्थ द्वारा इस प्रकार के हेल्थ कैम्प हर महीने विद्यालयों में आयोजित किए जाते हैं और किशोर आयु के बच्चों को अनीमिया, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य और माहवारी के दौरान होने वाले विकारों के बारे में शिक्षा दी जाती है इस प्रोग्राम को पिछले चार साल से सुचारु रूप से गुरुग्राम में चलाया जा रहा है।

# ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना नहीं करने पर किया चालान

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत घरों से कचरा उठान करने वाले वाहनों को अलग-अलग श्रेणी में कचरा उठाना अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित का चालान किया जाता है।इसी कड़ी में मंगलवार को सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सैक्टर-32 में कचरा उठाने वाले वाहन को रोका तथा जांच के दौरान पाया गया कि वाहन में अलग-अलग कचरे की बजाए मिश्रित कचरा उठाया जा रहा है। टीम ने मौके पर ही वाहन का 5 हजार रूपए का चालान किया तथा हिदायत दी कि भविष्य में अलग-अलग कचरा ही एकत्रित किया जाए, अन्यथा उसके खिलाफ नियमानुसार अन्य कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर



कार्रवाई जारी : नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा द्वारा गठित 7 टीमें अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में लगातार निगरानी एवं गश्त कर रही हैं तथा प्रतिबंध के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के चालान किए जा रहे हैं।

टीमें चालान करने के साथ-साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक आईटमों को जब्त भी कर रही हैं। वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक के अनुसार 1 जुलाई से शुरू किए गए अभियान के तहत अब तक 643 उल्लंघनकताओं के चालान करते हुए उन पर 4.47 लाख रूपए का जुमार्ना लगाया गया है। टीमों ने 1206 किलोग्राम प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को भी जब्त किया है।

# मादक पदार्थ तस्करी पर पलवल पुलिस का कड़ा प्रहार

हथीन, प्रात: किरण संवाददाता

हथीन से पकड़ा मादक प्रदार्थ तस्करी का एक आरोपी। अलग-अलग थानों में दर्ज 5 मामलों में 5 तस्करों पर शिकंजा कसते हुए लाखों रुपए के मादक पदार्थ भी बरामद। आरोपियों से 3 किलो चूरा पोस्त 65 ग्राम अफीम 7 किलो 890 ग्राम गांजा बरामद, एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामले दर्ज।

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल, आईपीएस के निदेर्शानुसार समस्त हरियाणा में गत दिनांक 18 जुलाई 2022 को सुबह 6:00 बजे से असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश तथा अपराधियों पर प्रहार करने हेतु ऑपरेशन आक्रमण अभियान चलाया गया था जिसके अंतर्गत जिला पुलिस कप्तान पलवल श्री राजेश दुग्गल आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देश अनुसार सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना चौकी स्तर पर 44 टीमों का गठन किया गया जिनमें 176 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी शामिल रहे जिन्होंने 145 स्थानों पर रेड करते हुए तत्परता एवं मुस्तैदी से कार्य कर विभिन्न अपराधों में संलिप्त 58 आरोपियों को पलवल पुलिस ने धर दबोचने में विशेष सफलता प्राप्त की। ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए दर्ज 5 मामलों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया साथ ही उनसे लाखों रुपए की कीमत के मादक पदार्थ भी बरामद किए गए। दर्ज मामलों में हथीन प्रभारी उप निरीक्षक सत्यवान की टीम ने चढ़दी कला ढाबा आगरा पलवल रोड़ नियर गॉव बनचारी के संचालक आरोपी राजकुमार पुत्र धनश्याम वाशी सोहन्द थाना मुण्डकटी जिला पलवल को नियम अनुसार गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 65 ग्राम अफीम, 03 किलो चुरा पोस्त, 10 पेटी शराब बरामद की जिस संबंध में आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीबद्ध किया गया। दूसरे मामले में सीआईए पलवल प्रभारी निरीक्षक विश्व गौरव की टीम ने गांव रायपुर से आरोपी सुरेंद्र पुत्र जगबीर निवासी गेलपुर थाना सदर पलवल को नियम अनुसार गिरफ्तार करते हुए आरोपी से 5 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया। वहीं तीसरे मामले में सीआईए पलवल टीम ने मारुति पेट्रोल पंप मित्रोल के पास खोका पर मादक पदार्थ बेचते हुए आरोपी अक्लेश लोधी निवासी बड़ौता थाना शिवपुरी मध्य प्रदेश को नियम अनुसार गिरफ्तार करते हुए आरोपी से 1 किलो 130 ग्राम गांजा मादक पदार्थ बरामद किया।

# गांव रतनथल बास में बागवानी जागरूकता कैंप का हुआ आयोजन

रेवाड़ी, प्रात: किरण संवाददाता

आजादी अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को गांव रतनथल बास में डीसी अशोक कुमार गर्ग के आदेशानुसार जिला बागवानी अधिकारी डा. मनदीप यादव की अध्यक्षता में बागवानी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिला बागवानी अधिकारी ने कैंप में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बागवानी विभाग द्वारा किसानों के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, भावांतर भरपाई योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजनाएं शुरू की गई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत 21 फसलें शामिल की गई हैं, जिसमें 14 सब्जियां (टमाटर, प्याज, आलू, फूलगोभी, बंदगोभी, गाजर, मटर, मिर्च, शिमला मिर्च, भिण्डी, घीया, करेला, बैगन, मूली), 2 मसाला फसलें (हल्दी, लहसुन) व 5 फलदार फसलें (सिट्रस, अमरूद, बेर, आम, लीची) हैं।



उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि, जलभराव, आगजनी आदि किसी प्राकृतिक आपदा के कारण फसल के नुकसान होने पर सब्जी में 750 रुपए प्रीमियम भरने पर किसान को 0-50 प्रतिशत नुकसान पर 15000 रुपये, 50-75 प्रतिशत नुकसान पर 22500 रुपये, 75-100 प्रतिशत नुकसान पर 30000 रुपये अनुदान राशि दी जाती है। इसी प्रकार फलों में 1000 रुपए प्रीमियम भरने पर किसान को 0-50 प्रतिशत नुकसान पर 20000 रुपए, 50-75 प्रतिशत नुकसान पर 30000 रुपए व 75-100 प्रतिशत नुकसान पर 40000 रुपये अनुदान राशि दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान द्वारा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना व मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।बागवानी विकास अधिकारी डॉ रविन्द्र रविन्द्र कुमार ने बताया कि भावान्तर भरपाई योजना के अंतर्गत भी उपरोक्त 21 फसलें (14 सब्जियां, 2 मसाले, 5 फलदार फसलें) शामिल हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान द्वारा मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना व जे-फार्म भरना अनिवार्य है।

सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेने हेतु सरकार द्वारा चलाए जा रहे मुख्य पोर्टल मेरी फसल मेरा ब्योरा व विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। प्रगतिशील किसान विक्की कुमार द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का कैंप में पहुँचने व किसानों को सरकार की योजनाओं से रूबरू करवाने पर आभार व्यक्त किया।

### गंदे पानी की वजह से फैलती हैं कई सारी बिमारियाँ : डॉक्टर डॉ मृदुल चंद्र

**गुरुग्राम।** मानसून के आते ही मच्छरों और कई प्रकार के जीवाणुओं के उत्पन्न होने से कई प्रकार की बिमारियाँ फैलने लगती हैं। इसमें पेट व लीवर से सम्बंधित समस्याएं भी होती है और इसी कारण डायरिया, टायफाइड, पीलिया और हैपेटाइटिस ई और ए जैसी बिमारियाँ फैलती हैं इसमें उल्टी, दस्त, बुखार, पेट दर्द और सिर दर्द बना रहता है। पेट से सम्बंधित बिमारियाँ अशुद्ध जल और खान-पान के कारण ही होती हैं, इसलिए ऐसे मौसम में गुनगुना साफ पानी पिएं और खाने पीने में साफ सफाई का खास ध्यान रखें जिससे जीवाणु शरीर के अंदर प्रवेश ना कर पाएं। कोशिश करें ऐसे मौसम में अपनी इम्युनिटी को मजबूत करने वाली चीजें ले जैसे- साफ फल, पोषण युक्त भोजन और चाय की जगह काढा का इस्तेमाल करें। इस मौसम में कई प्रकार के मच्छर भी पनपते हैं जिनसे डेगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बिमारियाँ फैलती हैं इसलिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, घरों की खिड़कियों में जाल लगा कर रखें और दरवाजे बंद रखें जिससे घरों में मच्छर प्रवेश ना कर पाएँ साथ ही आस पास साफ सफाई रखें, घरों के कूलर, गमलों आदि में पानी ना जमा होने दें जिससे बैक्टीरिया और मच्छर न पैदा हो सकें। अपने खाने पीने में साफ सफाई का खास ध्यान रखें क्योंकि अधिकतर पेट से सम्बंधित बिमारी दूषित जल के कारण फैलती है जिनसे शरीर में बुखार बना रहता है।

# मुफ्त लो, वोट दो

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मुफ्त रेवडिां बांटने की राजनीति का मुद्दा उठाया था। मुफ्तखोरी के जरिए वोट बटोरने की संस्कृति पर सख्त टिप्पणी की थी और ऐसी रेवडिों को देश के विकास के लिए घातक भी करार दिया था। प्रधानमंत्री ने खासकर युवाओं को सावधान करते हुए आह्वान किया था कि हमें इस सोच को हराना और राजनीति से हटाना है। बहरहाल भारत में ऐसी कोई प्रमुख पार्टी नहीं है, जिसने चुनावों के दौरान मुफ्त रेवडिां बांटने की सियासत न की हो। इसी प्रचार पर फोकस रखा जाता है-मुफ्त ले लो, पर वोट हमें दे दो। दरअसल रेवडिां, जन कल्याणकारी योजनाओं और लोक लुभावन नीतियों के बीच एक पतली-सी लकीर है। यदि आम नागरिक की जिंदगी, आजीविका, अस्तित्व से जुड़ी कोई परियोजना है और उसे सरकार निःशुल्क ही मुहैया करा रही है, तो उसे रेवड़ी की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। भारत एक सामाजिक कल्याण की सोच वाला देश है, लोकतंत्र है, जनता के प्रति सरकार के दायित्व हैं।

अर्थव्यवस्था, राजकोषीय घाटा, राष्ट्रीय कर्ज, जीडीपी और कर-संग्रह बेहद महत्त्वपूर्ण कारक हैं, लेकिन उनके मद्देनजर सरकार जनता को गरीबी और भुखमरी की तरफ नहीं धकेल सकती। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज लगातार बांट रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए सस्ता अनाज अलग से उपलब्ध कराया जाता रहा है। देश में खाद्य सुरक्षा का कानून है। इसके अलावा, कोरोना-रोधी टीकों की 200 करोड़ से अधिक खुराकें भी निःशुल्क दी गई हैं और यह सिलसिला अब भी जारी है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला गैस योजना, पक्के घर, नल में जल, शौचालय, किसान सम्मान राशि आदि योजनाएं लगभग निःशुल्क हैं। उन्हें रेवडिां नहीं माना जा सकता, क्योंकि वे राष्ट्रीय स्तर पर, हर राज्य और हर पात्र नागरिक को, मुहैया कराई जा रही हैं। देश में 6-14 साल के बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा भी मुफ्त है।

हालांकि शीर्ष अधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी को सचेत सलाह दी थी कि सितंबर, 2022 तक मुफ्त अनाज वाली योजना जारी न रखी जाए, क्योंकि उससे हजारों करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अर्थव्यवस्था असंतुलित भी हो सकती है, लेकिन कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने योजना को जारी रखने का फैसला किया। मकसद था कि इस दौर में देश का कोई भी नागरिक भूखा नहीं सोना चाहिए। दरअसल मुफ्त रेवडिों में निःशुल्क बिजली-पानी, इलाज, टीवी, साइकिल, लैपटॉप, स्मार्ट फोन, बाइक, साड़ी, मंगल सूत्र, वाशिंग मशीन, प्रेशर कुकर, मुफ्त परिवहन आदि को गिना जा सकता है, जो विभिन्न राजनीतिक दल चुनाव के मौके पर परोसते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने सिर्फ दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को निशाना बनाते हुए रेवडिों की बात नहीं की थी, लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) की तरफ से ही आई है। राजधानी दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय 4.01 लाख रुपए है। यह खुद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने विधानसभा में कहा है। दिल्ली अर्द्धराज्य है। उसके तमाम मोटे खर्च केंद्र सरकार करती है। दिल्ली सरकार एक बड़ी नगरपालिका है। उसे करीब 70,000 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है, लेकिन उसके अलावा 9500 करोड़ रुपए अनुदान के तौर पर केंद्र सरकार से लिए जाते हैं। ऐसे कथित राज्य को मुफ्त रेवडिां बांटने की जरूरत क्या है? शिक्षा, इलाज आदि केंद्र सरकार मुहैया करवा रही है। दरअसल आने वाले वक्त में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक केजरीवाल सरकार की अनियमितताओं के खुलासे करेगा। आप की पंजाब में सरकार बने चार महीने हुए हैं। पंजाब पर करीब 4 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है, फिर भी राज्य सरकार मुफ्त बिजली, राशन, महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह आदि की रेवडिों में जुटी है। पैसा मांगने मुख्यमंत्री दिल्ली में प्रधानमंत्री के पास चले आते हैं। ऐसी मुफ्तखोरी से जन-कल्याण कैसे होगा? राज्य ही दिवालिया हो जाएंगे। सर्वोच्च अदालत ने भी रेवडिों की सियासत पर अपनी चिंता और सरोकार जताए हैं, लेकिन फिलहाल दखल देने से इंकार कर दिया है।

# फ्री की राजनीति

सिद्धार्थ शंकर

देश में फ्री बांटने की राजनीति के दुष्प्रभाव पर एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जताई है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। इससे देश के लोगों को बहुत सावधान रहना है। पीएम मोदी ने कहा कि हम कोई भी फैसला लें, निर्णय लें, नीति बनाएं, इसके पीछे सबसे बड़ी सोच यही होनी चाहिए कि इससे देश का विकास और तेज होगा। आर्थिक विकास की नीतियां तब अपने लक्ष्य से भटक जाती हैं जब उनमें राजनीतिक सोच और उसके फायदे हावी हो जाते हैं। मुफ्त बांटने की राजनीति का अर्थ भी यही है। वैसे तो राजनीतिक दलों द्वारा जनता को मुफ्त सुविधाएं देने का कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। दूरगामी आर्थिक विकास की सोच इस पक्ष में नहीं है। कई राज्यों में यह भी देखने को मिल रहा है कि कर संग्रह बढ़ाने के मकसद से शराब की बिक्री पर अधिक जोर दिया जा रहा है, क्योंकि आय बढ़ाने के अन्य स्त्रोत वर्तमान में उनके पास नहीं हैं। लोकलुभावन आर्थिक विकास की इस सोच ने क्या समाज को विनाशकारी राह पर नहीं मोड़ दिया है? पिछले कुछ वर्षों से आर्थिक विकास के मोर्चे पर एक नई राजनीतिक सोच पैदा हुई है। अब लोकलुभावन विकास को जन कल्याणकारी योजनाओं द्वारा हर सत्तापक्ष भुनाना चाहता है, जिसका वास्तविक आधार कुछ वस्तुओं और सेवाओं को मुफ्त बांटना हो गया है। मुफ्त बांटने की यह राजनीतिक सोच आर्थिक बदहाली को आमंत्रण दे रही है। यह चिंता आरबीआई द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में भी जाहिर है। वर्तमान परिदृश्य में दस राज्यों की आर्थिक स्थिति डावांडोल है, क्योंकि उनका वित्तीय कर्ज और राज्य के जीडीपी का अनुपात बहुत अधिक बढ़ रहा है। इन सबमें पंजाब की स्थिति विकट है। यह लोकलुभावन कदम इसलिए गलत है, क्योंकि इससे आर्थिक नीतियां बुरी तरह प्रभावित होती हैं। इसके विपरीत आज जरूरत है कि सभी राज्य अपने यहां डिजिटल तकनीक और सामाजिक सुविधाओं के बुनियादी ढांचे को तेजी से विकसित करें तथा आर्थिक नीतियों को रोजगारोन्मुख बनाने को सर्वोपरि रखें। मुफ्त बांटने की इन योजनाओं के चलते राज्यों के पूंजीगत खर्च लगातार कम होते जा रहे हैं, जिसके कारण नई संपदा का विकास नहीं हो रहा और आय नहीं बढ़ रही है। यह सोच भविष्य के बहुत बड़ा आर्थिक संकट का द्वार है। आंकड़ों के मुताबिक राज्यों द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सब्सिडी पर कुल खर्च वित्त वर्ष 2021-22 में 11.2 प्रतिशत से बढ़ा है। पिछले तीन वर्षों में इस पक्ष पर झारखंड, केरल, ओडिशा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश मुख्य रहे हैं। रिपोर्ट में प्रस्तुत एक बात और चिंता का सबब है कि पिछले कुछ वर्षों से राज्यों के संदिग्ध दायित्वों का आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्य सरकारी निकाय वित्तीय कर्ज ले रहे हैं, जिनकी गारंटी राज्य सरकारें दे रही हैं। क्रिसिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 के अंतर्गत राज्यों के संदिग्ध आर्थिक दायित्व जीडीपी के 4.5 प्रतिशत के बराबर हो गए हैं। इन सब में मुख्य भूमिका राज्यों के विद्युत विभाग की है, जिनके हिस्से में चालीस प्रतिशत का दायित्व आ रहा है। अन्यों के अंतर्गत सिंचाई, बुनियादी ढांचे का विकास, भोजन और पानी की आपूर्ति के क्षेत्र मुख्य हैं। कुछ राज्यों का राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। मतलब स्पष्ट है कि राज्यों की कमाई और खर्च के बीच में अंतर लगातार गहरा रहा है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश, बिहार, राजस्थान और पंजाब में राजकोषीय घाटा वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग द्वारा निश्चित किए गए स्तर से ऊपर था। दूसरी तरफ इन राज्यों के स्वयं के कर संग्रहण में भी लगातार कमी हो रही है, जो कि चिंताजनक है। आरबीआई की रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार इन दस राज्यों के अंतर्गत बिहार की हालत बहुत चिंताजनक है, क्योंकि इसका खुद का कर संग्रह पिछले पांच वर्षों में कुल कर संग्रह का मात्र 23.5 प्रतिशत है, जबकि केंद्र पर इसकी निर्भरता करीब 75 प्रतिशत है। अब लगातार विपरीत होती जा रही कुछ राज्यों की आर्थिक स्थिति को तुरंत संभालना होगा। पड़ोसी मुल्क श्रीलंका इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि किस तरह विदेशी कर्ज ने उसे बर्बाद किया। भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान रखती है, परंतु राज्यों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति विदेशी निवेशकों के लिए एक घबराहट का सूचक बनती जा रही है। इसे तुरंत रोकना होगा, वरना इस संकट के प्रभाव मुल्क की आर्थिक स्थिति पर भी जल्द ही दिखने लग जाएंगे।

# मोदी का मास्टर स्ट्रोक - मुर्मू

**वो आगामी 25 जुलाई को देश के नए राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। उनसे सारा देश यह अपेक्षा करेगा कि वो अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. प्रणव कुमार मुखर्जी तथा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महानुभावों की तरह ही गरिमामयी व्यवहार का परिचय देंगी। वो देश के प्रथम नागरिक के रूप में एक नई नजीर स्थापित करेंगी। भारत का यह सौभाग्य ही रहा कि उसे गोरी सरकार से मुक्ति मिलने के बाद डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और उनके बाद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे ज्ञानी, प्रकांड विद्वान और धीर गंभीर राष्ट्रपति मिले। वे संविधान की मयार्दाओं में रहते हुए किसी विशेष अवसर पर राष्ट्रहित में अपना स्टैंड भी लेते थे। ड़ॉ. जाकिर हुसैन का कार्यकाल भी प्रभावी रहा था। अगर बात डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की करें तो उन्होंने सन 1951 में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण के बाद इसका उद्घाटन किया था, तब के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को यह पसंद नहीं आया था**





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तभकार और पूर्व सांसद हैं**

द्रौपदी मुर्मू वास्तव में मोदी जी का मास्टर स्ट्रोक है कि कल जिस तरह विपक्षी दलों में फूट पड़ी और क्रास वोटिंग हुई उससे साबित हो गया कि मोदी जी का आदिवासी और महिला कार्ड चल गया कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का देश का अगला राष्ट्रपति निर्वाचित होना निश्चित है। वो आगामी 25 जुलाई को देश के नए राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। उनसे सारा देश यह अपेक्षा करेगा कि वो अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. प्रणव कुमार मुखर्जी तथा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महानुभावों की तरह ही गरिमामयी व्यवहार का परिचय देंगी। वो देश के प्रथम नागरिक के रूप में एक नई नजीर स्थापित करेंगी। भारत का यह सौभाग्य ही रहा कि उसे गोरी सरकार से मुक्ति मिलने के बाद डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और उनके बाद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे ज्ञानी, प्रकांड विद्वान और धीर गंभीर राष्ट्रपति मिले। वे संविधान की मयार्दाओं में रहते हुए किसी विशेष अवसर पर राष्ट्रहित में अपना स्टैंड भी लेते थे। ड़ॉ. जाकिर हुसैन का कार्यकाल भी प्रभावी रहा था। अगर बात डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की करें तो उन्होंने सन 1951 में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण के बाद इसका उद्घाटन किया था, तब के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को यह पसंद नहीं आया था कि और, जो उनके सोमनाथ मंदिर में जाने को सवाल खड़े करते रहे हैं, वे यह जान लें कि उन्हीं की पहल पर राष्ट्रपति भवन परिसर के भीतर मंदिर और मस्जिद दोनों का ही का निर्माण भी हुआ था। संभवतः राष्ट्रपति भवन से सटे ही हैं चर्च और गुरुद्वारा इसलिए इनके निर्माण की जरूरत महसूस नहीं की गई होगी।

राजेन्द्र बाबू और उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी प्रति वर्ष दिवाली, ईद, क्रिसमस, बाबा नानक जन्म दिन आदि त्यौहार पूरे राष्ट्रपति भवन के सैकड़ों कर्मचारियों के साथ मनाते थे। अगर बात ड़ॉ. प्रणव कुमार मुखर्जी की करें तो वे भी देश के एक तरह से आदर्श राष्ट्रपति रहे। उन्होंने राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भारत के शत्रुओं की कमर तोड़ने में एक निर्णायक भूमिका अदा की थी। डॉ.प्रणब कुमार मुखर्जी की हरी झंडी मिलने के बाद ही अफजल गुरु, अजमल कसाब और याकूब मेमन जैसे देश के दुश्मनों को फांसी संभव हुई। राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल की अहम बात यह थी कि उन्होंने दया याचिकाओं को लेकर भरपूर सख्ती अपनाई। उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों का इस लिहाज से प्रदर्शन याद करने लायक भी नहीं रहा। वे तो ऐसी फाइलों को दबाकर बैठे ही रहते थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ज्ञान के सागर थे। वे अगर सियासत में न आते तो संवैधानिक मामलों के ख्यात विशेषज्ञ, इतिहासकार या प्रखर लेखक भी हो सकते थे। उनकी स्मरण शक्ति अदभुत थी। उन्हें पचास-साठ साल पुरानी घटनाएं तिथियों के साथ याद रहा करती थी।

वे राजनीति की दुनिया में इतनी लंबी पारी खेलने के बाद भी बेदाग रहे। उन पर कभी किसी ने कोई हल्का आरोप लगाने की भी हिमाकत नहीं की। इन सब गुणों के कारण उन्हें सब आदर देते थे। बाद में चलकर उन्हें देश ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न भी दिया। लेकिन, सारा देश तो उन्हें पहले से ही देशरत्न कहता था इस बीच, आमतौर पर भारत के राष्ट्रपति के रूप में नीलम संजीव रेड्डी के कार्यकाल की कोई खास चर्चा नहीं होती है। जब उनका देश का राष्ट्रपति बनना तय हो गया तो उन्होंने इच्छा जताई थी कि वे राष्ट्रपति भवन से इतर किसी छोटे आवास में रहना चाहेंगे। वे इस तरह की इच्छा जताने वाले अब तक के एक मात्र राष्ट्रपति रहे। उनसे पहले या बाद के किसी भी राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन के स्थान पर किसी अन्य जगह पर रहने के बारे में नहीं सोचा। नीलम संजीव रेड्डी को समझाया गया कि सुरक्षा और अन्य कारणों के चलते यह संभव नहीं होगा कि उनके लिए राष्ट्रपति भवन के स्थान पर कहीं अन्य रहने की व्यवस्था की जाए। तब उन्होंने 340 कमरों वाले भव्य राष्ट्रपति भवन में ही रहने का फैसला लिया। पर वे और उनका परिवार राष्ट्रपति भवन के कुछ कमरों को ही इस्तेमाल करते थे। सन 1977 के आम चुनाव में जब इंदिरा गांधी की पराजय हुई, उस समय नव-गठित जनता पार्टी ने नीलम संजीव रेड्डी को राष्ट्रपति का प्रत्याशी बनाया। वे राष्ट्रपति पद से रिटायर होने के बाद अपने गृह राज्य आंध्र प्रदेश वापस चल गए थे। निश्चित रूप से प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का राष्ट्रपति बनना देश के लिए गौरव के क्षण थे। वे राष्ट्रपति बनने से पहले ही अग्नि और पृथ्वी मिसाइलों को विकसित करके देश के नायक बन चुके थे। वे देश के पहले अविवाहित राष्ट्रपति थे। अब्दुल कलाम व्यक्तिगत ज़िन्दगी में बेहद अनुशासन प्रिय थे। इन्होंने अपनी जीवनी विंग्स ऑफ फायर भारतीय युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले अंदाज में लिखी है। वे राष्ट्रपति भवन में रहते हुए और उसके बाद भी युवाओं के बीच रहना पसंद करते थे। वे उनके साथ अपने जीवन के अनुभवों को शेयर करते थे। विदेशी राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री भी उनसे मिलकर अपने को समृद्ध महसूस करते थे। देश का बच्चा-बच्चा उन्हें मिसाइल मैन कहकर याद करता है। माफ करें कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को बट्टा लगना चालू हुआ राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के समय से। उन्होंने 25 और 26 जून, 1975 की रात को आपातकाल के आदेश पर दस्तखत करके देश में आपातकाल लागू कर दिया था।

अगली सुबह समूचे देश ने रेडियो पर इंदिरा जी की आवाज में संदेश सुना कि, भाइयों और बहनों, राष्ट्रपति जी ने आपातकाल की घोषणा की है। इससे आतंकित होने का कोई कारण नहीं है।...लेकिन, सच तो इंदिरा की घोषणा से ठीक उलटा था। देश भर में हो रही गिरफ्तारियों के साथ आतंक का दौर पिछली रात से ही शुरू हो गया था। फखरुद्दीन अली अहमद जैसे औसत इंसान को कांग्रेस ने राष्ट्रपति भवन भेजकर देश के साथ अन्याय ही किया। उसके बाद कांग्रेस ने वी.वी.गिरी, ज्ञानी जैल सिंह, आर. वेंकटरामण, प्रतिभा देवी सिंह पाटिल जैसों को राष्ट्रपति भवन भेजती रही। कहने की आवश्यकता नहीं कि इन सबका कार्यकाल बेहद औसत रहा। ये सभी अच्छे इंसान थे, लेकिन, राष्ट्रपति पद की गरिमा के अनुकूल थे या नहीं इसपर तो इतिहास में बहस चलती ही रहेगी। प्रतिभा देवी सिंह पाटिल को भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। वे 2007 से 2012 तक इस पद पर रहीं। श्रीमती प्रतिभा पाटिल राष्ट्रपति भवन को छोड़ने के बाद पुणे शिफ्ट कर गई थीं। वहां पर सरकार ने उन्हें एक सरकारी बंगला आवंटित कर दिया था। उन्होंने अपने पद से मुक्त होने से पहले ही सरकार से आग्रह किया था कि उन्हें पुणे में बंगला आवंटित कर दिया जाए। यानी उन्होंने दिल्ली में न रहने का मन बना लिया था। उनके लिए पुणे में जो बंगला आवंटित किया गया था उससे वह खुश नहीं थी। उन्होंने सरकार से कहा है कि उनके लिए जो बंगला तैयार किया जा रहा है वह बंगला छोटा रहेगा। उन्होंने कहा था कि उनके परिवार के सदस्यों की संख्या ज्यादा है। इसलिए उन्हें बड़ा बंगला मिले।

# खेतों में करंट से मरते किसान, क्या हो समाधान?

**वायरिंग, कट और गिरी हुई ट्रांसमिशन लाइनों में मानकों का पालन न करना, उम्र बढ़ने, जंग और नम परिस्थितियों में मोटर केसिंग और कंट्रोल बॉक्स पर कंडक्टिव पथ के गठन के कारण होता है। कारण जो भी हो, यह बहुत दुखद है कि हमारे किसान, हमारे देश के खाद्य प्रदाता, अपनी दैनिक दिनचर्या को ईमानदारी से निभाने में मर रहे हैं। देश भर में किसानों के खेतों से गुजरने वाली उच्च वोल्ट विद्युत धारा के लिए लगाए गए टावर पोल जन जीवन एवं जीव-जंतुओं के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। एक और मोबाइल टावरों की भरमार हो गई है वहीं अब किसानी भूमि में न केवल कम वोल्ट के लिए लगाए गए पोल बल्कि उच्च वोल्ट के पोल की भरमार हो गई है। किसानों के खेतों में बिजली की लाइनों का जाल बिछा है। किसानों, जीवों एवं आम जन के लिए सबसे अधिक खतरा उच्च वोल्ट की लाइन ले जाने वाली टावर पोल से बन गया है। इन लाइनों के चलते किसानों का जीना ही हराम हो गया है।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

भारत में हर साल लगभग 11 हजार कृषि श्रमिकों की मौत बिजली के करंट से हो रही है। हर दिन औसतन 50 लोगों की मौत हो रही है। इसका कारण वायरिंग, कट और गिरी हुई ट्रांसमिशन लाइनों में मानकों का पालन न करना, उम्र बढ़ने, जंग और नम परिस्थितियों में मोटर केसिंग और कंट्रोल बॉक्स पर कंडक्टिव पथ के गठन के कारण होता है। कारण जो भी हो, यह बहुत दुखद है कि हमारे किसान, हमारे देश के खाद्य प्रदाता, अपनी दैनिक दिनचर्या को ईमानदारी से निभाने में मर रहे हैं।

देश भर में किसानों के खेतों से गुजरने वाली उच्च वोल्ट विद्युत धारा के लिए लगाए गए टावर पोल जन जीवन एवं जीव-जंतुओं के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। एक और मोबाइल टावरों की भरमार हो गई है वहीं अब किसानी भूमि में न केवल कम वोल्ट के लिए लगाए गए पोल बल्कि उच्च वोल्ट के पोल की भरमार हो गई है। किसानों के खेतों में बिजली की लाइनों का जाल बिछा है। किसानों, जीवों एवं आम जन के लिए सबसे अधिक खतरा उच्च वोल्ट की लाइन ले जाने वाली टावर पोल से बन गया है। इन लाइनों के चलते किसानों का जीना ही हराम हो गया है। टावर पोल के पास से गुजरने वाली या उसके नीचे से गुजरने वाली बिजली लाइन पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। किसानों को अपने खेतों में फव्वारा पाइप को ऊंचा उठाने से जान को खतरा बढ़ जाता है। जरूरी नहीं टावर पोल की लाइन से पाइप का छूना अपितु इसके नजदीक जाने पर ही यह बिजली लाइन अपनी ओर पाइप को खींच लेती है। खेतों से गुजरने वाली टावर लाइन का कुप्रभाव जन-जीवन पर पड़ रहा है। यही नहीं अगर कोई व्यक्ति लोहे का छलना लेकर भी टावर के पास से गुजरा तो बिजली का झटका लगता है। जब फसल को काटकर इकट्ठा करके बड़ी लाइन के नीचे से ले जाते हैं तो कई बार करंट आ जाता है। किसानों के साथ-साथ जंगली पक्षियों पर विशेषकर इन टावर पोल की लाइन से निकलने वाली बिजली तरंगें तथा मोबाइल टावर की विकिरण पक्षियों के लिए घातक साबित हो रही है। पास में रहने वाले लोगों में कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। पेड़ पौधे भी नष्ट हो जाते हैं या फिर लाइन बिछाते वक्त काट डाले हैं। टावर पोल भी तीन प्रकार के होते हैं। जिनमें से एक पावर हाउस में बिजली लाने या ले जाने के लिए बनाए जाते हैं जो छोटे होते हैं दूसरे पोल मध्यम दर्जे के तथा तीसरे मास्टर पोल होते हैं जिन्हें निचाई वाले स्थानों पर लगाया जाता है। एक टावर पोल करीब 200 गज के करीब जगह में लगाया जाता है। इनके ऊपर से गुजरने वाले तारों से जब बिजली गुजरती है तो दूर तक आवाज सुनाई पड़ती है। जिस जगह से लाइन गुजरने के लिए मंजूर हो जाती है उसी जगह से ही गुजरती है। जिस किसी किसान के खेत से लाइन गुजरती है और पोल गाड़ा जाता है उसे करीब 60 हजार रुपये का मुआवजा मिलता है मगर पूरी जिंदगी इस समस्या को झेलना पड़ता है। जिस खेत से टावर पोल की बिजली गुजर रही है उसके नीचे से गुजरने वाली छोटी बिजली की लाइन अक्सर फाल्ट हो जाती है। यदि ट्रांसफार्मर पर फ्यूज लगाना हो तो भी उस लाइन के ऊपर से गुजरने वाली बड़ी लाइन का कई बार झटका सहना पड़ता है।

देशभर में बिजली के करंट से होने वाली किसानों की मौत को देखें तो इन मौतों के कई कारण है। जैसे खेतों से गुजर रही बिजली की लाइंस के तारों का ढीला होना। आमतौर पर यह तारे इतनी ढीली हो जाती है कि जमीन और इनका फर्क बहुत कम रह जाता है। कई बार तो यह मामूली अंधड़ में टूटकर खेतों में गिर जाती है और जब किसान रात को खेतों को पानी देने पहुंचते हैं तो उनको इनका आभास नहीं होता और वह इनकी चपेट में आकर मर जाते हैं। दूसरा खेतों से गुजर रही हाई वोल्टेज तारों की ताकत इतनी ज्यादा होती है कि वह इंसानों और सामान्य जीव जंतुओं को अपनी तरफ खींच लेती है। जिसकी वजह से इनकी मौत हो जाती है। तीसरा कारण देखें तो आवारा पशुओं से बचने के लिए किसानों ने अपने क्षेत्रों के चारों तरफ जालियां लगाई है और उनमें यह करंट देते हैं जिसे से पशुओं को खेत की बाड़ के पास जाते ही झटका लगे ताकि आवारा पशु उनके खेतों में ना घुसे। मगर जाने-अनजाने यह करंट वाली जालीदार तारे पशुं के साथ-साथ किसानों की मौत का कारण बन जाती है। यह झटका मशीन आमतौर पर लगाई तो नीलगाय और छोटा पशुओं से खेती को बचाने के लिए जाती है। मगर किसान खेतों में काम करते वक्त लापरवाही से इनकी चपेट में आ जाते हैं। अन्य कारणों को देखें तो किसानों की खुद की लापरवाही खेतों में पानी देते वक्त या टूबवेल चलाते वक्त तारों के संपर्क में आने से ऐसी मौतों की केस सामने आए हैं। इंसुलेशन के टूटने, जंग लगने और आर्द्र मौसम के दौरान कंडक्टिव पथ के बनने के कारण मोटर या कंट्रोल बॉक्स की केसिंग के संपर्क में आने वाला लाइव कंडक्टर अक्सर होने वाली घटना है। ऐसी स्थिति में, मोटर पम्पसेट और नियंत्रण बॉक्स के धातु के आवरण के साथ शारीरिक संपर्क से उचित अर्थिंग प्रदान न करने पर घातक आघात होता है। कृषि जल पम्पिंग सिस्टम में अर्थिंग के लिए आवश्यक देखभाल नहीं की जा रही है। यहां तक कि अनुचित अर्थिंग परिस्थितियों में भी यदि कम ऑपरेटिंग वोल्टेज को चुना जाता है, तो बिजली के झटके पूरी तरह से समाप्त हो सकते हैं। भारत ने वर्ष 2019 में प्रधान मंत्री की कुसुम योजना (किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान) शुरू की है। कुसुम योजना के घटक बी के तहत, अकेले 17.5 लाख, सौर ऊर्जा संचालित कृषि पंप स्थापित किए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक की अधिकतम क्षमता 7.5 एचपी होगी, जहां ग्रिड आपूर्ति नहीं है। उपलब्ध। 7.5 एचपी से अधिक क्षमता के पंप भी स्थापित किए जा सकते हैं, हालांकि, वित्तीय सहायता 7.5 एचपी क्षमता तक सीमित है। बिजली के झटके से होने वाली मौतों की रोकथाम कुसुम योजना द्वारा प्राप्त अतिरिक्त लाभ है, एक छिपा हुआ तथ्य, जिसके व्यापक प्रचार की आवश्यकता है। मामूली संशोधन के साथ, यदि इस योजना का विस्तार ग्रिड संचालित पंपों को बदलने के लिए भी किया जाता है (अब यह योजना ग्रिड संचालित पंपों को कवर नहीं कर रही है), तो यह किसानों को बिजली के झटके से होने वाली मौतों को अधिकतम सीमा तक कम करने में मदद करती है।

कुसुम योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लागू किया जाना चाहिए-और जहां तक संभव हो अधिक संख्या में पानी पंपिंग सिस्टम को कवर करने के लिए विस्तारित किया जाना चाहिए। इससे हमारे किसानों को बड़ी राहत मिलने वाली है। नयी योजनाओं के साथ-साथ बिजली के ढीले तार ठीक करना, हाईवोल्टेज बिजली पोल का समाधान ढूंढना, खेत में लगाई जाली से बचना, रात को पानी चलाते समय सावधानी खेतों में किसानों को असमय मौत से बचा सकती है।

# केजरीवाल को क्यों रोका हुआ है?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विदेश जाने से केंद्र सरकार ने रोक रखा है। पिछले सवा महिने से उनकी अर्जी उप-राज्यपाल के दफ्तर में अटकी पड़ी है। पहले उन्हें उप-राज्यपाल की अनुमति लेनी पड़ेगी और फिर विदेश मंत्रालय की! किसी भी मुख्यमंत्री को यह अर्जी क्यों लगानी पड़ती है? क्या वह कोई अपराध करके देश से पलायन की फिराक में है? क्या वह विदेश में जाकर भारत की कोई बदनामी करनेवाला है? क्या वह देश के दुश्मनों के साथ विदेश में कोई साजिश रचने वाला है? क्या वह अपने काले धन को छिपाने की वहां कोई कोशिश करेगा? आज तक किसी मुख्यमंत्री पर इस तरह का कोई आरोप नहीं लगा। स्वयं नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए कई देशों में जाते रहे। कांग्रेस की केंद्रीय सरकार ने उनकी विदेश-यात्राओं में कभी कोई टांग नहीं अड़ाई। तो अब उनकी सरकार ने केजरीवाल की सिंगापुर-यात्रा पर चुप्पी क्यों साध रखी है? उन्हें अगस्त के पहले हफ्ते में सिंगापुर जाना है। क्यों जाना है? इसलिए नहीं कि उन्हें अपने परिवार को मौज करानी है। वे जा रहे हैं, दुनिया में दिल्ली का नाम चमकाने के लिए। वे ह्यविश्व शहर सम्मेलनह्ल में भारत की राजधानी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली का नाम होगा तो क्या भारत का यश नहीं बढ़ेगा? 2019 में भी हमारे विदेश मंत्रालय ने केजरीवाल को कोपेनहेगन के विश्व महापौर सम्मेलन में नहीं जाने दिया था। जबकि इसी सम्मेलन में पहले शीला दीक्षित ने शानदार ढंग से भाग लिया था। शीलाजी ने दुनिया भर के प्रमुख महापौरों को बताया था कि उन्होंने दिल्ली को कैसे नए रूप में संवार दिया है। उसी काम को अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने चार चांद लगा दिए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी और संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव इन कामों को देखकर प्रमुदित हो गए थे।

दिल्ली के अस्पतालों, स्कूलों, सड़कों, मोहल्ला क्लीनिकों, सस्ती बिजली-पानी वगैरह ने केजरीवाल की आप सरकार को इतनी प्रतिष्ठा दिला दी है कि पिछले चुनावों में कांग्रेस और भाजपा का सूंपड़ा साफ हो गया है। केंद्र सरकार इस तथ्य को क्यों नहीं समझ पा रही है कि वह उप-राज्यपाल के जरिए दिल्ली सरकार को जितना तंग करेगी, वह दिल्ली की जनता के बीच उतनी ही अलोकप्रिय होती चली जाएगी। केंद्र सरकार की यह सावधानी उचित है कि देश का कोई भी पदाधिकारी विदेश जाकर कोई आपत्तिजनक काम या बात न करे। इसके लिए यह आवश्यक किया जा सकता है कि विदेश मंत्रालय उन्हें मार्ग-निर्देश कर दे। वैसे तो सारे नेता अपनी इस जिम्मेदारी को प्रायः भली-भांति समझते हैं और अपनी विदेश-यात्राओं के दौरान संयम बरतते हैं।

मैंने अपनी विदेश-यात्राओं के दौरान दिए गए भाषणों में कभी किसी सरकार या विरोधी की कभी निंदा नहीं की, जबकि भारत में रहते हुए मैंने किसी को भी कभी नहीं बख्शा। मोदी सरकार यह मानकर क्यों चले कि उसका कोई विरोधी नेता विदेश जाएगा तो उसकी बदनामी ही करेगा? यदि वह वैसा करता भी है तो भी सरकार के पास उसकी बधिया बिठाने के कई उपाय हैं। इसके अलावा यह बात मैं निजी अनुभव से जानता हूं कि विदेशों में हर किसी बड़े नेता के पीछे हमारे गुप्तचर डटाए जाते हैं? मुझे विश्वास है कि केंद्र सरकार और उप-राज्यपाल अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर-यात्रा की अनुमति शीघ्रातिशीघ्र देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

हसनपुर। विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति मौत हो गई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बेटी की ससुराल में हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला। जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना सैदनंगली के गांव फत्तेहपुर खादर निवासी धर्मवीर ने बेटी चंचल की शादी दो वर्ष पूर्व हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कला निवासी विजेंद्र के साथ की थी। मंगलवार को धर्मवीर को सूचना मिली कि उसकी बेटी की मौत हो गई है। मौत की सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंच गए और ससुरालियों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा।सूचना मिलने पर सीओ सतीश चंद्र पांडे, प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार त्यागी मौके पर पहुंच गए। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी भी गांव पहुंचे। हंगामा कर रहे मृतका के मायके वालों को समझा-बुझाकर शांत किया। मृतका की मां दयावती ने बताया कि बेटी की गला घोंटकर हत्या की गई है।मामले में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार त्यागी ने बताया कि महिला काफी दिनों से बीमार चल रही थी। उसका उपचार चल रहा था।

### एएसपी ग्रामीण ने सीओ के साथ कांवड यात्रा मार्ग का भ्रमण किया

बिजनौर। राम अर्ज, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व सुमित शुक्ला, क्षेत्राधिकारी (नगीना) जनपद बिजनौर द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत कांवड यात्रा मार्ग का भ्रमण निरीक्षण कर कावंडियों की सुगम यात्रा हेतु समुचित पुलिस प्रबंध किये जाने हेतु थाना प्रभारी, नगीना व थाना प्रभारी, कोतवाली देहात को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### आज होगा महिला जन सुनवाई एवं जागरूकता चैपाल का आयोजन

बिजनौर। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार ने जन सामान्य को सूचित करते हुए बताया कि मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं एवं महिला उत्पीड़न सम्बन्धी घटना के निस्तारण के लिए दिनांक 20 जुलाई, 2022 दिन बुधवार समय पूर्वान्ह 11:30 बजे विकास भवन सभा कक्ष में श्रीमती अवनी सिहं मा0 सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनायो विषयक जागरुकता चैपाल का आयोजन भी दिनांक 20 जुलाई,2022 को अपरान्ह 02:30 बजे ग्राम पंचायत-मोरना, विकास खण्ड-नूरपुर में सदस्य की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

### पुलिस ने दो अपराधियों को दबोचा

कोतवाली देहात। मंगलवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 02 नफर व अभियुक्त उद्दीन पुत्र हसीनुद्दीन व सिमउद्दीन पुत्र हसीनुद्दीन निवासीगण ग्राम महुआ थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर को सदिंग्ध हालत में 2742/2021 मुकिम अपराध संख्या 281/16 धारा 498ए,323 आईपीसी व 3/4 दहेज अधिनियम आईपीसी में गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# ऐतिहासिक रामडोल शोभायात्रा में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की माँग

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष नगर में निकाली जाने वाली भव्य एवं ऐतिहासिक शोभा यात्रा के संबंध में कमेटी के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी से मिला और शोभायात्रा में विशेष स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस व महिला पुलिस बल की तैनाती की मांग की।मंगलवार को श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के अध्यक्ष पं० कपिल शर्मा एवं महामंत्री मनोज अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर आगामी 20 अगस्त को नगर में निकलने वाली भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा में प्रशासनिक सहयोग करने की मांग की ।

ज्ञापन में कहा गया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी से अगले दिन नगर के मोहल्ला कोट स्थित प्राचीन रियासत वाला मंदिर से प्रारंभ होने वाली विशाल रामडोल शोभायात्रा इस वर्ष 20 अगस्त को निकाली जाएगी । जिसमें नगर के मुख्य मार्ग मोहल्ला कोट, कोट चौराहा, कसाई खाना, जट बाजार, तहसील, चौक, शाही चबूतरा, काला कुआं, बाजार रज्जाक, मोहल्ला पनवाड़ी आदि जगहों पर अतिरिक्त और विशेष पुलिस व महिला पुलिस बल को तैनात करने की एवं नगर में साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की गई । आगे कहा गया कि प्रत्येक वर्ष निकलने वाली इस भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा को देखने दर्शनार्थी एवं भक्तों आसपास के जनपदों से भी अमरोहा में आते हैं । जो कि काफी भव्य एवं दर्शनीय शोभायात्रा है । ज्ञापन देने वालों में कपिल शर्मा, मनोज अग्रवाल, अजय चतुर्वेदी, विवेक शर्मा, मनु शर्मा एडवोकेट, मयंक शर्मा, राज शर्मा, दीपक बंसल, अर्पण कौशल, वासु दीक्षित, अचल अग्रवाल, संजीव गोयल, मनुज गोयल, अमित रस्तोगी, हर्ष महेश्वरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डीसीएम ने मारी टैज्क्टर ट्राली में टक्कर, आठ घायल



नगीना, प्रात : किरण संवाददाता

थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत मेन हाइवे पर सिटी डिग्री कॉलेज के निकट डीसीएम नं0 न्च14 ज्2839 की ट्रेक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गयी, जिसमें ट्रेक्टर ट्राली में सवार करीब 20-25 व्यक्तियों में से 05 व्यक्तियों को तथा डीसीएम सवार 03 व्यक्तियों को हल्की चोटें आयी है जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद सकुशल उनके गंतव्य स्थान के लिये रवाना कर दिया गया है। सम्भवतः ट्रेक्टर चालक को नींद की झपकी आने के कारण ट्रेक्टर डिवाइर क्रॉस करके दूसरी साइड चला गया था तथा विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम से टकरा गया।

## धारा 307 का झूठा केस दर्ज कराने वाले व्यक्ति को पुलिस ने भेजा जेल



स्योहारा, प्रात : किरण संवाददाता

● भाई सुरेंद्र को फसाने के लिए झूठा मुकदमा लिखाया गया था

भाई को फंसाने के लिए अपने आप खुद को गोली मारने वाले को पुलिस ने भेजा जेल। अपने ही भाई से रखता था आपसी रंजिश। पुलिस की विवेचना में हुआ षड्यंत्र पदार्फाश। थाना क्षेत्र के ग्राम सेलाखेड़ी निवासी सूरजभान पुत्र हीरा सिंह के बीती 24 जून को बिजनौर तारीख से लौटते समय गांव के नजदीक एक ट्यूबेल के पास गोली लग गई थी। जिसमें सूरजभान गंभीर रूप से घायल हो गया था.। घटना से पुलिस प्रशासन व परिजनों में कोहराम मच गया था। घायल अवस्था में सूरजभान को स्योहारा सीएचसी पर भर्ती कराया गया था। जहां पर सूरज भान ने पुलिस को बताया था कि उसका भाई सुरेंद्र उससे रंजिश रखता है और उसने ही बिजनौर से लौटते समय उसके गोली मारी है। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच शुरू कर दी। जिसमें घटना झूठी पाई गई। थानाध्यक्ष राजीव चैधरी ने बताया कि मुकदमा अपराध संख्या 240/22 धारा 307 आईपीसी में संबंधित सूरजभान पुत्र हीरा सिंह ने पंजीकृत कराया गया था। जिसमें विवेचना के दौरान सूरजभान द्वारा निजी स्वार्थ के लिए अपने भाई सुरेंद्र को फसाने के लिए झूठा मुकदमा लिखाया गया था। विवेचना के दौरान धारा 307 आईपीसी की घटना का होना नहीं पाया गया। घटना पूर्णतया झूठी साबित हुई है अतः मजरब सूरजभान पुत्र हीरा सिंह निवासी सेलाखेड़ी थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को धारा 195/211 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय बिजनौर भेजा गया है।

### कुदरत की गर्मी कि मार झेल रहे जनपद व कस्बेवासी

मंडावर। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे व जनपद में हो रही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से परेशान है। जनता जिसमें विद्युत विभाग भी कम जिम्मेदार नहीं है। इतनी भीषण गर्मी होने के कारण भी मंडावर में बिजली विभाग अपनी कटौती करने से बाज नहीं आ रहा है। उधर गर्मी से निजात पाने के लिए जनता टूवेल वह हैंडपंप नहर गंगा में नहा कर अपनी गर्मी को दूर कर रही हैं ।लेकिन मर्द तो बाहर जाकर नहा कर अपनी गर्मी को दूर कर भी लेगा लेकिन घरों में महिलाओं वह छोटे-छोटे बच्चों का गर्मी की वजह से क्या हाल हो रहा होगा यह सारी जनता जानती है। अगर ऐसी गर्मी में विद्युत विभाग सक्रियता दिखाए तो हो सकता है। महिलाओं वे छोटे-छोटे बच्चों को गर्मी से थोड़ी सी निजात मिल सके मंडावर में घंटो घंटो बिजली हो रही है गुल ना दिन का पता लाइट गुल होने का ना रात का पता किस टाइम लाइट गुल हो जाए और किस टाइम आ जाए अगर ऐसा ही चलता रहा तो गर्मी के कारण भी जनता किसी भी बीमारी की परेशानी में पड़ सकती है। विद्युत विभाग के प्रति जनता के अंदर बहुतआक्रोश देखने को मिल रहा है।

## कुकर्म के आरोपी को 20 साल की सजा,बीस हजार रुपये का लगाया जुमार्ना

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

न्यायालय ने 8 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने के दोषी को बीस साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर बीस हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। इतना ही नहीं जुमार्ने की धनराशि में से पंद्रह हजार रुपये पीड़ित बालक को सौंपने के आदेश दिए हैं। हालांकि गिरफ्तारी के बाद से ही दोषी जेल में बंद है। उसे जमानत नहीं मिल सकी थी।यह घटना सैदनगली थाना क्षेत्र के एक कस्बे की है। यहां पर मजदूर का परिवार रहता है। 18 जून 2021 को मजदूर का 8 वर्षीय बेटा खाना खाकर दिन में ग्यारह बजे घर से बाहर घूमने निकला था। तभी पड़ोस मोहल्ले में रहने वाला मुशीर बालक को बहला-फुसलाकर खंडहर नुमा मकान में ले गया। जहां उसने बालक के साथ दुष्कर्म किया। बच्चे को तलाश करते हुए उसके पिता व चाचा मौके पर पहुंच गए और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने की कोशिश की। लेकिन मुशीर मौके से भाग निकला। पीड़ित बालक के पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी मुशीर के खिलाफ



● गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में बंद था दोषी, नहीं मिली थी जमानत

एफआईआर दर्ज कराई। बाद में पुलिस ने मुशीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।गिरफ्तारी के बाद से ही मुशीर जेल में बंद है। उसे जमानत नहीं मिल सकी थी। यह मुकदमा अपर जिला और सत्र न्यायाधीश विशेष (पॉक्सो एक्ट प्रथम) डॉ.कपिला राघव की अदालत में विचाराधीन था। न्यायालय ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट बसंत सिंह सैनी ने पैरवी की। न्यायालय ने साक्ष्य के आधार पर आरोपी मुशीर को दोषी करार दिया और 20 साल कैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

### एएसपी ने परेड की सलामी लेकर किया गया परेड का निरीक्षण

बिजनौर। डॉ0 प्रवीन रंजन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) जनपद बिजनौर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बिजनौर में मंगलवार परेड की सलामी लेकर किया गया परेड का निरीक्षण, शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाया गया ड्रिल, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। मंगलवार को डॉ0 प्रवीन रंजन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) जनपद बिजनौर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स बिजनौर में परेड की सलामी ली व परेड़ का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात परेड में सम्मिलित सभी पुलिसकर्मियों को दौड लगवाकर तथा व्यायाम के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिये प्रेरित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन्स के भ्रमण निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा पुलिस सब्सिडियरी कैन्टीन, पीआरवी गाडियों के रखरखाव एवं फिटनेस को चैक किया गया तथा पुलिस मैस में भोजन की गुणवत्ता को चैक कर साफ-सफाई तथा खाने की उच्च गुणवत्ता बनाये रखने के लिये प्रतिसार निरीक्षक व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## कुँवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र का क्राव सेक्युर्टी लिमिटेड मे हुआ चयन

बिजनौर,प्रात : किरण संवाददाता

कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर के मैकानिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र मनमोहन का जानी मानी मल्टीनेशनल कंपनी क्राव सेक्युर्टी (प्रा॰) लिमिटेड में सिस्टम एडमिन पद पर चयन हुआ है, जिससे उसके व कॉलेज परिवार मे एक खुशी का माहोल है। ज्ञात हो कि छात्र मनमोहन निवासी बिजनौर ने बताया कि ऑनलाइन एक्जाम टेक्निकल राउंड व एच आर इंटरव्यू की प्रक्रिया पार करते हुए मैंने जानी मानी प्रसिद्ध कंपनी क्राव सेक्युर्टी (प्रा॰) लिमिटेड मे सिस्टम एडमिन के पद पर जॉइन किया है, तथा मेरा सैलरी वार्षिक पैकेज रु॰ 3.60 लाख है, यह मेरे व मेरे परिवार के लिए बहुत ही सौभाग्य व खुशी का अवसर है



कॉलेज सचिव कुंवर उदयन वीरा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) व कु॰ रुचि वीरा (पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) ने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि कुँवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर जैसे छोटे शहर मे स्थापित होने के बावजूद भी यहा के छात्र शिक्षा क्षेत्र मे अच्छा प्रदर्शन कर जानी मानी मल्टीनेशनल कंपनी क्राव सेक्युर्टी (प्रा॰) मे नियुक्ति पा रहे है। इस अवसर पर ग्रुप निदेशक उमेश गुप्ता व संस्था निदेशक प्रो. (डा.) स्वतन्त्र कुमार पोरवाल ने छात्र उसामा को क्राव सेक्युर्टी (प्रा॰) मे प्लेसमेंट होने पर बहुत बहुत बधाई दी और छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि अन्य छात्रो का भी प्लेसमेंट एक से बढ़कर एक कंपनीयों मे हुआ है जो संस्थान दुवारा विद्यार्थियों के हित मे किए गए सार्थक प्रयास को दशार्ता है तथा नियोजन की यह प्रक्रिया उसी क्रम मे आने वाले समय मे भी कॉलेज के द्वारा जारी रहेगी इस अवसर पर संस्था के ग्रुप निदेशक उमेश कुमार गुप्ता एव निदेशक प्रो. (डा.) स्वतन्त्र कुमार पोरवाल ने छात्र मनमोहन के उज्वल भविष्य की कामना की, तथा विभागाध्यक्ष गौरव गुप्ता व समस्त फैकल्टी मेम्बर्स को बधाई दी छात्र मनमोहन ने इस सफलता का श्रेय अपने फैकल्टी मेम्बर्स व अपने माता पिता को दिया है। इस अवसर पर सभी विभागो के विभागाध्यक्ष, डॉ. शुएब अली खान, सुनील भारद्वाज, राजीव कुमार, एन पी एस भण्डारी, अंशिका पाठक आदि उपस्थित रहे।

## नौ लाख बच्चों को आज खिलाई जाएगी पेट के कीड़े की दवा

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक से 19 साल तक के लगभग नौ लाख बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा एलबैंडाजोल खिलाई जायेगी यह दवा जिले के सभी स्कूल-कालेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलाई जाएगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव सिंघल ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक से 19 वर्ष तक के 920241 बच्चो को एलबैंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इसमें जनपद के सभी सरकारी, गैर सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालय, अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान, बालिका निकेतन एवं समाज कल्याण विद्यालय के साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत बच्चों को भी दवा दी जाएगी।डॉ. सिंघल ने निर्देश दिया है कि अपने स्तर से सभी बच्चों को स्कूल बुलवाएं, जिससे कोई भी बच्चा इस दवा से वंचित न रहे। यदि जो बच्चा



आज दवा से वंचित रह जाएगा तो उसे 25 व 27 जुलाई माप अप राउंड के तहत दवा खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर उम्र के हिसाब से दवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस गोली का स्वाद स्वादिष्ट है जिसे बच्चे आराम से ग्रहण करेंगे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों को बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर स्कूल अवश्य भेंजे ताकि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे। इसमें उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की है।

### चयनित ग्रामों में होगी ग्रिड संयोजित सौर पावर प्लान्ट की स्थापना

बिजनौर। उप कृषि निदेशक बिजनौर गिरीश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी नेडा-बिजनौर एवं प्रधानमंत्री कुसुम (कम्पोनेन्ट-ए) योजना के अन्तर्गत द्वारा ग्रिड संयोजित सौर पावर प्लान्ट की स्थापना चयनित ग्रामों में अनुपजाऊ व बंजर भूमि के कृषकों की आय में बढाध्त्तरी के उद्देश्य से कृषकों भूमिधरों को प्रात्साहित कराकर ई-निविदा राज्य के ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट पर दिनांक 27 जूलाई 2022 तक निविदा आमंत्रित की गयी है। उन्होंने बताया कि 33/11 केवी सबस्टेशन मंण्डावर के अन्तर्गत चयनित ग्राम लालपुर, लैगपुरी, मण्डावर, मोहिडीया व 33/11 केवी सबस्टेशन अफजलगढ के अन्तर्गत चयनित ग्राम झाड़पुर भागीजोत,है। उप कृषि निदेशक बिजनौर गिरीश चन्द्र ने उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, बिजनौर एवं नगीना को पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया है कि वह चयनित ग्रामों में अनुपजाऊ व बंजर भूमि के कृषकों की आय में बढोत्तरी के उद्देश्य से कृषकों भूमिधरों को प्रात्साहित कराकर ई-निविदा राज्य के ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट पर आमंत्रित निविदा में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

## नौगांवा सादात में निकाला गया जश्ने गदीर,इमामबाड़े में आकर हुआ सम्पन्न

नौगावां सादत,प्रात : किरण संवाददाता

कस्बे में जश्ने गदीर बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में मोला अली सोसाइटी फ़्र्‌ के तत्वाधान मेंतारिक राजा उर्फ शोबी रजा अधिवक्ता की अध्यक्षता में जुलूसे गदीर इमाम बाड़ा हाजी बाकर से जुलूसे गदीर निकला गया। इस जुलूसे गदीर के आयोजक तारिक रजा रहे थे।यह जुलूसे गदीर मोहल्ला, मेन बाजार, इमाम बारगाह, हाजी मोहम्मद बाकर साहब से बरामद हुआ, जो मोहल्ला, गुला तालाब बंगला, कर्बला रोड, बड़ी इमली, खेडी का मोड़, पी डब्लू रोड, फखापुर्रा, कट्कुई, शाह्फरीद पापड़ी, अली नगर, अली चोक से अबू तालिब चोक, एस एम इन्टर कॉलेज होता हुआ बुध बाजार, मेन बाजार, इमाम बाड़े मोहम्मद बाकर में आकार संपन्न हुआ।दरअसल, ईद इ गदीर वो मुबारक दिन है। जब गदीर इ खुम के मैदान में मोहम्मदे मुस्तुफा



स.अ. वसल्लम ने खुदा के हुक्म पर 18 जिल्लिहज्ज 10 हिजरी को अपने सभी अस्हाबा को इकठा किया। जो अस्हबा आगे चले गए थे, उन्हें पीछे बुलाया गया। जो पीछे रह गए उन्हें आगे बुलाया। जो रसूल के साथ थे उन्हें वही रुकने को कहा। पालान और शुतूर का बुलंद मिम्बर बनाया गया। रसूले खुदा ने एक बहुत ही महत्व पूर्ण खुतबा दिया। जिसे खुताब्ये गदीर कहते हैं।रसूले खुदा ने कहा की मन कुन्तो मोला हो फहाजा अलिउन मोला की। हजरात अली अस को इस मिम्बर पर बुलंद करकर अली अस की जानशीनी का एलान थे। जो हमारे आखरी पैगम्बर के हुज्जतिल विदा के मौके पर पैगम्बर द्वारा किया गया था। जिसे विलायते अली का दिन मनाया जाता है।इस मौके पर मोलाना कोकब मुजतबा,सिरात मुजतबा मोलाना मसरूर अब्बास मोलाना हसन अख्तर ,मोलाना सरदार साहब ,मोलाना हैदर अब्बास साहब मोजूद रहे और अपने अपने उपदेश जुलुस में दिए। मोला अली सोसाइटी के मेम्बेर्स,एडवोकेट शुभी रजा मुल्लाह अतहर वकार हैदर शाही,अब्बास अली ,वजीर अस्करी मुस्तफा माजिद रजा नदीम अब्बास ,हाजी सय्यद हसन,अजीम काशन फरमान कोनेन आदी लोग मोजूद रहे।

### महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक



हल्दौर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाभिमान के दिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति आदि के संबंध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। वहीं सडकों पर तथा स्कूल कालेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

# बिजली किल्लत को लेकर डीएम से मिलें अहमदनगर वासी

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी से मंगलवार को अहमदनगर के दर्जनों लोग मिले। जहां उन्होंने शिकायती पत्र सौंपते हुए डीएम को अवगत कराया कि आज तक उनकी गली में बिजली के पोल नहीं लग सके हैं।इस समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। गली में विद्युत पोल ना होने की वजह से तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उधर डीएम ने मोहल्ले वासियों की शिकायत का जल्द समाधान कराने का दावा किया है। जानकारी देते हुए मौहल्ला अहमदनगर ( मलिन बस्ती ) के रहने वाले दर्जनों लोगों ने बताया कि उनकी गली में आज तक विद्युत पोल नहीं लगे हैं। जिसके चलते उन्हें विद्युत कनेक्शन कराने के लिए भारी परेशानियों का सामना



करना पड़ता है। इतना ही नहीं गली से कई सौ मीटर दूर बाहर सड़क पर लगे विद्युत पोल से बिजली का कनेक्शन लेना पड़ता है। जिसके लिए अतिरिक्त केबिल ( तार ) लेना होता है। साथ ही पूरी गली में तारों का झुंड बना हुआ है। जिसकी वजह से कभी भी हादसा हो सकता है।इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि इस संबंध में वह बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह रणनीति तैयार कर आंदोलन करेंगे।इस मौके पर आसिफ, रामकिशन, असलम, वाहिद, मनोज कुमार, सोनू, हरि ओम, ज्योति, पूनम, पूरन सिंह, राजेश, माजिद, कंचन, धर्मवीर, राजकुमार, जहांगीर, शाने, साबिर, गोविंद, सोनू सैनी, संजय सैनी, हरकेश, राजू सैनी समित अहमदनगर के तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिव भक्तों की परेशानी का कारण बनेगा नगर का जाम

स्योहारा, प्रात : किरण संवाददाता

हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाने वाले शिवभक्त कांवड़िए नगर के मुख्य चैराहों से गुजरते हैं। नगर के मुख्य चैराहों में लगने वाला जाम शिवभक्त कांवड़ियों की समस्याओं को बढ़ाएगा। जाम से निबटने के लिए प्रशासन को जाम की समस्या से दो दो हाथ करने होंगे। हजारों की संख्या में कांवड़िए कांवड़ को लेकर स्योहारा नगर के मुख्य चैराहों से गुजरते हैं। इन चैराहो में पल पल जाम की स्थिति बनी रहती हैं। अब ऐसे में जबकि शिवभक्तों का सैलाब इन चैराहों से गुजरेगा तो कांवड़ियों को परेशानी का सामना करना होगा। उन्हें जाम का झाम झेलना पड़ेगा। इन दिनों भी कांवड़िए जाम को झेल रहे हैं। अब जब पर्व की तिथि नजदीक आती रहेगी कांवड़ियों की भीड़ भी बढ़ती रहेगी जिससे यह जाम कांवड़ियों की परेशानियों का सबब तो बनेगा ही। स्योहारा नगर के मुख्य चैराहों धामपुर चुंगी, थाना चैराहा, हाजी इलियास पंप चैराहा से हजारों शिवभक्त कावड़िए कांवड़ लेकर गुजरते हैं। पुलिस वालों की ड्यूटी के बावजूद भी इन चैराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण यहां से गुजरने वाले शिव भक्तों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**फटपाथों से हटाया जाए अतिक्रमण**

दुकानों के बाहर फुटपाथों पर फैला अस्थायी अतिक्रमण भी जाम की समस्या को बढ़ाता है। अतिक्रमण से मार्ग सकरे हो जाते है और शिवभक्त कांवड़ियों को निकलने में अवरोध उत्पन्न होता है। ऐसे में आवश्यकता है कि कांवड़ मेले तक फुटपाथों से अस्थायी अतिक्रमण को हटवा दिया जाए।


## पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश एवं एक सिपाही घायल,अस्पताल में भर्ती

सैदनगली, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस की बाइक सवार बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जो एक लाख का इनामी बदमाश उमर उर्फ गटुआ था। साथ ही मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही अखिलेश कुमार भी घायल हुआ है। मौके से बदमाश के पास से एक बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

पकड़ा गया बदमाश 2018 में हसनपुर थाना इलाके में हुई महिला की हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही सिपाही का भी इलाज चल रहा है। उधर एसपी ने भी रात ही घटनास्थल का मौका मुआयना कर स्थिति का जायजा लिया है।

जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि बीती रात थाना सैदनगली इलाके में पुलिस टीम के रात्रि गश्त करते हुए दौरान एक



बाइक संदिग्ध रूप से आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने बाइक को रोकने का इशारा किया, तो बदमाश ने पुलिस पर सामने से फायर झोंक दिया। जिसके बाद पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गई।

मुठभेड़ के दौरान बदमाश उमर उर्फ गटुआ पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही अखिलेश कुमार भी घायल हुआ है। मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश हसनपुर थाना क्षेत्र के काला खेड़ा का रहने वाला है। साथ ही बताया कि बदमाश 2018 में अपनी चाची की हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। इस पर एक लाख का इनाम घोषित था। फिलहाल दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिवसीय संभागीय खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

लखनऊ। संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय दिलकुशा केन्ट में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 जुलाई को विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वीनू मिश्रा द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता 20 जुलाई से 23 जुलाई के बीच होगी। विघालय के वरिष्ठ शिक्षक के.के. पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता में खो खो प्रतियोगिता अण्डर 14 और 17 खेली जाएगी। इसमें केन्द्रीय विघालय लखनऊ सम्भाग की 22 टीमें भाग रही है।

### जीएसटी के विरोध में व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

धनौरा। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अरुण कुमार को सौपा। मंगलवार दोपहर संगठन पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल जैन ने कहा कि खुदरा वस्तु आटा, गुड़, दाल, चावल आदि वस्तुओं पर लगे जीएसटी की दरों से छोटे उत्पादकों व खुदरा विक्रेताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। खाद्य विभाग के भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी शोषण करेंगे।

# यूपी में 18 नई नगर पंचायतों के गठन का फैसला

लखनऊ, एजेंसी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 18 नई नगर पंचायतों के गठन को मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा 20 नगर पालिका परिषदों के सीमा विस्तार का भी निर्णय लिया गया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को भी मंजूरी दी गई।

इसके तहत 100 महत्वाकांक्षी विकास खंडों के 100 शोधार्थियों को 20 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से फेलोशिप दी जाएगी। उन्हें एक टैबलेट प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में पेश किए गए कुल 56 में से 55 प्रस्तावों को मंजूदी दे दी गई। बैठक में 18 नई नगर पंचायतों के गठन को मंजूरी दी गई। इसके अलावा लालगंज, प्रतापगढ़, मानिकपुर, भगवंत नगर, उन्नाव, मलिहाबाद, लखनऊ, रायबरेली, अमरोहा नगर पालिका परिषद की सीमा विस्तार करने का निर्णय लिया गया। जिन नई नगर पंचायतों के गठन का निर्णय लिया गया है उनमें कटरा गुलाब सिंह बाजार (प्रतापगढ़), हीरा गंज बाजार (प्रतापगढ़), गहवारा बाजार (प्रतापगढ़), हीरा लखीमपुर खीरी, गैसड़ी (बलरामपुर), खखेरू (फतेहपुर), कारिकन धाता (फतेहपुर), तरकुलवा, पथरदेवा और बैतालपुर (देवरिया), गोंडा के तरबगंज, धानेपुर, बेलसर, गोरखपुर में घरसरा बाजार, हैसर बाजार (संतकबीर नगर), घरसरा बाजार (गोरखपुर) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत राजापुर चित्रकूट, मठौध, पाली हरदोई, कटरा मेदनी गंज प्रतापगढ़, भगवंतनगर उन्नाव, सहपऊ हाथरस, मलिहाबाद (लखनऊ), बड़हलगंज (गोरखपुर), अमिला (मऊ), पचपेड़वा (बलरामपुर), कुरारा (हमीरपुर), सलोंन (रायबरेली), महोली (सीतापुर) और नगरपालिका (अमरोहा), नगरपालिका परिषद महमूदाबाद की सीमा का विस्तार होगा। राजभर ने बताया कि श्रम विभाग ने नियमों में कुछ बदलाव किया है। बोइलर्स में छेड़ छाड़ करने पर जो दो साल की सजा का प्रवधान था। सजा के प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। अन्य फैसले- बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती के प्रस्ताव को मंजूरी। क्लस्टर बनाकर खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी तक ले जाने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चाधिकार समिति का गठन किया गया था। सुझाव आये थे। उसके आधार पर निविदा। पुलिस विभाग (गृह विभाग) 135 निष्प्रयोज्य वाहनों के सम्बंध में प्रस्ताव पास हुआ। जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायतों के प्रमुखों के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों के सम्बंध में प्रस्ताव पर लगी मुहर।

**विस्तार**

- 20 नगर पालिका परिषदों का होगा सीमा विस्तार

# अल्पसंख्याक कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर किया गया बैठक का आयोजन

संभल, प्रात : किरण संवाददाता




अल्पसंख्यक कांग्रेस उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की आज ही के दिन 19 जुलाई 1969 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी द्वारा बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था जबकि केंद्र कि मोदी सरकार सरकारी बैंकों के निजी करण के लिए मानसून सत्र में बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक लाने जा रही है।

जिससे देश बर्बाद हो जाएगा देश के प्रधानमंत्री मोदी जी बैंकों का राष्ट्रीयकरण खत्म करके निजी करण इसलिए करना चाहते हैं की बैंकों के निजी मालिक मेहुल चौक सी ललित मोदी विजय माल्या की तरह आसानी से पैसा लेकर भाग जाएं प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने कहा कि मोदी सरकार सरकारी बैंकों को अपने उद्योगपति मित्रों को दान में दे देने के लिए बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक लाने जा रही है जिसके पास हो जाने के बाद इन बैंकों में सरकार का शेर 51 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत हो जाएगा जिससे इन बैंकों में जमा आम आदमी का पैसा एक तरह से निजी उद्योग पतियों का हो जाएगा इन सरकारी बैंकों को मोदी जी के बे मित्र खरीदेंगे जो खुद सरकारी बैंकों के कर्जदार हैं और अपना बकाया कर्जा मोदी सरकार से माफ करा लेते हैं ऐसे उदाहरण भी दिखेंगे जहां मोदी जी के मित्र उसी बैंक से कर्जा लेकर उसी बैंक को खरीद लेंगे और उन्होंने यह भी कहा की इंदिरा गांधी ने 1969 में 19 जुलाई को बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर निजी बैंकों के लाभ को राष्ट्र के विकास में लगाने और उनको जनता के प्रति जवाब दे बनाने के लिए उनमें सरकार की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत रखी थी जिससे बैंक जनता के नियंत्रण में रहे लेकिन अब मोदी जी इन बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत करने और अगले कुछ सालों में पूरी तरह खत्म कर देने के लिए कानून ला रहे हैं जिससे इन बैंकों का अब जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के प्रति कोई जवाबदेही नहीं रह जाएगी उल्टे बे अव मनमाने ब्याज दर पर सरकार को ही कर्ज देने लगेंगे उन्होंने कहा कि बैंकों के निजी हाथों में जाते ही बैंक की नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था भी खत्म हो जाएगी जिससे पिछड़े दलित आदिवासियों और गरीब सवर्णों के बच्चे बैंकों में नौकरी नहीं कर पाएंगे कांग्रेस नेता मोहम्मद अहमद ने कहा की अल्पसंख्यक कांग्रेस इस कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी इस दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला चेयरमैन आरिफ खान तनवीर नगर चेयरमैन डॉक्टर सलाउद्दीन सैफी प्रदेश महासचिव हाजी अशरफ अंसारी प्रदेश सचिव मोहम्मद इब्राहिम उर्फ छिद्दा तौकीर अहमद सरफराज अहमद नासिर हुसैन सैफी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा की कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न

संभल, प्रात : किरण संवाददाता




जिला कार्यालय भारतीय जनता पार्टी एकता विहार कालोनी संभल पर जिला कार्यकारिणी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी व मोर्चों के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई बैठक की शुरूआत दीनदयाल उपाध्याय भारत माता एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर की गई बैठक की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़क बंशी ने बुथ सशक्तिकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया की अधिकांश विधानसभा में सशक्तिकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है बैठक में आगामी कार्यक्रमों के बारे में जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा ने बताया की पन्ना प्रमुख का कार्य एक बार फिर करना है इसके साथ ही प्रत्येक बूथ पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने हैं प्रत्येक व्हाट्सएप ग्रुप में सो मतदाताओं को जोड़ना है उन्होंने आगे बताते हुए कहा की माननीय नरेंद्र मोदी जी की मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री रहते हुए बीस वर्ष का ऐतिहासिक कार्यकाल पूर्ण हुआ है इस उपलक्षय में बुद्धिजीवी गोष्टी एवं डिग्री कॉलेज में छात्रों के बीच कार्यक्रम करने हैं इसके साथ ही आगामी 15 अगस्त को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और कार्यकताओं को घर घर जाकर तिरंगा लगाने का कार्य करना है संचालन जिला महामंत्री अर्जुन बाल्मीकि एवं कमल कुमार कमल व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़क बंशी ने कि बैठक में राजेश सिंघल परमेश्वर लाल सैनी डॉक्टर नरेंद्र सिंह हरेंद्र सिंह रिंकू अखिलेश अग्रवाल सुधीर मल्होत्रा मंजू दिलेर अवधेश यादव धीरेंद्र यादव विपिन गुप्ता जयप्रकाश गुप्ता प्रभात शर्मा हरिओम शर्मा मुकुल कुमार रस्तोगी कुमोद वार्ष्णेय मनोज कठेरिया आकाश अग्रवाल शिल्पी गुप्ता हर्षित रस्तोगी गणेश शर्मा अंकुश ठाकुर प्रतिज्ञा गर्ग संध्या गर्ग आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम**

- बीस वर्ष का ऐतिहासिक कार्यकाल पूर्ण हुआ है इस उपलक्षय में बुद्धिजीवी गोष्टी एवं डिग्री कॉलेज में छात्रों के बीच कार्यक्रम करने हैं

## सरकार के फैसलों से सभी वर्ग निराश: राजेंद्र सिंह

**अमरोहा।** राष्ट्रीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह धारीवाल ने मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए। क्षेत्र व प्रदेश में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई। सरकार पर किसानों, मजदूरों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। सोमवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार से किसानों को ही नहीं बल्कि व्यापारी, मजदूर, ठेले वाले, पटरी वाले सभी वर्गों को बड़ी आस थी। सरकार के दूसरे कार्यकाल में कुछ बेहतर होने की उम्मीद थी। कहा कि इसके उलट अभी तक सरकार के फैसलों से निराशा ही हाथ लगी है। संगठन जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी के बेटे की दुकान के ताले तोड़कर चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया लेकिन गजरौला पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष ने किसानों से एकजुट होने का आह्वान किया। संगठन की नीतियों को किसान, मजदूरों तक पहुंचाने की अपील की।

# श्रावण मास के शिव आराधना मनोवांछित फल दायक: शरद भारद्वाज

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



हिंदू जागृति मंच ने श्रावण मास के सोमवार को त्यौहार की तरह मना कर सामूहिक भजन पूजन कीर्तन एवं महा आरती का आयोजन नगर के मनोकामना तीर्थ पर किया। नगर के मनोकामना तीर्थ पर आयोजित सामूहिक महाआरती कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य यजमान शरद चंद्र भारद्वाज तथा निधि शर्मा ने भगवान शिव का पूजन अभिषेक आराधना की। पूजन कार्यक्रम पंडित अजय शुक्ल ने संपन्न कराया।

तत्पश्चात उपस्थित भक्तों ने शहद दही गंगाजल आदि से बने जल से भगवान शिव का अभिषेक किया, बेलपत्र धतूरा आदि चढ़ाकर अपनी श्रद्धा अनुसार दक्षिणा भी भेंट की। तत्पश्चात सभी भक्तों ने पंक्ति बद्ध खड़े होकर हाथ में आरती की थाली लेकर महा आरती का गायन किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान शरद चंद्र भारद्वाज ने कहा कि श्रावण मास का सोमवार भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। यही कारण है कि श्रावण मास का सोमवार साधारण दिवस नहीं बल्कि एक त्योहार है। श्रावण के सोमवार को जो भी भक्त निर्मल मन से आस्था और श्रद्धा के साथ भगवान शिव का पूजन आरती करता है उसे मनोवांछित फल प्राप्त होता है।

निधि शर्मा ने भगवान शिव को समर्पित अपने उद्बोधन में शिव महिमा का विस्तार से वर्णन किया। सरिता गुप्ता, प्रीति शर्मा, शालिनी रस्तोगी, गुंजा गुप्ता, सीमा आर्या, हिमानी भारद्वाज, आशा गुप्ता, आदि ने संयुक्त रूप से भगवान शिव को समर्पित भजन गाए। सामूहिक महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

अनंत कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र शर्मा, विकास कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, अजय कुमार शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। माधव मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

## बीते तीन महीने में परिवहन निगम ने मुनाफा कमाया : दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** योगी सरकार दो के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को लोक भवन में प्रेस वार्ता कर अपने विभाग की उपलब्धियां गिनाईं। परिवहन मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश को रोडवेज बसों के नेटवर्क से जोड़ा गया है। 12 हजार 500 गांवों में अभी बस नेटवर्क नहीं है लेकिन जल्दी सभी गांवों तक बस सर्विस उपलब्ध कराई जाएगी। पांच हजार गांवों में अभी रोड नेटवर्क विकसित होना है। मंत्री ने अपने विभाग की सबसे बड़ी उपलब्धी बीते तीन महीने में परिवहन निगम के मुनाफा कमाने को बताया। कहा, परिवहन निगम फायदे में आई है। उन्होंने कहा कि नए ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस व्यवस्था से भले ही अभी समस्या आ रही हो। भविष्य में यह समस्या दूर हो जाएगी। आरटीओ के चक्कर लगाने से बचने के लिए नई व्यवस्था बनाई गई है। परिवहन विभाग में पहली बार एकमुश्त शास्ति समाधान योजना के लिए 27 जून को अधिसूचना जारी की गई। यह आदेश के गजट में अधिसूचित किए जाने के दिनांक से तिथि से तीन माह के लिए प्रभावी रहेगी।

# नगर पालिका सीमा विस्तार को मिली मंजूरी, केक काटकर मनाई खुशी



अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार की सूचना मिलने के बाद पालिकाध्यक्ष के आवास पर केक कटकर खुशी का इजहार किया गया।

मंगलवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शशि जैन ने बताया कि नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है जिसके बाद नगर पालिका परिषद क्षेत्र में 45 गांव और जुड़ गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस खुशी के बाद कार्यकर्ता उत्साहित हैं और उन्होंने उनके घर पर पहुंचकर केक काटकर इस खुशी का इजहार किया है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

## बुंदेलखंड के सातों जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रस्ताव को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड के सभी सात जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रस्ताव को मंगलवार को उत्तरप्रदेश मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी। इस योजना पर 68.83 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बुंदेलखंड में चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, जालौन, झांसी, महोबा और ललितपुर जिले आते हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद उत्तर प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यहां पत्रकारों से कहा, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड के सभी सात जिलों के 47 विकास खंडों में ऐसी खेती करने का सरकार ने निर्णय लिया है। उन्होंने बताया, द्यपांच वर्षों में 23,500 हेक्टेयर क्षेत्र में 470 क्लस्टर विकसित किए जाएंगे और इस पर आने वाला 68.83 करोड़ रुपये का खर्च राज्य अपने संसाधनों से वहन करेगा। शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कई मौकों पर कहा था कि राज्य सरकार बुंदेलखंड को प्राकृतिक खेती का केंद्र बनाएगी।

# डीएम ने अवैध कब्जा रोकने में नाकाम लेखपाल सोनबरसा को किया निलम्बित

वाराणसी, एजेंसी

जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित राइफल क्लब सभागार में जन सुनवाई की। इस दौरान फरियादियों ने कहा कि उनके आवेदनों पर अधिकारियों द्वारा दिये गये निदेशों का पालन नही हो रहा।

तहसील स्तर पर जिन शिकायतों का निस्तारण किया जाना चाहिए उन पर कार्यवाही न करने के कारण पीड़ित उच्चाधिकारियों के पास शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। एक पीड़ित फुलवरिया कैंट निवासी नीरज कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि लेखपाल के खिलाफ शिकायत पर आपने उसके खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्यवाही की थी। जांचोपरांत बंजर भूमि पर किये गये कब्जे को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी ने निर्देशित भी किया था। जिलाधिकारी ने लेखपाल अंचल परिहार को जम कर डांटा और कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने का निर्देश दिया। इसी तरह ग्राम सोनवरसा, परगना कटेहर, तहसील सदर, वाराणसी की निवासी माधुरी यादव ने शिकायती पत्र दिया था कि उसने आराजी नं. 33छ रकबा 0.354 हे0 बैनामा कराया और धारा 116 के अन्तर्गत बंटवारा के लिए प्रार्थना पत्र दिया था।

परन्तु विपक्षी द्वारा कब्जा नहीं लेने दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जमीन की पैदाइश कराने व किसी का अवैध कब्जा हो तो उसकी नामजद एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था। इस मामले में सम्बन्धित लेखपाल सोनबरसा ने निर्देश की अवहेलना की। इस पर जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान ही लेखपाल को मोबाइल पर कड़ी फटकार लगाई और निलम्बित करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि आज शाम तक यदि पैमाइश कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की तो बर्खास्त करने की कार्यवाही भी की जायेगी। इसके साथ ही एसडीएम सदर तथा एसओ चौबेपुर को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

## पहुंच ऐप के माध्यम से शिक्षा कार्य को बनाया जा रहा पारदर्शी: गुलाब देवी

**लखनऊ।** हमारी प्रमुखताओं शिक्षा को ज्ञान के साथ ही राष्ट्रीयता की भावना पैदा करने वाली शिक्षा को बढ़ावा देना है। शैक्षणिक क्षेत्र में तकनीकी को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। विद्यालयों की स्थिति के बारे में जानकारी के लिए मैपिंग की गई है। इसके लिए एक ऐप पहुंच विकसित की गई है। इससे शिक्षा व्यवस्था को काफी पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है। ये बातें योगी सरकार की माध्यमिक शिक्षा विभाग की मंत्री गुलाब देवी ने कही। वे सरकार की सौ दिन की उपलब्धियां गिना रही थीं। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में वाई-फाई की व्यवस्था की गई है, जिससे स्मार्ट क्लासेज चलाने में सहूलियत होगी। विद्यालयों में वाई-फाई की व्यवस्था करना लोकसंकल्प में उल्लिखित है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ई-पोर्टल भी शिक्षा के लिए विकसित किया गया है। पोर्टल सभी नागरिकों के लिए उपलब्ध है। ई पोर्टल में सभी पुस्तकों के साथ ही ज्ञान का भंडार है, जिससे घर बैठे जानकारी ली जा सकती है।

# शिव मंदिर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार



संभल, प्रात : किरण संवाददाता

थाना चंदौसी क्षेत्र के अंतर्गत प्राचीन शिव मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया था प्राचीन शिव मंदिर को क्षतिग्रस्त करने वाले अभियुक्त के विरुद्ध चंदौसी पुलिस ने मुकदमा भी पंजीकृत कर दिया था थाना चंदौसी पुलिस द्वारा अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया इसी दौरान थाना चंदौसी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई पुलिस मौके पर तुरंत पहुंच गयी इसी दौरान मोहल्ला लोधि ध्यान से अभियुक्त भूरा उर्फ प्रमोद पुत्र मुंशी यादव को गिरफ्तार कर कर लिया गया है गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक कार्यवाहक वेद प्रकाश गुप्ता उप निरीक्षक विजेंद्र कुमार कांस्टेबल मयंक कुमार रमन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली या वज्रपात से कैसे बचों

## वज्रपात जोखिम वाले क्षेत्रों में रहें सतर्क रहें

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



मानसून का समय चल रहा है और ऐसे में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना भी क्षेत्रों में बनी रहती है। जिसमें जनमानस को जागरूक करने हेतु एवं आकाशीय बिजली से अपना कैसे बचाव करें। इसके बारे में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण संभल द्वारा बताया गया है कि जब आप घरों में हो तो आकाशीय बिजली या वज्रपात होने के समय इन निदेशों का पालन शत-प्रतिशत करें।

जैसे कि बिजली उपकरणों, स्विचों, तारों, और टेलीफोन का प्रयोग ना करें। और खिड़की के कांच, टीन की छत, गीले सामानों और लोहे के हैंडलों से रहें दूर। दीवारों के सहारे टेक लगाकर ना खड़े हों, स्नान करना तुरंत रोक दें। जब आप घर से दूर हो तो इन निदेशों का पालन करें। अगर आप के सर के बाल खड़े हो रहे हों, त्वचा में झुनझुनी हो तो फौरन सर झुका कर कान बंद कर लें, क्योंकि आपके आसपास बिजली गिरने वाली ही होगी। सफर के दौरान अपने वाहन में शीशे चढ़ा कर बैठे रहें। मजबूत छत वाले वाहन में रहें, खुली छत वाले वाहनों की सवारी ना करें। वज्रपात के समय अगर आप पानी में हो तो तुरंत बाहर आ जाएं। किसी बिजली के खंबे के समीप ना खड़े हों। यदि आप जंगल में हो तो बौने एवं घने पेड़ों के शरण में चले जाएं। धातु से बने कृषि यंत्र आदि से अपने को दूर कर दें। यदि आप खेत खलियान में काम कर रहे हों और किसी सुरक्षित स्थान की शरण ना ले पाए हों तो जहां है वहीं रहें और पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें जमीन पर किसी भी दशा में ना लेटें पैदल जा रहे हो तो, धातु की डंडी वाले छातों का उपयोग ना करें।

वज्रपात के मामले में मृत्यु का तात्कालिक कारण हृदयाघात होता है। अगर जरूरी हो तो संजीवन क्रिया प्राथमिक चिकित्सा सीपीआर प्रारंभ कर दें संजीवन क्रिया या प्राथमिक चिकित्सा देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रभावित व्यक्ति के शरीर में विद्युत का प्रभाव न हो रहा हो एवं यह भी सुनिश्चित करने की पीड़ित की नाड़ी एवं साथ स्वाश चल रही हो। जनमानस पर वज्रपात/ आकाशीय बिजली के जोखिम आकाशीय बिजली गिरने के समय भारी विद्युत प्रवाह होता है। इसकी परिधि में आने वाले जीवों की मृत्यु तक हो सकती। यदि बिजली के संपर्क में व्यक्ति पहले से ही हो तो खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है। यदि व्यक्ति किसी ऊंचे पेड़ के पास खड़ा हो और पेड़ के ऊपर वज्रपात हो जाए तो वज्रपात का प्रभाव बगल से भी हो सकता है।

वज्रपात से जानमाल की व्यापक क्षति होती है। लोगों की जान तक चली जाती है। जो जीवित बचते हैं वह किसी कार्य के लायक नहीं रहते। जैसे आंखों की रोशनी चले जाना, सुनने की क्षमता समाप्त या कम हो जाना इत्यादि। और फूस के घरों में आग लगने की घटना भी बनी रहती है। अतः सभी लोग आकाशीय बिजली या वज्रपात से सतर्क रहें एवं सावधानी बरतें और सुरक्षित रहें। एवं अपने आसपास के लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**रहरा।** थाना क्षेत्र में बीमार पिता की दवाई लेने जा रहा युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना थाना क्षेत्र के जयतौली गांव का है। यहां के निवासी गफूर कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं। इनकी दवाई दिल्ली से चल रही हैं।

उनका लड़का शाहनवाज पिता की दवाई लेकर आता है। बीती रात शाहनवाज अपने पिता की दवाई लेने के लिए ट्रेन से दिल्ली जा रहा था। रात दो बजे ट्रेन गढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकी तो शाहनवाज पानी पीने के लिए उतरा।

इसी समय अचानक दूसरी लाइन पर ट्रेन आने से वह उसकी चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर घर के लोग मौके पर पहुंचे। उसकी पत्नी, बेटा व बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# राजधानी में आप के 24 जुलाई को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन के लिये तैयारी पूर्ण

**चुनाव**

- सम्मेलन से होगी निकाय चुनाव के अभियान की शुरूआत: सभाजीत सिंह

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



आगामी 24 जुलाई को लखनऊ के रफा-ए-आम क्लब में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिये नि. प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह जी ने लखनऊ के सरोजनी नगर,कैंट,उत्तरी विधानसभा के कार्यकताओं, पदाधिकारीयों की महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के पत्रकार पुरम स्थित कार्यालय पर करतें हुए लोगों को सम्मेलन के संदर्भ में जिम्मदरियाँ देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि आगामी आसन्न निकाय चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में प्रदेश के प्रत्येक जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जायेगा और इसकी शुरूआत 24 जुलाई को प्रथम कार्यकर्ता सम्मेलन लखनऊ में अयोध्या जिलें से होगा।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद/यूपी प्रभारी संजय सिंह जी होंगें। कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से कार्यकताओं को निकाय चुनाव की चुनौतियों से निपटने का मंत्र संजय सिंह देंगें। अयोध्या के सम्मेलन में सैकड़ों के संख्या में जिले और प्रदेश के नेता, वार्ड अध्यक्ष/प्रभारी, संभावित पार्षद / मेयर प्रत्याशी सम्मिलित होंगें।

अपने नेता संजय सिंह जी के आगमन पर स्वागत की तैयारियों पर भी चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित नेताओं के सुझावों को भी सम्मिलित करतें हुए, तैयारी को अमली जामा पहनाया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### किसान का बेटा बना दारोगा, हर्ष व्याप्त



मोतीहारी। जिला के पहाड़पुर प्रखंड क्षेत्र के सरैया बाजार के बंजारी पट्टी गांव में किसान के बेटा ने दारोगा बन पहाड़पुर प्रखंड के साथ साथ परिवार का नाम भी रौशन कर दिया। बंजारी पट्टी निवासी किसान शुभाष शर्मा के बड़े पुत्र राकेश कुमार शर्मा ने दारोगा के अपने दूसरे प्रयास में परीक्षा में सफल होकर दारोगा बने है। दारोगा में चयन होने के बाद राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि उनकी प्राम्भिक पढ़ाई सरैया बाजार में हुई वही इंटर व स्नातक तक पढ़ाई एलएनडी मोतिहारी में हुई उसके बाद दारोगा की तैयारी उन्होंने पटना से की। पटना में रहते हुए उन्होंने परीक्षा की भी तैयारी शुरू कर दी। पहली बार बिहार पुलिस दारोगा भर्ती की परीक्षा दी जिसमे असफलता हाथ लगी, फिर उसके बाद दूसरे प्रयास में दारोगा बनने का सपना पूरा किया। राकेश शर्मा ने बताया कि उनकी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय पिता शुभाष शर्मा, माता उमरावती देवी, छोटे भाई व शिक्षको का है, जिन्होंने हमेशा उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित किया। इनके दरोगा बनने पर बड़े पिता जगदम्बा शर्मा, भाई शिवशंकर शर्मा, अर्जुन शर्मा, सद्दाम आरिफ, मनील शर्मा ने बधाई दी है।

# डीएम ने शेरशाह सूरी उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण





**निरीक्षण**

● 159 प्रखंडस्तरीय 19 जिलास्तरीय जांच दलों द्वारा जिलाधिकारी नेतृत्व में 317 फर्टिलाइजर रिटेल शॉप्स 165 विद्यालयों 18 स्वास्थ्य उप केंद्रों की हुई जांच

जिलाधिकारी, रोहतास धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश पर सम्पूर्ण रोहतास जिले में 159 प्रखंडस्तरीय जांच दलों तथा 19 जिलास्तरीय जांच दलों द्वारा स्वयं जिलाधिकारी के नेतृत्व में 317 फर्टिलाइजर रिटेल शॉप्स, 165 विद्यालयों, 18 स्वास्थ्य उप केंद्रों की गहनतापूर्वक एवं विशद जांच की गई। स्वयं जिलाधिकारी द्वारा सासाराम मुख्यालय स्थित शेरशाह सूरी उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने शिक्षकों तथा छात्र/छात्राओं से भी इंटरेक्शन किया। इन ₹मेगा जांचों₹ का उद्देश्य बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इनका उद्देश्य शिक्षण व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन लाना है, सकारात्मक सुधार लाना है न कि किसी को दंडित किया जाना है।सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, वैल्यू एजुकेशन मिले, सुदूर ग्रामीण अंचल के वंचित/निर्धन परिवार के बच्चों का समग्र विकास हो, यही सरकार एवं जिला प्रशासन का अंतिम लक्ष्य है।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में आचरण एवं व्यवहार रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यालय अवधि में अध्यापन के अलावा खाली समय मे वाचनालय/रीडिंग रूम में अपने ज्ञान को अपडेट करने तथा छात्रों की व्यक्तिगत/मनोवैज्ञानिक/शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण में सकारात्मक सहयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य को नियमित रूप से क्विज, डिबेट, खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजन कराते रहने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद के खुदरा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण एवं स्टॉक, विक्रय मूल्य इत्यादि की जांच आगे भी जारी रहेगी। स्वास्थ्य उप केंद्रों की व्यापक जांच के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता विशेषकर वंचित वर्गों को उनके निकटतम स्थल पर बेहतर दवाएं और चिकित्सा सुविधाएं निरंतर और गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध कराया जाना सरकार का महत्वपूर्ण लक्ष्य एवं जिला प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकता है। ज्ञातव्य है कि सभी 159 क्षेत्रीय जांच दलों के जांच प्रतिवेदनों की समीक्षा प्रखंड मुख्यालय में ही उन प्रखंडों के वरीय प्रभारियों द्वारा की जानी है। तत्पश्चात प्रखंडवार समेकित प्रतिवेदन की समीक्षा जिलास्तर पर जिलाधिकारी द्वारा की जानी है। प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दो पिस्टल सहित दो अपराधी गिरफ्तार

**रामगढ़वा।** रामगढ़वा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष इन्द्रजीत पासवान के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के बेला नहर चौक के समीप बीती शाम छापेमारी कर दो पिस्टल व चोरी की यामाहा बाईक के साथ एक नेपाल व एक मुफस्सिल थाना मोतिहारी के दो अपराधियों को खदेड़कर गिरफ्तार किया है। दोनों गिरफ्तार कर पुलिस ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल किया है। पुलिस इनलोगों का आपराधिक इतिहास खंगालने में लगी है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मुफस्सिल थानाक्षेत्र के गड़रिया गांव निवासी मनोज दास का पुत्र गुलशन कुमार व नेपाल के जिला रोहतक के नारायणी निवासी सर्पलाल महतो का पुत्र रवि कुमार महतो के रुप में हुई है। ऐसे आशंका लगायी जा रही है कि ये हथियार की आपूर्ति करते है, इस बिन्दु पर भी पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष इन्द्रजीत पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की हथियार के साथ दो लोग बाईक पर सवार होकर रामगढ़वा की ओर आ रहे है। सूचना पर बेला नहर चौक पर सादे लिवास में पुलिस को तैनात कर दिया गया था, जैसे ही ये लोग बाईक से बेला पहुँचे तो पुलिस दबोचने के लिए लपकी, तब ये लोग बाईक छोड़कर सरेह में भागने लगे, जिसे करीब आधा किलोमीटर खदेड़कर गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान इनके पास से दो पिस्टल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के विरुद्ध बैठक आयोजित

चकिया, प्रात :किरण संवाददाता



अनुमंडल के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी शंभू शरण पांडे की अध्यक्षता में चकिया अनुमंडल क्षेत्र विकास मित्रों की बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के विरुद्ध राज्यव्यापी अभियान के अंतर्गत बने किशोर किशोरी समूह की नियमित बैठक करने से उनके अंदर नेतृत्व, आत्मविश्वास, जागरूकता और क्षमता विकास होगा, जिससे वे वास्तविक एवं सामाजिक परिस्थितियों का सामना करके उनका व्यावहारिक हल ढूंढ सजेंगे।

उन्होंने कहा कि विद्यालय से वंचित बच्चों को विद्यालय से जोड़ा जाए। समुदाय को सरकारी योजनाओं की जानकारी और उसको जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, यूनिसेफ के सहयोग से सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान प्रोजेक्ट के जिला समन्वयक हामिद रजा ने बैठक के एजेंडे पर चर्चा करते हुए कहा कि किशोर-किशोरी समूह की बैठक नियमित की जाए और उसकी रिपोर्ट तैयार की जाए, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा विरुद्ध राज्यव्यापी अभियान के तहत मंदिर और मस्जिद के धर्मगुरुओं के साथ हर महीने बैठक की जाए ताकि अपने जिले में जो बाल विवाह का आंकड़ा है, उस को कम से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी बाल व्यापार, मानव तस्करी रोकने के लिए को प्रत्येक दिन पलायान रजिस्टर अपडेट किया जाए ताकि बाहर जाने वाले लोगों की खासतौर से बच्चों का आंकड़ा संग्रहित हो सके। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक कृष्णा कुमार और जितेंद्र कुमार सिंह ने पंचायत रजिस्टर के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि कोविड-19 में पंचायत को इस तरह की सूचनाएं एकत्रित नहीं होने के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा था इस रजिस्टर को अपडेट करने से बच्चों के साथ पलायन करने वाले परिवारों की जानकारी पंचायत को प्राप्त हो सकेगी। इस बैठक में कल्याणपुर विकास मित्र कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार, मेहसी कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार, केसरिया उपेंद्र राम, सुमित्रा कुमारी ,सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी विकास मित्र मौजूद थे।

# मत्स्यजीवी समिति के मंत्री बने मनोज सहनी

सुगौली, प्रात : किरण संवाददाता



प्रखंड कार्यालय में प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अलग- अलग पदों पर प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत दर्ज की। जानकारी के अनुसार मत्स्यजीवी समिति केमंत्री पद पर मनोज सहनी व कार्यकरणी के अध्यक्ष पद पर राजेश सहित 13 लोग चुनाव जीते। निर्विरोध जीत होने पर मंत्री पद के प्रत्याशी के समर्थकों में भारी खुशी थी। सभी लोगो ने उनका भव्य स्वागत किया।

मंत्री पद निर्विरोध जीतने पर सैकड़ो लोगो ने बधाई दी और प्रखंड कार्यालय से भीड़ जीत की नारेबाजी करते हुए निकली। बधाई देने वालो में नप उपमुख्य पार्षद श्याम शर्मा, प्रखंड प्रमुख रीना कुँवर, उपप्रमुख बबिता देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष मालती देवी, दिवाकर मिश्र, शंभु साह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष चुनचुन सिंह, मोहन साह, मुखिया सुनील सहनी सहित कई शामिल थे। चुनाव में हुए निर्विरोध मत्स्य समिति के मंत्री सह कोषाध्यक्ष मनोज सहनी ने बताया कि आम लोगो का प्यार और जनता के सहयोग से ही सब संभव है। जनता का सेवा ही धर्म है। वही बीडीओ तेजप्रताप त्यागी ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दे दिया गया। सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### पत्रकार का मोटरसाइकिल चोरी

**बगहा।** बगहा में बाइक चोरी का गिरोह सक्रिय हो गया है इसी संदर्भ में बतादे की बगहा के पत्रकार नरेन्द्र पान्डेय के निवास स्थान बेलवा डुमरिया से चोरों ने हीरो स्पेलेन्डर बाइक चोरी कर चंपत हो गये है मामले की जानकारी तब हुयी मंगलवार की सुबह पत्रकार की नींद खुली तो उसनें देखा कि तीन बाइक रखी हुई थी उसमे पत्रकार का बाइक गायब था जिसको आस पास में खोजबीन व लोगों से पता किया गया कही पता नहीं चला तो स्थानीय नगर थाना बगहा में चोरी का मामला दर्ज कराई गई चोरी हुई बाइक का रजिस्ट्रेशन न. ठत 22 8011 अंकित है जब पत्रकार समाज को आईना दीखाने वाला सुरक्षित नहीं है तो औरों का हाल होगा आप समझ सकते हैं यह एक निंदनीय घटना है हम बात करे पुलिस प्रशासन की तो बगहा में चोरी की घटनाएं आयेदिन सामने आती रहती हैं लेकिन ऐसा लगता है कि पुलिस प्रशासन कुंभकर्ण की नींद में सोई हुई है इस मामले मे पुछे जाने पर जाने पर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है जल्द ही बाइक चोरी गैग का भंडाफोड़ किया जाएगा।

# बीडीओ ने ग्राम कचहरी सचिवों के साथ की बैठक



रामगढ़वा, प्रात : किरण संवाददाता

लोक अदालत में निष्पादन होने योग्य वादों की सूची उपलब्ध कराने को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में सभी ग्राम कचहरी के सचिवों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए बीडीओ मोहम्मद सज्जाद ने कहा कि आगामी 13 अगस्त को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है।इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विहित प्रपत्र में सुलह के योग्य वादों की सूची जमा करानी है। इसमें ग्राम कचहरी स्तर पर संपूर्ण वादों की सूची, ट्रायल नंबर, शुल्क, स्टेटमेंट, विटनेस, बिजनेस और डिस्पोजल भरकर जमा करना है। बैठक में ग्राम कचहरी के सचिवों की कम उपस्थिति को देखकर बीडीओ ने नाराजगी प्रकट की। बीडीओ ने कहा कि बुधवार तक सभी ग्राम कचहरी सचिव विहित प्रपत्र में मांगी गई सूचना उपलब्ध कराएंगे।ऐसा नहीं करने वाले कचहरी के सचिवों पर स्पष्टीकरण का पत्र निर्गत हो सकता है। बैठक में जितेंद्र मिश्रा, साधना कुमारी, परमानंद प्रसाद, अमर किशोर कुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

# मुखिया को मिली जान मारने की धमकी डीएम व एसपी से सुरक्षा की लगाई गुहार

औरंगाबाद, प्रात :किरण संवाददाता



**धमकी**

● टीपीसी संगठन से मिली जान से मारने की धमकी

जिले के पिपरा बगाही के मुखिया को जान से मारने की धमकी मिली है। इस संबंध में कुटुम्बा प्रखण्ड मुखिया संघ ने औरंगाबाद जिले के डीएम और एसपी को इस संदर्भ में आवेदन देते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है । इस संबंध में कुटुम्बा प्रखण्ड के मुखिया तौहिद आलम ने बताया कि टीपीसी संगठन के नाम एक व्यक्ति का फोन आया जो अपना नाम दिवाकर बताया ।

उसके द्वारा पैसे की माँग की गई। जिसके बाद हमने उसे इग्नोर किया । पुनः हमारे पत्नी के मोबाइल पर फोन आया और 1 लाख रुपये, कपड़ा और जूता का माँग किया गया। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में हमलोगों ने डीएम और एसपी दोनो लोगो को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। हमलोग पूरा परिवार डर के साये में जी रहे है। रिसिअप पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पुद्दू यादव ने बताया कि बिहार में अबतक दर्जनों मुखिया की हत्या हो चुकी है। हमारे प्रखण्ड क्षेत्र के पिपरा बगाही के मुखिया को भी टीपीसी संगठन के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है और रुपये की माँग की जा रही है। औरंगाबाद जिला नक्सल प्रभावित जिला है ऐसे में सभी जनप्रतिनिधियों को डर सता रहा है। हमलोग डीएम और एसपी से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाए है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों को आर्म्स लाइसेंस देने की बात कही गई है लेकिन इसपर कोई कार्यवाही नहीं कि जा रही है । इस दौरान कुटुम्बा प्रखण्ड क्षेत्र के कई मुखिया एवम मुखिया प्रतिनिधि मौजुद रहे।

### नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलिथीन उपयोग करते हैं दुकानदार

**हवेली खड़कपुर।** भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा प्लास्टिक पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगा दिया है के बावजूद हवेली खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र में धड़ल्ले से दुकानदार अपने ग्राहकों को प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलिथीन में सामान भरकर दिया करता है बताया जाता है कि पर्यावरण को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य प्लास्टिक पॉलिथीन पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया है जानकारी के अनुसार नगर परिषद हवेली खड़कपुर के बाजारों में पॉलिथीन की बैग खुलेआम उपयोग में लाया जा रहा है इस संबंध में हवेली खड़गपुर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी प्रथमा पुष्कर से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हवेली खड़कपुर नगर परिषद के दुकानदारों पर कार्यवाही करते हुए 12 विक्रेताओं से लड़ाई ₹250 से ₹500 का जुमार्ना वसूला गया है अगर प्रतिबंध के बावजूद पॉलिथीन नगर क्षेत्र के दुकानदार द्वारा अगर रोक नहीं लगा पाता है तो अभियान चलाकर सभी दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के 127 मोबाइल नरकटियागंज में जप्त

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता



● लगभग 30 लाख रूपय का है मोबाइल

सप्त क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन 125 58 जो नई दिल्ली से चलकर मुजफ्फरपुर तक जाती है। इस ट्रेन से रेल पुलिस द्वारा छापेमारी कर 127 मोबाइल बरामद किया गया। एलटीएफ प्रभारी कमल किशोर सिंह ने बताया कि गाड़ी में शराब की चेकिंग कराई जा रही थी। इसी दौरान एसी बोगी में 6 यात्री सवार थे। इनके बैग की जांच की गई।

जांच के दौरान इनके बैग से मोबाइल निकलने लगा। संदेह के आधार पर रेल पुलिस द्वारा बेतिया स्टेशन पर इनको उतारा गया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए मोहम्मद सिराज पप्पू गोस्वामी नसरुद्दीन करण कुमार घोड़ासहन निवासी ने बताया कि कल्याणपुर दिल्ली में एक दुकान से सटर काटकर इन मोबाइलों को चुराया गया था। हम लोगों की संख्या में थे। दो अपराधी स्टेशन पर चकमा देकर भागने में सफल हो गए हैं। जिनके गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है । गिरफ्तार चोरों के पास से वीवो 31 पीस, रियल मी 23 पीस, रेडमी 11 पीस, एप्पल मोबाइल 8पीस, ओप्पो 9 पीस, वन प्लस 4 पीस, टैब 1पीस, एमआई 1पीस, सैमसंग मोबाइल 31पीस, इंफिनिक्स पांच पीस, एक्स जिओ मी तीन पीस बरामद किए गए हैं। इनकी कीमत लगभग 30 लाख बताई जा रही है। रेल पुलिस की इस सफलता से चोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

# किसान महासभा व भाकपा-माले के बैठक का एलान

बेतिया, प्रात :किरण संवाददाता



● किसानों के जमीन और फसलों की मुआवजा दो नही तो बड़ा आंदोलन

अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा-माले की बैठक तधवानंदपुर के रखनी बाजार चबुतरा पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता रुदल यादव और महेंद्र राव ने किया। बैठक में मंगलपुर उप विवरणी के किनारे भारत निर्माण के तहत बन रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए कार्य में किसानों के खेतों से फसलों और खनन नियमों को ताक पर रख काटे गए मिट्टी की मुआवजा, जबरन फसलों और मिट्टी काटने की प्राथमिक दर्ज करा संवेदक अरविंद सिंह को गिरफ्तार करने और जी एस बी में मात्र बीस फिसदी पत्थर बाकी मिट्टी डालने पर पर संवेदक समेत कनीय, सहायक व कार्यपालक अभियंता पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने कहा प्रधानमंत्री फेज थ्री के तहत बन रहे गदियानी से बलुआ टोला रोड़ में अभियंताओं के मिली भगत से संवेदक ने दस से पंद्रह फिट चैड़ा और पांच से सात फिट गहरा करीब चार सौ किसानों के खेत से गन्ना, मक्का, धान के बिचड़ा आदि समेत मिट्टी जबर भय दिखा काट लिया है।

इसकी सूचना देने पर रोड़ निर्माण से जुड़े अभियंताओं द्वारा संवेदक से बात कर मामला सुलझाने की बात करते रहे। उपर से रोड़ निर्माण में मानक के 60 फिसदी विभिन्न साइज के गिट्टी के बजाय 20 से 25 फिसदी गिट्टी मात्र दे काम शुरू करा दिया। और ग्रामीणों से कहा जाता रहा कि निर्माण कार्य विशिष्ठियों के अनुसार हो रहा है। कुल मिलाकर संवेदक और अभियंताओं के मेंल से किसानों के साथ रोड़ निर्माण में मानक की अनदेखी जारी है। भाकपा माले और किसान महासभा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा और किसानों के खेतों से फसलों और मिट्टी कटौती के खिलाफ समेत घटिया रोड़ निर्माण को लेकर बड़ा आंदोलन चलायेगा। उन्होंने 21 जुलाई को किसान पंचायत का ऐलान किया।

मौके पर मौजूद माले नेता सुरेन्द्र चैधरी ने कहा कि नीतीश मोदी राज भाजपा जदयू से जूड़े संवेदकों के लिए लुट राज में तब्दील हो गया है। इसमें नौकरशाहों समेत सांसद विधायकों की मिली भगत है। रोड़ निर्माण में गड़बड़ी की शुरूआत सांसदों, विधायकों द्वारा टेंडर मैनेज से लेकर घटिया निर्माण तक में होता है। इसकी जाँच की जरूरत है। बैठक में मिथिलेश राव, आशा राम, बचन साह, दिनेश राव, रुदन यादव ने कहा कि 21 जुलाई को किसान पंचायत होगा।

# भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न

चनपटिया, प्रात :किरण संवाददाता



प्रखंड क्षेत्र के पश्चिम तुराहापट्टी पंचायत के मौलनिया गांव के मुखिया शिवम्‌ कुमार उर्फ राजा बाबू के निवास स्थान पर मंगलवार के दिन भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्य समिति का बैठक किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सराफ एवं मंडल अध्यक्ष सह मुखिया दिनेश्वर तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही बैठक में चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे हम एक बदलते हुए भारत की इस तस्वीर को देख रहे हैं। आप सभी कार्यकर्ता पार्टी के कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहने का काम करें। एवं प्रधानमंत्री मंत्री जी के द्वारा चलाए जा रहे योजना के बारे में जन जन तक पहुंचाने का काम करें। वही मंडल अध्यक्ष सह मुखिया दिनेश्वर तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कार्यकताओं से बताया कि आप सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता है। एवं पार्टी के लिए हमेशा समर्पित रहने का काम करें। तथा पार्टी के लिए हमेशा तत्पर रहें।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ, रवि सिंह, मंडल अध्यक्ष सह मुखिया दिनेश्वर तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी , मनोज सिंह, मुखिया शिवम कुमार, सतेंद्र सिंह, बिरेंद्र मांझी, फूनी राय, विभय रंजन चैबे, लालबाबू राय, अनिल गुप्ता, वतन केसरी सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फुलवरिया में पीट-पीटकर हत्या के मामले में 8 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



जिले के फुलवरिया थाने के सहायक श्रीपुर ओपी क्षेत्र के गिदहां गांव में भूमि विवाद को लेकर महिला की पीट-पीटकर हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त प्राथमिकी मृतिका इशरत बानो खातून की पति ऐनुलहक अंसारी ने अपने ही गांव के आठ लोगों को दर्ज आरोपित किया है।

जिसमें मुख्तार अली, सत्तार अली, गफ्फार अली, मुस्कान खातून, आयशा खातून, शकीला खातून, आसमा खातून तथा सोहेल अली दर्ज आरोपित किए गए हैं। उधर प्राथमिकी दर्ज होते ही श्रीपुर ओपी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सहनी व थाने में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद सिंह पुलिस बल के जवानों के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में आरोपित दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

जो गांव में ही छिपी हुई थी। गिरफ्तार दोनों महिलाओं को महिला पुलिस अभिरक्षा के लिए न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया गया है। वही पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। बता दें कि सोमवार की अहले-सुबह गिदहां गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था। जिसमें एक पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

जिसमें सबसे ज्यादा चोटिल इशरत बानो खातून की मौत हो गई थी। जबकि मृतक के पति ऐनुलहक अंसारी भैसूर मोहम्मद इस्लाम मियां, दो बेटियों में शबाना खातून तथा सहाना खातून गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज जारी है। वही घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे अपने घर में ताला जड़कर फरार हो गए। वहीं घटना के बाद गांव में अब भी दहशत का माहौल व्याप्त है।

# युवती के अपहरण की डीएसपी को नहीं जानकारी

हवेली खड़गपुर, प्रात :किरण संवाददाता

अनुमंडल क्षेत्र में अपहरण की घटनाओं में लगातार वृद्धि से आम लोगों में भय व्याप्त हो गया है पुलिस सूत्रों के अनुसार गत दिनों गालिमपुर गांव के शशि भूषण सिंह का पुत्री का अपहरण का मामला प्रतिवेदित हुआ है सूत्रों के अनुसार इस अपहरण की घटना में प्रेम प्रसंग या फिर दुश्मनी से या फिर फिरौती के लिए अपहरण की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग का है हवेली खड़गपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से लेकर थाना प्रभारी शामपुर कुछ भी बताने को तैयार नहीं है डीएसपी खड़गपुर को अपहरण की घटना की जानकारी तक नहीं है जब इस संबंध में संवाददाता ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा कि घटना की कोई जानकारी नहीं है जबकि रामपुर थाने में रविवार को ही प्राथमिकी दर्ज की गई है ।

हालांकि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया है लेकिन शामपुर थाना पुलिस ने अब तक अपहृत लड़की को बरामद नहीं किया हैं। अपहृत लड़की के परिवार के द्वारा अपने पुत्री की सकुशल बरामदगी के लिए थाना पुलिस से गुहार लगाया है शामपुर थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

# रिकॉर्डिंग सेंटर का ताला तोड़कर हजारों के सामान की हुई चोरी

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता



जिले के उचकागॉव थाना क्षेत्र के कुचायकोट-लाइन बाजार मुख्य पथ पर असंदापुर बाजार में स्थित एक रिकॉर्डिंग सेंटर का ताला तोड़कर बीती रात चोरों ने हजारों रुपए मूल्य के सामान की चोरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के दाउद टोला निवासी मोहम्मद फारुख असंदापुर बाजार में रिकॉर्डिंग सेंटर चलाते हैं।

जिसकी देखरेख असंदापुर गांव निवासी सोनू कुमार करते हैं। रविवार की सुबह रिकॉर्डिंग सेंटर चलाने के बाद मोहम्मद फारुख सोनू कुमार के देखरेख में रिकॉर्डिंग सेंटर को छोड़कर कहीं चले गए। इसी दौरान रात्रि दस बजे सोनू कुमार ने उन्हें सूचना दी कि कुछ लोगों द्वारा रिकॉर्डिंग सेंटर के दरवाजे का ताला तोड़कर उसमें रखें दो साउंड बॉक्स, साउंड कार्ड और माइक की चोरी कर ली गई है। जिनकी लागत लगभग 66 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले को लेकर पीड़ित मोहम्मद फारुख के द्वारा थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



# रिकॉर्ड लेवल पर गिरा रुपया

## भारतीय मुद्रा की कीमत में गिरावट का बना नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी



रुपये की कीमत ने आज एक बार फिर ऑल टाइम लो का नया रिकॉर्ड कायम कर लिया। भारतीय मुद्रा की कीमत आज पहली बार डॉलर के मुकाबले 80 रुपये के मनोवैज्ञानिक स्तर से भी नीचे पहुंच गयी। मुद्रा बाजार में आज का कारोबार शुरू होने के कुछ समय बाद ही रुपया कमजोर होकर डॉलर के मुकाबले 80.02 के स्तर पर पहुंच गया।

इंटर बैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने सोमवार की तुलना में 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79.99 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। वैश्विक कारोबार की स्थिति को देखते हुए डॉलर की मांग में तेजी की आशंका के कारण कारोबार की शुरूआत में ही रुपया 3 पैसे फिसल कर पहली बार 80 रुपये के मनोवैज्ञानिक स्तर को तोड़ते हुए डॉलर के मुकाबले 80.02 रुपये के अभी तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस तेज गिरावट के बाद रुपये की कीमत में हल्की स्थिरता आती हुई नजर आई, जिसके कारण दिन के पहले कारोबारी सत्र में भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 80.01 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रही थी। डॉलर इंडेक्स की मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से लगातार हो रही बिकवाली के कारण रुपये पर लगातार दबाव बना हुआ है। इस वजह से पिछले लगातार आठ कारोबारी सत्रों से भारतीय मुद्रा गिरावट का नया रिकॉर्ड बना रही है। 8 जुलाई से लेकर अभी तक की अवधि में रुपये की कीमत में अधिकतम 77 पैसे की गिरावट आ चुकी है। 8 जुलाई को भारतीय मुद्रा की कीमत 79.25 रुपये प्रति डालर थी, जो आज गिरकर 80.02 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंच चुकी है। मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक डॉलर इंडेक्स की मजबूती से तो रुपये पर दबाव पड़ा ही है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति में हुई कमी और कच्चे तेल की कीमत में आई उछाल के कारण भी रुपये की कीमत में गिरावट का रुख बना है।

आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए सऊदी अरब सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से उनकी सऊदी अरब यात्रा के दौरान कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी करने की बात कही थी, लेकिन सऊदी अरब कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने में सफल नहीं हो सका, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की सप्लाई मांग की तुलना में काफी कम हो रही है। ऐसा होने से कच्चे तेल की कीमत में करीब 5 प्रतिशत तक का उछाल आ गया है। इस उछाल का असर भारत जैसे कच्चे तेल के आयातक देशों पर पड़ा है।

इसके कारण भारतीय मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग भी तेज हो गई है और रुपये पर दबाव पहले से भी ज्यादा बढ़ गया है। मयंक मोहन के मुताबिक 26 और 27 जुलाई को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की होने वाली बैठक के परिणामों से भी डॉलर इंडेक्स की मजबूती पर असर पड़ेगा। अगर फेडरल रिजर्व अमेरिका में महंगाई को काबू करने के लिए ब्याज दरों में पहले की घोषणा के मुताबिक एक प्रतिशत तक बढ़ोतरी करेगा, तो इससे डॉलर इंडेक्स को और मजबूती मिलेगी, जिससे रुपये पर दबाव और बढ़ जाएगा, वहीं अगर ब्याज दरों की ये बढ़ोतरी 0.75 प्रतिशत या इससे कम रही, तो डॉलर इंडेक्स में अपेक्षित तेजी नहीं आएगी, जिसका फायदा भारतीय मुद्रा यानी रुपये पर सकारात्मक रूप में पड़ेगा।

**जानकारी**

- रुपया शुरूआती कारोबार में सात पैसे टूटकर 80.05 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

# अमूल ने दही, छाछ और लस्सी की कीमत में 5 फीसदी का किया इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी




पैकेट वाले खाद्य उत्पादों पर 5 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगने के बाद अमूल की दही और लस्सी, छाछ महंगी हो गई है। अमूल ब्रांड के दूध उत्पाद बनाने वाली देश की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने मंगलवार से इन उत्पादों की कीमत पांच फीसदी बढ़ा दी है।

जीसीएमएमएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) आरएस सोढ़ी ने बातचीत में बताया कि जीएसटी परिषद के पैक्जट खाद्य उत्पादों पर 5 फीसदी जीएसटी लगाने के बाद कंपनी ने भी दही, लस्सी और छाछ की कीमत में पांच फीसदी का इजाफा किया है। सोढ़ी ने कहा कि हम छोटे पैकेट पर बढ़ी कीमतों को खुद वहन करेंगे। लेकिन, कुछ उत्पादों पर जीएसटी बढ़ने से दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कंपनी ने सिर्फ छाछ, दही और लस्सी की कीमत में बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में अमूल ब्रांड का 200 ग्राम का दही अब 16 रुपये के बजाय 17 रुपये में मिलेगा, जबकि 400 ग्राम का दही का पैकेट 30 रुपये की जगह 32 रुपये का मिलेगा।

इसी तरह एक किलोग्राम के दही का पैकेट अब 65 रुपये की जगह 69 रुपये में मिलेगा। इसके अलावा मट्ठा पाउच यानी छाछ अब 10 रुपये की जगह 11 रुपये में मिलेगा। इसी तरह मट्ठा टेट्रा पैक वाला 200 एमएल की पैकेट 12 रुपये की जगह अब 13 रुपये में मिलेगा। अमूल ने मुंबई में 200 ग्राम दही कप का दाम बढ़ाकर 21 रुपये में कर दिया है, जो पहले 20 रुपये में मिलता था। इसी तरह 400 ग्राम दही का कप अब 40 रुपये की बजाय 42 रुपये में मिलेगा।

पाउच में मिलने वाला 400 ग्राम का दही भी 30 रुपये की जगह 32 रुपये में मिलेगा। एक किलोग्राम दही का पैकेट 65 रुपये की जगह अब 69 रुपये में मिलेगा। इसके अलावा 500 ग्राम छाछ का पैकेट 15 की जगह अब 16 रुपये में मिलेगा, जबकि 170 एमएल की लस्सी अब एक रुपये महंगी हो गई है, लेकिन 200 ग्राम की लस्सी पहले की तरह 15 रुपये में ही मिलेगी।

**जानकारी**

- आरएस सोढ़ी ने कहा, जीएसटी 5 फीसदी बढ़ने की वजह से कीमत बढ़ाई

## संक्षिप्त खबरें



### एल्युमीनियम एयर बैटरी के उत्पादन को लेकर भारत और इजराइल की प्रमुख कंपनियों में समझौता

तेल अवीव। भारत और इजराइल की प्रमुख कंपनियों ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अत्याधुनिक एल्युमीनियम एयर बैटरी के उत्पादन को लेकर हाथ मिलाया है। इन कंपनियों के बीच इस साझेदारी से भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ेगा और चार्जिंग के बुनियादी ढांचे की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। साथ ही बैटरी का आयात भी कम होगा और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के अभियान को बड़ा समर्थन भी मिलेगा। इन कंपनियों की तरफ से सोमवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, आदित्य बिड़ला समूह की धातु कंपनी हिंडाल्को ने इजराइल की धातु-एयर बैटरी तकनीक कंपनी फिनर्जी और आईओसी फिनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। आईओसी फिनर्जी दरअसल आईओसी और फिनर्जी का संयुक्त उद्यम है। यह समझौता एल्युमिनियम एयर बैटरी तैयार करने को लेकर किया गया है। एल्युमिनियम एयर बैटरी को फिनर्जी ने तैयार किया है। यह बैटरी वजन में हल्की होती है और इसमें ऊर्जा क्षमता अधिक होती है जिससे इलेक्ट्रिक वाहन अन्य बैटरी की तुलना में अधिक दूरी तय कर सकते हैं।

### मजबूत वैश्विक रुख से सोने में मामूली बढ़त, चांदी टूटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना छह रुपये की मामूली बढ़त के साथ 50,290 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु का भाव 50,284 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी 137 रुपये के नुकसान से 55,539 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 55,676 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा,ह्यह्यदिल्ली में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव छह रुपये चढ़ गया। कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोने की कीमतों में आई तेजी से यहां भी इसमें मजबूती रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,711 डॉलर प्रति औंस पर था। वहीं चांदी 18.80 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही।

### जियो ने मई में 31 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े : ट्राई

नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने भारतीय दूरसंचार बाजार में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। कंपनी ने मई, 2022 में 31 लाख से अधिक नए मोबाइल ग्राहक जोड़े हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल ने मई माह में 10.27 लाख नए ग्राहक जोड़े हैं। इसके बाद उसके मोबाइल ग्राहकों की संख्या बढ़कर 36.21 करोड़ हो गई है। ट्राई के मासिक आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो ने मई तक 31.11 लाख वायरलेस ग्राहक जोड़े हैं। अब उसके मोबाइल ग्राहकों की संख्या 40.87 करोड़ पर पहुंच गई है। इसी अवधि में वोडाफोन आइडिया ने अपने 7.59 लाख कनेक्शन गंवाएं हैं।

# अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की जरूरत: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत सौर ऊर्जा, अवसंरचना, सैन्य सहयोग एवं स्टार्टअप पारिस्थितिकी के अहम क्षेत्रों में अफ्रीकी देशों का एक मूल्यवान भागीदार हो सकता है। गोयल ने यहां 17वीं सीआईआई-एक्जिम बैंक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एवं अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार काफी हद तक संतुलित है। भारत इन देशों का जहां 40 अरब डॉलर का निर्यात करता है, वहीं इन देशों से आयात करीब 49 अरब डॉलर है।



गोयल ने कहा, हम आगे भी इस संबंध एवं भागीदारी को जारी रखना चाहेंगे जिसमें दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की आर्थिक वृद्धि में मददगार साबित हों। भारत एवं अफ्रीकी देश विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय आबादी के लिए किफायती एवं असरदार समाधान लाने में मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत अफ्रीका के 1.4 अरब लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए अपनी तरफ से दोस्ती के रिश्ते को मजबूत करना चाहेगा। आपसी भागीदारी के चार ऐसे क्षेत्र हैं जो अफ्रीका एवं भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने आपसी सहयोग के इन संभावित क्षेत्रों में सौर ऊर्जा, भौतिक एवं डिजिटल अवसंरचना, रक्षा क्षेत्र में सहयोग और स्टार्टअप पारिस्थितिकी के विकास को शामिल करते हुए कहा कि भारत अफ्रीकी देशों में वृद्धि का अहम भागीदार बनने के लिए तैयार है। गोयल ने कहा कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग अफ्रीकी देशों के अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने में खुश होगा ताकि इस क्षेत्र की मदद करने के संभावित तरीके पता लगाए जा सकें।

# मैक्रोइकॉनॉमिक परिस्थितियों के कारण 2023 के लिए हायरिंग को धीमा करेगी एप्पल : रिपोर्ट

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और गूगल के बाद, एप्पल कथित तौर पर कठिन वैश्विक मैक्रोइकॉनॉमिक परिस्थितियों के कारण 2023 के लिए हायरिंग को धीमा करने वाली अगली बड़ी टेक कंपनी बन गई है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, एप्पल में हायरिंग में बदलाव सभी टीमों को प्रभावित नहीं करेगा, लेकिन कुछ वर्टिकल में अगले साल हायरिंग गतिविधियों में कमी आएगी। सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी कुछ पदों को भी नहीं भर सकती है एप्पल अगले साल जनवरी में अपने बहुप्रतीक्षित संवर्धित वास्तविकता (एआर) -मिश्रित वास्तविकता (एमआर) हेडसेट को जारी करने की संभावना है।



पिछले हफ्ते, सत्या नडेला द्वारा संचालित माइक्रोसॉफ्ट पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत कर्मचारियों की छंटनी करने वाली पहली तकनीकी दिग्गज बन गई। माइक्रोसॉफ्ट में छंटनी कथित तौर पर अपने कार्यालयों और उत्पाद प्रभागों में अपने 1,80,000-मजबूत कर्मचारियों के लगभग 1 प्रतिशत को प्रभावित कर रही है।

माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज, टीम्स और ऑफिस ग्रुप्स में हायरिंग को भी धीमा कर दिया है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने इस साल कर्मचारियों को काम पर रखने में मंदी के बारे में सूचित किया है, जबकि मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने कर्मचारियों को गंभीर समय की चेतावनी दी है और कुछ भूमिकाओं के लिए हायरिंग फ्रीज जारी किया है। ट्विटर ने भी अपनी भर्ती टीम में 30 प्रतिशत की कटौती की है, जबकि एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर रही है।

अन्य टेक कंपनियां जिन्होंने हायरिंग को धीमा कर दिया है, उनमें एनवीडिया, स्नैप, उबर, स्पॉटिफाई, इंटेल और सेल्सफोर्स शामिल हैं। मीडिया ने बताया कि क्लाउड प्रमुख ओरेकल ने हाल ही में लागत में कटौती के उपायों में 1 बिलियन डॉलर तक बचाने के लिए हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने पर विचार किया है।

# संघीय समझौते के बाद विकलांग यात्रियों को मुआवजा देगी उबर

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म उबर ने विकलांग यात्रियों के साथ भेदभाव करने के आरोपों पर अमेरिकी न्याय विभाग के साथ समझौता किया है। समझौते के हिस्से के रूप में उबेर 65,000 से अधिक उबेर उपयोगकताओं को मुआवजे के रूप में कई मिलियन डॉलर की पेशकश करेगा, जिन पर विकलांगता के कारण भेदभावपूर्ण शुल्क लिया गया था।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने एक बयान में कहा, विकलांग लोगों को दूसरे दर्जे के नागरिकों की तरह महसूस नहीं किया जाना चाहिए या उनकी अक्षमता के कारण दंडित नहीं किया जाना चाहिए, जो कि उबर की प्रतीक्षा समय शुल्क नीति है। कंपनी एक हजार से अधिक राइडर्स को भी 1,738,500 डॉलर का भुगतान करेगी, जिन्होंने विकलांगता के कारण उबर से प्रतीक्षा समय शुल्क वसूलने की शिकायत की थी और विभाग द्वारा पहचाने गए अन्य नुकसान उठा चुके व्यक्तियों को 500,000 डॉलर का भुगतान किया जाएगा। नवंबर 2021 में विभाग ने एक मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उबर ने एडीए के शीर्षक 3 का उल्लंघन किया है, जो उबर जैसी निजी परिवहन कंपनियों द्वारा भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। शिकायत के अनुसार, अप्रैल 2016 में, उबर ने कुछ शहरों में यात्रियों से प्रतीक्षा समय शुल्क वसूलना शुरू किया, अंततः नीति का देशव्यापी विस्तार किया। उबर कार के पिकअप स्थान पर आने के दो मिनट बाद प्रतीक्षा समय शुल्क शुरू हुआ और जब तक कार ने अपनी यात्रा शुरू नहीं की, तब तक शुल्क लिया गया। विभाग की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उबर ने यात्रियों के लिए अपनी प्रतीक्षा समय शुल्क नीति को उचित रूप से संशोधित करने में विफल रहने के कारण एडीए का उल्लंघन किया है, जो विकलांगता के कारण उबर कार में आने के लिए दो मिनट से अधिक समय की जरूरत है।

# स्नैपडील अगले महीने सरकार के ओएनडीसी नेटवर्क पर लाइव होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्नैपडील अगले महीने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई)-प्रकार की पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पर शुरू होने के लिए तैयार है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने इस महीने की शुरूआत में ओएनडीसी प्लेटफॉर्म में शामिल होने के लिए ऑनबोर्डिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि दोनों पक्षों की टीमें अगस्त के मध्य तक अखिल भारतीय लॉन्च को सक्षम करने के लिए आवश्यक तकनीकी एकीकरण को पूरा करने के उन्नत चरणों में हैं। लॉन्च के समय, देश भर के 2,500 से अधिक शहरों और कस्बों को एक्सेस के लिए सक्षम किया जाएगा और वर्ष के दौरान ओएनडीसी




नेटवर्क विस्तार के अनुसार अधिक शहरों और कस्बों को जोड़ा जाएगा। स्नैपडील के अध्यक्ष हिमांशु चक्रवर्ती ने कहा, भारत के खुदरा क्षेत्र का बढ़ता डिजिटलीकरण एक परिवर्तनकारी अवसर है जो विक्रेताओं, खरीदारों और अन्य हितधारकों को बहुत लाभ पहुंचा सकता है। स्नैपडील इस पथप्रदर्शक प्रयास में ओएनडीसी के साथ एक मजबूत साझेदारी की आशा करता है स्नैपडील के साथ काम करने वाले विभिन्न थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स प्रदाता इंटर और इंट्रा-सिटी लॉजिस्टिक्स दोनों प्रदान करेंगे। स्नैपडील ने कहा कि वह ओएनडीसी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध ऑन-नेटवर्क लॉजिस्टिक्स विकल्पों का उपयोग कर सकती है। यह ओएनडीसी पर तीन प्रमुख श्रेणियों- फैशन, घर और सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल के साथ आएगा। ओएनडीसी के साथ, सरकार ई-कॉमर्स एकाधिकार को तोड़ने और माइक्रो, स्मॉल और मीडियम उद्यमों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों को ऑनलाइन लाकर एक अधिक लोकतांत्रिक डिजिटल मार्केटप्लेस बनाने के लिए सबसे बड़ा इंटरऑपरेबल ओपन प्लेटफॉर्म बनाने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घोषणा की है कि निकट भविष्य में ओएनडीसी को धीरे-धीरे और अधिक शहरों में विस्तारित किया जाएगा, क्योंकि इसमें संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को जोड़ने की क्षमता है।

# पी-नोट्स के जरिये निवेश जून में घटकर 20 माह के निचले स्तर 80,092 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आक्रामक तरीके से नीतिगत दर में वृद्धि के साथ घरेलू बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिये निवेश जून में घटकर 80,092 करोड़ रुपये रहा। यह 20 महीने में पी-नोट्स के जरिये निवेश का सबसे निचला स्तर है।

वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि निकट भविष्य में पी-नोट्स के जरिये निवेश में उतार-चढ़ाव रहेगा। पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) उन विदेशी निवेशकों को पी-नोट्स जारी करते हैं, जो प्रत्यक्ष रूप से पंजीकृत हुए बिना भारतीय शेयर बाजार का हिस्सा बनना चाहते हैं। हालांकि, उन्हें जांच-पड़ताल की प्रक्रिया से गुजरनी पड़ता है। भारतीय



प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय बाजार में पी-नोट्स के माध्यम से निवेश जून के अंत में 80,092 करोड़ रुपये रहा जबकि मई के अंत में यह 86,706 करोड़ रुपये था। यह अक्टूबर, 2020 के बाद निवेश का निचला स्तर है। उस समय इसके जरिये निवेश 78,686 करोड़ रुपये था। जून महीने में निवेश लगातार दूसरे महीने कम रहा है। कुल 80,092 करोड़ रुपये के निवेश में से से 70,644 करोड़ रुपये शेयरों में, 9,355 करोड़ रुपये बॉन्ड मे और 92 करोड़ रुपये हाइब्रिड प्रतिभूतियों (बांड और इक्विटी दोनों में निवेश से संबधित) में निवेश किये गये।

वहीं मई में शेयरों में 70,644 करोड़ रुपये तथा बॉन्ड में 9,355 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाप्रदाता ग्रीन पोर्टफोलियो के संस्थापक दिवम शर्मा ने कहा, ह्यह्यपी-नोट्स के जरिये निवेश में कमी आशा के अनुरूप है। यह घरेलू म्यूचुअल फंड प्रवाह में नरमी के अनुरूप है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि के बाद निवेशक पैसा निकाल रहे हैं और पिछले महीने नरमी के पीछे यह प्रमुख कारण है।

उन्होंने कहा, हालांकि, जुलाई महीना जून के मुकाबले के बेहतर रहने की उम्मीद है लेकिन वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता को देखते हुए पी-नोट्स के जरिये निवेश में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। इस बीच, विदेशी निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रमक तरीके से ब्याज दर में वृद्धि, महंगाई दर में तेजी और घरेलू शेयरों के दाम के ऊंचे होने के बीच जून महीने में 50,203 करोड़ रुपये की पूंजी निकासी की। यह पिछले दो साल में सबसे अधिक पूंजी निकासी है। यह लगातार नौवां महीना है जब एफपीआई ने घरेलू बाजार से पूंजी निकाली है।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने 2 सहकारी बैंकों पर लगाया सख्त प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

आजकल सभी के एकाउंट्स किसी न किसी बैंक में होते ही है। ऐसे में बैंक ग्राहकों के लिए जरूरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2 सहकारी बैंकों पर सख्त प्रतिबंध लगाया है, जिसका सीधा असर बैंक के ग्राहकों पर पड़ेगा। दरअसल, आरबीआई के इस प्रतिबंध के बाद ग्राहक अब अपने खाते से पैसा नहीं निकाल पाएंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक ने कर्नाटक के श्री मल्लिकार्जुन पटाना सहकारी बैंक नियमित और महाराष्ट्र के नासिक जिला गिरना सहकारी बैंक पर उनकी बिगड़ती वित्तीय स्थिति को देखते हुए प्रतिबंध लगा दिया है। आरबीआई के इस प्रतिबंध के बाद अब इन दोनों बैंकों के ग्राहक अपने खातों से पैसा नहीं निकाल सकेंगे। केंद्रीय बैंक की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, श्री मल्लिकार्जुन पटाना सहकारी बैंक, मस्की और नासिक जिला गिरना



सहकारी बैंक पर प्रतिबंध छह महीने के प्यारतिबंधित रहेगा, जबकि नासिक जिला गिरना सहकारी बैंक के 99।87 फीसदी जमाकर्ता जमा बीमा और कर्ज गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) बीमा योजना के दायरे में हैं।

गौरतलब है कि इस समय श्री मल्लिकार्जुन पटाना सहकारी बैंक के 99।53 फीसदी जमाकर्ता भी डीआईसीजीसी बीमा योजना के दायरे में हैं। ऐसे में, केंद्रीय बैंक ने कर्नाटक स्थित बैंक के बारे में बताया क बैंक की मौजूदा नकदी स्थिति को देखते हुए सभी बचत बैंक या चालू खातों या जमाकर्ता के किसी अन्य खाते में कुल शेष राशि से कोई भी रकम निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, लेकिन ग्राहक जमा को लेकर कर्ज को समायोजित कर सकते हैं। आरबीआई ने कहा है कि महाराष्ट्र स्थित बैंक पर भी ऐसी ही पाबन्दी लगायी गयी है। यानी दोनों बैंक अब रिजर्व बैंक की पूर्व-मंजूरी के बिना कोई नया कर्ज नहीं दे सकते और न ही किसी भी तरह के नए लोन दे सकते हैं। साथ ही ये किसी तरह का कोई निवेश भी नहीं कर सकेंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि दोनों बैंक अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक प्रतिबंधों के साथ बैंक का कामकाज जारी रखेंगे।

# डीएलएफ का खुदरा पोर्टफोलियो को दोगुना करने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

रियल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने खुदरा खपत में तेज सुधार से उत्साहित होकर नए शॉपिंग मॉल के विकास की दिशा में शुरू किया है और इसकी अगले पांच वर्षों में खुदरा पोर्टफोलियो को दोगुना करने की योजना है।

कंपनी के चेयरमैन राजीव सिंह ने शेयरधारकों को दिए गए एक संदेश में इस योजना का जिक्र किया है। वर्तमान में डीएलएफ के पास 42 लाख वर्ग फुट का खुदरा कारोबार है, जिसमें आठ मॉल और शॉपिंग सेंटर शामिल हैं। यह मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर में स्थित हैं। सिंह ने कहा कि कंपनी आवास और कार्यालय परियोजनाओं के विकास को भी बढ़ाएगी। उन्होंने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा, कंपनी वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सभी प्रमुख मापदंडों में एक बेहतर प्रदर्शन देते हुए मजबूती के साथ उभरी है। उन्होंने




कहा, हम किराये के कारोबार के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण जारी रखे हुए हैं। गुरुग्राम, चेन्नई और नोएडा समेत कई भौगोलिक क्षेत्रों में सुरक्षित एवं टिकाऊ कार्यस्थलों को विकसित करके कार्यालय पोर्टफोलियो को मजबूत करने तथा विकसित करने के लिए वाजिब पूंजी लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि इन अतिरिक्त सुविधाओं के साथ हम अगले चार-पांच वर्षों में अपनी खुदरा उपस्थिति को दोगुना कर लेंगे। डीएलएफ की बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान दोगुनी होकर 7,273 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। यह वृद्धि इसकी संपत्तियों, खासकर लग्जरी घरों की बेहतर मांग से हुई है।

# अमेजन ने फेक रिव्यूस को लेकर 10,000 फेसबुक ग्रुप एडमिन्स पर मुकदमा दायर किया

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

अमेजन ने मंगलवार को कहा कि उसने 10,000 से अधिक फेसबुक ग्रुप्स के एडमिनिस्ट्रेटर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई दर्ज की है। ये लोग पैसे लेकर नकली समीक्षा कर रहे थे। ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी ने कहा कि वह कानूनी कार्रवाई में मिली जानकारी का उपयोग उन लोगों की पहचान करने में करेगी जो पैसे लेकर नकली समीक्षा करते हैं और फिर इन नकली समीक्षाओं को हटा दिया जाएगा।

ये ग्रुप्स अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन और जापान में अमेजन के स्टोर पर भ्रामक समीक्षा कर रहे हैं। अमेजन के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज के उपाध्यक्ष धर्मेश मेहता ने कहा, हमारी टीम ग्राहकों के देखे जाने से पहले ही लाखों संदिग्ध समीक्षाओं को हटा देती है और यह मुकदमा सोशल मीडिया पर काम करने वाले अपराधियों को उजागर करने के लिए




एक कदम है। मेहता ने कहा, इन ठगों को टारगेट करने वाली सक्रिय कानूनी कार्रवाई इनको जवाबदेह ठहराकर ग्राहकों की रक्षा करने के कई तरीकों में से एक है।

ऐसे ग्रुप्स के पीछे धोखेबाज सैकड़ों प्रोडक्ट्स के लिए नकली समीक्षा की मांग करते हैं, जिसमें कार स्टीरियो और कैमरा ट्राइपॉड शामिल हैं। मुकदमे में पहचाने गए ग्रुप्स में से एक अमेजन प्रोडक्ट रिव्यू है, जिसके 43,000 से अधिक सदस्य थे। अमेजन की जांच से पता चला है कि ग्रुप एडमिन ने इन ठगों की गतिविधियों को छिपाया और फेसबुक पर उनकी पहचान उजागर होने से रोका। कंपनी ने कहा कि वह नकली समीक्षाओं पर सख्ती से रोक लगा रही है और दुनिया भर में उसके 12,000 से अधिक कर्मचारी हैं, जो नकली समीक्षाओं सहित अपने स्टोर को धोखाधड़ी और दुरुपयोग से बचाने के लिए समर्पित हैं। 2020 से, अमेजन ने मेटा को 10,000 से अधिक नकली समीक्षा ग्रुप्स की सूचना दी है।

इनमें से, मेटा ने नीति उल्लंघनों के लिए आधे से अधिक ग्रुप्स को हटा दिया है और दूसरों की जांच जारी है। कंपनी ने कहा, फर्जी समीक्षाओं की दलाली करने का नापाक व्यवसाय एक उद्योग-व्यापी समस्या है और नागरिक मुकदमेबाजी केवल एक कदम है।

## संक्षिप्त खबरें

### रोजस ने जीता तीसरा विश्व ट्रिपल जंप खिताब

यूजीन (अमेरिका)। वेनेजुएला की शीर्ष एथलीट युलिमर रोजस ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तिहरी कूद का तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब जीत लिया है। रोजस ने सोमवार को हेवर्ड फील्ड में हुए फाइनल में 15.47 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण जीता, जो चैंपियनशिप रिकॉर्ड से सिर्फ तीन सेंटीमीटर कम है। वेनेजुएलन खिलाड़ी ने दूसरे दौर में 15.47 मीटर (1.9 मीटर/सेकेंड) में दो और 15.00 मीटर से ऊपर की कूद के साथ स्वर्ण जीता जबकि जमैका की ओलंपिक रजत पदक विजेता शनीका रिकेट्स ने 14.89 मीटर के प्रयास के साथ रजत हासिल किया। अमेरिका की टोरी फ्रैंकलिन ने सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 14.72 मीटर की बदौलत विश्व चैंपियनशिप में और घरेलू धरती पर इस स्पर्धा में अपने देश को पहला पदक दिलाया। रोजस ने कहा, अभी तक विश्वास नहीं हो रहा है। मैं इससे भी लंबी छलांग चाहती थी, लेकिन मैं इस खूबसूरत स्टेडियम में भीड़ को देखने के लिए वापस आकर खुश हूं। आगे भी चैंपियनशिप आएंगी और मुझे उम्मीद है कि मैं अपने देश के लिए खिताब जीतना जारी रखूंगा।

### 4 सितंबर से नेपाल टी20 लीग होगी शुरू

काठमांडु। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) ने 24 सितंबर से 22 अक्टूबर तक त्रिभुवन विश्वविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाली नेपाल टी20 लीग के पहले सीजन में भाग लेने वाली छह टीमों में से चार के नामों की घोषणा की। लीग के पहले सीजन में दुनिया भर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चार फ्रेंचाइजी में कांतिपुर कैपिटल, विराटनगर सुपरकिंग्स, जनकपुर रॉयल्स और लुंबिनी ऑल स्टार्स शामिल हैं। शेष दो फ्रेंचाइजी (पोखरा और सुदूर-पश्चिमी) के नामों का खुलासा मालिकों के अनुरोध के अनुसार नहीं किया गया। सीएएन के अध्यक्ष चतुर बहादुर चंद ने कहा, दोनों फ्रेंचाइजी के मालिक राजधानी में उपलब्ध नहीं थे और हम अब उनकी पहचान का खुलासा करने में असमर्थ हैं। इसलिए उन्हें कुछ दिनों में पेश किया जाएगा। फ्रेंचाइजी के नामों का खुलासा करने के साथ-साथ सीएएन और उसके रणनीतिक साझेदार सेवनउस्पोर्ट्स ने भी टीमों के मालिकों की घोषणा की।

### वेटलिफ्टिंग के मामले में दूसरा सबसे सफल देश रहा है भारत

नई दिल्ली। कॉमनवेल्थ गेम्स हमेशा से भारतीय वेटलिफ्टर्स के लिए बेहद सफल साबित हुए हैं। यहां भारतीय वेटलिफ्टर्स ने अब तक कुल 125 पदक जीते हैं, जिनमें 43 गोल्ड मेडल शामिल हैं. मेडलों की यह संख्या भारत को ऑस्ट्रेलिया (159 पदक) के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स में वेटलिफ्टिंग के मामले में दूसरा सबसे सफल देश बनाती है। कॉमनवेल्थ गेम्स में तीन बार तो ऐसे मौके भी आए हैं, जब भारतीय टीम वेटलिफ्टिंग में मेडल जीतने के मामले में पहले नंबर पर भी रही है। साल 1990, 2002 और 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय वेटलिफ्टर्स ने अन्य देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा मेडल जीते। गोल्ड कास्ट में हुए पिछले कॉमनवेल्थ गेम्स में इस इवेंट में भारत को 5 गोल्ड समेत कुल 9 मेडल मिले थे। इस बार भी भारतीय वेटलिफ्टर्स से इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। कॉमनवेल्थ गेम्स में इस बार भारत से 15 वेटलिफ्टर्स का दल भेजा जा रहा है। और सभी में पदक जीतने की क्षमता है। ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू महिलाओं के 49 किग्रा भारवर्ग में पदक लाने की पक्की उम्मीदवार हैं। उनके साथ ही बिंदियारानी (55 किग्रा), पॉपी (59 किग्रा) में अपनी किस्मत आजमाएंगी।

# पंत दबाव को अच्छी तरह से संभालते हैं: अरुण लाल

**जानकारी**

- मुझे हमेशा लगता है कि कप्तान को टीम में शीर्ष तीन में अपनी जगह बनानी चाहिए: लाल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व क्रिकेटर अरुण लाल को लगता है कि रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करने के लिए ऋषभ पंत में सभी गुण हैं। हाल ही में बंगाल क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में पद छोड़ने वाले 66 वर्षीय लाल ने टेस्ट और सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में दबाव में मैच बदलने वाली पारी खेलने की पंत की क्षमता की सराहना की।





अरुण लाल ने जागरण टीवी को बताया, मुझे हमेशा लगता है कि कप्तान को टीम में शीर्ष तीन में अपनी जगह बनानी चाहिए। वह (पंत) ऐसा व्यक्ति है जो खेलने से नहीं डरते हैं। उनका खेल, दबाव को अच्छी तरह से संभाल सकता है, टीम को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकाल सकता है और ऐसा खिलाड़ी एक महान लीडर हो सकता है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा होगा, अगर हमारे पास पंत जैसा आक्रामक खिलाड़ी टीम का कप्तान हो। उन्होंने आगे कहा, एक समय था, जब टेस्ट क्रिकेट में जीत पर विचार किया जाता था, जब आप ड्रॉ करने के लिए खेलते थे, लेकिन अब यह सोच बदल गई है और मैं इसका पूरा श्रेय विराट कोहली को देता हूं। उन्होंने टीम की मानसिकता को बदल दिया और टीम को बिना डरे जीतने के लिए प्रेरित किया। विराट ने उस आक्रामकता को टीम में लाए और अगर पंत इसे जारी रखते हैं तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। पंत की नाबाद 125 रनों की मदद से भारत ने रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए तीसरे वनडे में इंग्लैंड पर पांच विकेट से जीत दर्ज की और सीरीज को 2-1 से समाप्त किया।

### पंत सबसे जिम्मेदार खिलाड़ियों में से एक : मांजरेकर

मुंबई। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि भले ही ऋषभ पंत कभी-कभार गैर-जिम्मेदार शॉट्स खेलकर आउट होते हैं, लेकिन जब भारत टीम के लिए उनकी जिम्मेदारी की बात आती है, तो उन पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने मांजरेकर ने यह भी कहा कि पंत और हरफनमौला हार्दिक पांड्या भारत के मध्यक्रम की रीढ़ बन सकते हैं, बशर्ते वे चोटिल ना हो। उन्होंने कहा, वह (पंत) कभी-कभी गैर-जिम्मेदार शॉट्स खेलकर आउट हो जाते हैं, लेकिन वह जिम्मेदारी लेने से पीछे नहीं हटते हैं और ऋषभ पंत के पास अलग-अलग शॉट खेलने का कौशल है। मांजरेकर ने स्पोर्ट्स18 के दैनिक खेल समाचार पर कहा, उदाहरण के लिए विजयी रन (इंग्लैंड बनाम तीसरे वनडे में), यह उनके खेल शैली का एक हिस्सा है, उनके पास कई तरह के शॉट हैं।

# दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में आईपीएल टीमों के मालिकों ने दिखाई रुचि

जोहानसबर्ग, एजेंसी

आईपीएल की छाप विश्व भर में फैलती जा रही है क्योंकि 10 आईपीएल टीमों में से छह के मालिकों ने दक्षिण अफ्रीका की नई टी20 लीग में टीम खरीदने का फैसला किया है। यह लीग जनवरी-फरवरी 2023 में शुरू होने जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स तथा दिल्ली कैपिटल्स के एक मालिक ने दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में टीम खरीदने के लिए सफल बोली लगाई है।




यह लीग क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका अपने साथी सुपरस्पोर्ट के साथ मिलकर चलाएगा। यह पता चला है कि आईपीएल में सुपर किंग्स टीम के मालिक चेन्नई सुपर किंग्स स्पोर्ट्स लिमिटेड ने सर्वाधिक बोली लगाकर जोहानसबर्ग फैंचाइजी अपने नाम की हैं। मुंबई के मालिकों के केपटाउन जबकि सनराइजर्स के मालिक सन टीवी ग्रुप ने पोर्ट एलिजाबेथ टीम खरीदी हैं। पिछले साल रिकॉर्ड बोली लगाकर लखनऊ टीम खरीदने वाले आरपी संजीव गोयंका ग्रुप ने डरबन और राजस्थान रॉयल्स के मालिकों ने पार्ल टीम अपने नाम की हैं। अंतिम टीम प्रिटोरिया गई है जिंदल साउथ वेस्ट स्पोर्ट्स को जिसका नेतृत्व आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल करते हैं।

उम्मीद की जा रही है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका सभी कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद टीमों के शहरों की आधिकारिक घोषणा करेगा। मंगलवार को एक बयान जारी करते हुए बोर्ड ने बताया कि पूर्व दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ग्रीम स्मिथ इस टी20 लीग के संचालक होंगे। स्मिथ ने कहा, 'मुझे गर्व हो रहा है कि मुझे इस नई प्रतियोगिता का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। मैं दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्ध हूं और खेल की सेवा करने के लिए तैयार हूं।

मुझे विश्वास है कि यह नई लीग खेल में जरूरी निवेश लेकर आएगी और विश्व भर तथा हमारे घरेलू प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नए अवसर देगी।' उन्होंने आगे कहा, 'हितधारकों की प्रतिक्रिया अब तक बहुत सकारात्मक रही है और हमने शुरूआती चरणों में काफी प्रगति की है। हम दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक मूल्यवान, टिकाऊ और आकर्षक टूनार्मेंट देने के लिए दृढ़ हैं।'

# प्लेस्टेशन में भी लंकाशर की टीम ही चुनता था : वाशिंगटन सुंदर

लंदन, एजेंसी

भारतीय आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर लंकाशर के साथ खेलने के दौरान दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन से सीखने को लेकर उत्साहित हैं और उन्होंने कहा कि वह अपने प्लेस्टेशन पर खेलने के दौरान भी इसी टीम को चुनते थे। पिछले साल जुलाई में अंगुली में चोट लगने के बाद 22 साल के वाशिंगटन इंग्लैंड की काउंटी टीम के साथ खेलकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करेंगे। इस चोट के कारण वह पिछले साल भारत के इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए थे और इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के दूसरे चरण में भी नहीं खेल पाए थे।



वाशिंगटन ने क्लब के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे याद है कि जब मैं अपने प्लेस्टेशन पर खेलता था तो यहां अधिकांश घरेलू टीम के खिलाफ लंकाशर को ही चुनता था। यहां आकर लंकाशर के लिए खेलना शानदार है। इस युवा आलराउंडर ने कहा, क्लब के पास कुछ युवा प्रतिभाएं और कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं। मैं उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने और यहां क्रिकेट कैसे खेला जाता है यह जानकारी साझा करने को लेकर उत्सुक हूं। वाशिंगटन ने कहा कि उन्हें वीडियो गेम खेलते हुए एंड्र्यू फ्लिंटॉफ बनना पसंद था। यह भारतीय आलराउंडर रॉयल लंदन एकदिवसीय प्रतियोगिता के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेगा और उनके कुछ काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों में भी खेलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे एंड्र्यू फ्लिंटॉफ बनना पसंद था क्योंकि इससे मुझे तेज गेंदबाजी और स्विंग के चार ओवर मिलते थे और बेशक वह छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुछ बड़े छक्के भी लगा सकता है। वाशिंगटन ने कहा, बेशक जेम्स एंडरसन दिग्गज खिलाड़ी है, वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सकता है। यहां उनके साथ खेलने को लेकर उत्सुक हूं, देखना चाहता हूं वह कैसे गेंदबाजी करता है और अपना काम कैसे करता है।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक 14 जुलाई 2028 से होंगे शुरू

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की छह साल की उलटी गिनती शुरू हुई और इस दौरान शहर में खेलों की वापसी की तारीख की घोषणा की गई। उद्घाटन समारोह 14 जुलाई को होगा जबकि स्पधाएं 30 जुलाई तक चलेंगी। पैरालंपिक खेलों का आयोजन 15 से 27 अगस्त तक किया जाएगा। पांच बार की ओलंपिक पदक विजेता



तैराक और लॉस एंजिलिस की मुख्य एथलीट अधिकारी जेनेट इवान्स ने कहा, इसके साथ ही सभी खिलाड़ी अपने लॉस एंजिलिस 2028 सपने को साकार करने के लिए सक्रिय रूप से ट्रेनिंग शुरू कर देंगे। लॉस एंजिलिस इससे पहले 1984 और 1932 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक भी इस दौरान मौजूद थे। उन्होंने भविष्य के आयोजन स्थलों का दौरा किया और लॉस एंजिलिस 2028 खेलों के अधिकारियों से मिले। बाक ने कहा, मैं लॉस एंजिलिस 2028 टीम की प्रगति और रचनात्मकता से बेहद प्रभावित हूं। उन्होंने कहा, वे ओलंपिक खेलों की ताकत का इस्तेमाल करके युवाओं को खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। खेलों के दौरान क्षेत्र के मौजूदा स्टेडियम और आयोजन स्थलों का इंतजाम किया जाएगा। आयोजन समिति ने कहा कि ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों खेलों में 15000 खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

# अगर मैं कोहली के साथ 20 मिनट बिता सका तो इससे उन्हें मदद मिलेगी: गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर को लगता है कि वह खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली की आफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर कमजोरी को दूर करने में मदद कर सकते हैं। खराब लय चल रहे कोहली ने 2019 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में शतक नहीं लगाया है। इंग्लैंड के हालिया दौरे पर छह पारियों (टेस्ट , टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय) में सिर्फ 76 रन बना सके। गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा, अगर मुझे कोहली के साथ 20 मिनट का समय मिले तो शायद मैं चीजों को कुछ ठीक कर सकूं। मैं यह नहीं कह रहा हूं मैं उनकी मदद करूंगा लेकिन खासकर ऑफ स्टंप की बाहर जाती गेंदों के साथ उनकी परेशानी को दूर कर सकता हूं। उन्होंने खुद का जिक्र करते हुए कहा, एक सलामी बल्लेबाज के तौर पर आप ऐसी गेंदों पर काफी परेशानी का सामना करते हैं, ऐसे में आप इससे निपटने के लिए काफी कुछ करते हैं। उन्होंने कहा, कोहली के साथ यह भी परेशानी हो रही है कि वह अपनी पहली गलती पर ही आउट हो जा रहे हैं। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे इसलिए हर गेंद पर रन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में बल्लेबाज उन गेंदों पर भी रन बनाने के बारे में सोचता है जिसे वह आमतौर पर छोड़ देता है। गावस्कर ने इस मौके पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करने के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की तारीफ की। उन्होंने कहा, पंत ने दक्षिण अफ्रीका में जो गलतियां की थी उससे उन्होंने सीख ली है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ जिम्मेदारी से बल्लेबाजी की। पंत ने इस मैच में नाबाद 125 रन बनाये थे। उनकी इस पारी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

# ब्यूमोंट की सेंचुरी की बदौलत इंग्लैंड ने द. अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से जीती सीरीज

ग्रेस रोड (सीलेस्टर), एजेंसी

शानादार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड ने तीसरे वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 109 रनों से हरा दिया जिसके बाद उसका सीरीज पर 3-0 से कब्जा हो गया। इंग्लैंड की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने अपना नौवां एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जमाया जिससे मेजबान टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला क्रिकेट सीरीज में 3-0 से जीत मिल गई।

31 वर्षीय अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 107 गेंदों में 119 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को 109 रनों से जीच दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ब्यूमोंट ने साथी सलामी बल्लेबाज एम्मा लैम्ब (65) के साथ शुरूआती विकेट के लिए 149 रन बनाए और फिर अपने खेल को और आगे बढ़ाया जब सोफिया डंकले (51) क्रीज पर



उनके साथ आई। जब ब्यूमोंट आउट हुई तब तक उसने इंग्लैंड का स्कोर 371/7 तक पहुंचा दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के विशाल स्कोर का पीछा करते हुए अच्छी शुरूआत की और पहले आठ ओवरों में 60 रन बनाए। वोल्वार्डट ने विशेष रूप से कमजोर गेंदों को निशाना बनाया, उसने अपना 29वां एकदिवसीय अर्धशतक बनाया, लेकिन प्रतिभाशाली 23 वर्षीय एक बार फिर इसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकामयाब रही और 56 के निजी स्कोर पर पैवेलियन

**भूमिका**

- सलामी बल्लेबाज ने 107 गेंदों में 119 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को 109 रनों से जीच दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

लौट गई। दक्षिण अफ्रीका की दो अन्य बल्लेबाजों ने भी हाफ सेंचुरी लगाई - क्लो ट्रायोन ने 70 और मारिजैन कप ने 62 का योगदान दिया - लेकिन दक्षिण अफ्रीका को हाई रन रेट की जरूरत थी। अंत में 46वें ओवर में सिर्फ 262 रन के स्कोर पर पूरी टीम आउट हो गई।

संक्षिप्त स्कोर : इंग्लैंड महिला 50 ओवरों में 371/7 (एम्मा लैम्ब 65, टैमी ब्यूमोंट 119, सोफिया डंकले 51, हीथर नाइट 63, डैनी व्याट 33)। दक्षिण अफ्रीका 45.4 ओवरों में 262 पर ऑल आउट (लौरा वोल्वार्डट 56, मैरिजान कप 62, क्लो ट्रायोन 70)। इंग्लैंड ने 109 रनों से जीता मैच।

# वनडे सीरीज जीत कर हमें अतिउत्साहित नहीं होना है : तमीम इकबाल

ढाका, एजेंसी

वेस्टइंडीज में वनडे सीरीज को क्लीन स्वीप करना 'विशेष' था लेकिन बांग्लादेश के वनडे कप्तान तमीम इकबाल ने अपने टीम के साथियों से ज्यादा उत्साहित नहीं होने को कहा है। उनके अनुसार वेस्टइंडीज की पिचों पर 'स्पिनरों के लिए बहुत अधिक मदद थी', जो हर सीरीज में नहीं होने वाली है।

तमीम ने कहा, 'कोई भी सीरीज जीतना हमेशा विशेष होता है। दक्षिण अफ्रीका में भी हमने जो सीरीज जीती थी, वह भी बहुत खास था। वेस्टइंडीज में मिली जीत हमारे लिए एक बेहतरीन उपलब्धि है लेकिन इससे हमें अतिउत्साहित नहीं होना है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें उन परिस्थितियों में जीत मिली, जहां स्पिनरों के लिए बहुत अधिक मदद थी। जब हम विदेश जाते हैं या यहां तक कि घर पर भी कोई सीरीज खेल रहे होते हैं तो आपको इस तरह की मदद नहीं मिलती है। हमें आगे चलकर और कठिन चुनौतियों





का सामना करना पड़ सकता है।' वेस्टइंडीज में बांग्लादेश टी20 और टेस्ट सीरीज हारने के बाद बैकफुट पर था लेकिन वनडे सीरीज जीत कर उन्होंने अपने इस दौरे को एक सकारात्मक अंत दिया है। तमीम के नेतृत्व में बांग्लादेश अब लगातार पांच वनडे सीरीज जीत चुका है। तमीम इस सीरीज में कुल 117 रन बनाते हुए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे। तमीम ने कहा कि वह एक कप्तान के रूप में चाहते थे कि उनका प्लान ए कारगर साबित ना हो और वह प्लान बी के साथ आगे बढ़ें। तमीम ने कहा, 'मैं अपनी शैली को तलाशने का प्रयास कर रहा हूं। मैंने हमेशा कहा है कि यह मेरे लिए सीखने की प्रक्रिया है। जब मैं आयरलैंड और जिम्बाब्वे जाता हूं, तो मुझे अलग-अलग चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मैं जिस तरह से योजना बनाता हूं, अगर वह काम नहीं करती है, तो मैं प्लान बी को निष्पादित करने का प्रयास करता हूं। इसी सी मेरी कप्तानी की परिपक्वता की पहचान होती है।'

टेस्ट और टी20 सीरीज में मिली हार के बाद यह चुनौतीपूर्ण था लेकिन मुझे टीम में ज्यादा काम नहीं करना पड़ा। हर कोई जीतना चाहता था। हमने सोचा था कि हम टेस्ट और टी20 में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आया। इसलिए सभी खिलाड़ियों के भीतर वनडे सीरीज को जीतने की तलब और ज्यादा बढ़ गई।' बांग्लादेश ने इस वनडे सीरीज को शाकिब उल हसन और मुशफिकुर रहीम की अनुपस्थिति में खेला था।

# वॉर्नर की कप्तानी पर लगा प्रतिबंध खत्म करें : ग्रेग चैपल

सिडनी, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने मंगलवार को कहा कि डेविड वॉर्नर की कप्तानी पर लगा आजीवन प्रतिबंध खत्म कर देना चाहिये क्योंकि इस स्टार बल्लेबाज में आस्ट्रेलिया का सफल कप्तान बनने की क्षमता है। दक्षिण अफ्रीका में 2018 के गेंद से छेड़खानी मामले के कारण वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और कैमरन बेनक्रॉफ्ट को प्रतिबंध झेलना पड़ा है। वॉर्नर और स्मिथ पर एक साल का और बेनक्रॉफ्ट पर नौ महीने का प्रतिबंध लगाया गया। स्मिथ से कप्तानी छीन ली गई और दो साल के लिये कप्तानी पर प्रतिबंध लगा दिया गया जबकि वॉर्नर पर कप्तानी के लिये आजीवन प्रतिबंध लगाया गया। चैपल ने कहा, जो कुछ





हुआ, उसमें उसकी मुख्य भूमिका थी लेकिन सिर्फ उसी की भूमिका नहीं थी। पता नहीं उसके साथ अलग व्यवहार क्यों किया गया। उन्होंने कहा , वह अपनी सजा भुगत चुका है। अगर उसे मौका दिया जाये तो वह अच्छा कप्तान बन सकता है। उस पर लगा प्रतिबंध हटाया जाना चाहिये। पूर्व कप्तान इयान चैपल ने भी कहा कि जब स्मिथ को दोबारा कप्तानी दी जा सकती है तो वॉर्नर पर प्रतिबंध क्यों लगाया गया है। पिछले महीने टेस्ट कप्तान ने भी वॉर्नर पर लगा प्रतिबंध हटाने की मांग की थी।

# केशव महाराज ने वनडे सुपर लीग का किया समर्थन

लंदन, एजेंसी

साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज वनडे सुपर लीग के समर्थन में आए हैं, जो मौजूदा चक्र के बाद खत्म हो जाएगी और नए एफटीपी चक्र का हिस्सा नहीं होगी। चोटिल तेम्बा बवूमा की जगह इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका की कप्तानी कर रहे महाराज ने तर्क दिया कि लीग ने केवल द्विपक्षीय वनडे क्रिकेट को प्रासंगिक बनाती है, बल्कि देशों को अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश को मैदान पर उतारने के लिए मजबूर करती है।



महाराज ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले कहा, ₹सुपर लीग का होना अच्छा है। यह आपको पूरे साल अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित करती है और आपको खेलने की विभिन्न शैलियों के साथ आने की अनुमति देती है, जिसे आप विश्व कप में लागू करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा सिस्टम है। आपको हर समय अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ खेलना होगा। मैं इसके पक्ष में हूं।₹ विडंबना यह है कि तीन मैचों की यह सीरीज सुपर लीग का हिस्सा नहीं है (साउथ अफ्रीका अगले साल फरवरी में विश्व कप सुपर लीग मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा), और साउथ अफ्रीका अपने सर्वोच्च रैंकिंग वाले वनडे गेंदबाज कगिसो रबाडा को आराम दे रहा है। इससे भी अधिक विडंबना यह है कि साउथ अफ्रीका ने अगले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर लीग वनडे मैचों को नहीं खेलने का विकल्प चुना है क्योंकि बोर्ड चाहता है कि एक नई फ्रैंचाइजी टी20 प्रतियोगिता के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी उपलब्ध हों।

साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड का कहना है कि इससे क्रिकेट की वित्तीय स्थिति को लंबे समय के लिए सुरक्षित किया जा सकेगा। इस कारण साउथ अफ्रीका की 2023 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की संभावना कम हो गई है। अगर यह सब आपको आश्चर्यचकित करता है कि आगामी इंग्लैंड सीरीज का क्या मतलब है, तो महाराज के पास इसका जवाब है। उन्होंने कहा, 'वनडे यूनिट के तौर पर हमारे लिए साथ खेलना महत्वपूर्ण है। जितना अधिक आप खेलते हैं उतना ही बेहतर होता है। यह अभी भी एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच है, इसलिए इसमें पर्याप्त मोटिवेशन है और यह एक ऐसी श्रृंखला है जिसमें अंक होते हैं। मुझे बहुत खुशी है कि हम इसे खेल रहे हैं जो हमारे लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष की ओर अग्रसर है। अगले में दो साल में आईसीसी के बहुत सारे इवेंट्स हैं, और यह उन संयोजनों को खोजने का एक अच्छा तरीका है जिन्हें आप आगे खिलाना चाहते हैं।

महाराज की टिप्पणी इंग्लैंड के बेन स्टोक्स द्वारा वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के उनके फैसले की घोषणा करने से कुछ मिनट पहले आई। स्टोक्स ने कहा तीनों प्रारूपों में खेलना ₹मेरे बस की नहीं है₹। यह द्विपक्षीय क्रिकेट, विशेष रूप से वनडे मैचों की व्यवहार्यता के बारे में बहस को और बढ़ा देगा। विश्व कप के नजदीक आते ही साउथ अफ्रीका का इस पर अधिक ध्यान जाएगा।

# पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को नई टी20 लीग का बनाया गया आयुक्त

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को देश की नई टी20 लीग का आयुक्त बनाया गया, जो लीग को आकर्षक बनाने में मदद करेंगे। स्मिथ ने खेल में एक खिलाड़ी, कप्तान, कमेंटेटर, राजदूत, सलाहकार और हाल ही में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के क्रिकेट निदेशक (डीओसी) के रूप में काम किया है। खेल के बारे में उनकी समझ किसी से कम नहीं है, जो लीग को दुनिया में आगे बढ़ाने में काम करेगी।

उनके पहले कार्यों में ब्रांड को विकसित करना और देश में सालाना होने वाले क्रिकेट उत्सव के लिए भाग लेने वाली फ्रेंचाइजी की पुष्टि करना होगा। लीग का पहला सीजन जनवरी-फरवरी 2023 में होने वाला है। स्मिथ ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को बताया, मैं इस रोमांचक नए उद्यम का नेतृत्व करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हूं और जितना हो सके खेल की सेवा करने के लिए खुश हूं। मैं नई लीग देने के अवसर से उत्साहित हूं, जो खेल में बहुत आवश्यक निवेश ला सकता है और प्रोटियाज और दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए नए अवसर प्रदान कर सकता है। स्मिथ ने कहा, हितधारकों की प्रतिक्रिया अब तक बहुत सकारात्मक रही है और हमने शुरूआती चरणों में काफी प्रगति की है। हम दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक मूल्यवान और आकर्षक टूनार्मेंट देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चीन के बंदरगाह शहर तियान्जिन में गैस विस्फोट, तीन लापता

बीजिंग। उत्तरी चीन के बंदरगाह शहर तियान्जिन में मंगलवार को एक इमारत का कुछ हिस्सा ढहने के बाद गैस विस्फोट हो गया, जिसमें 11 लोग घायल हो गए और तीन का कोई पता नहीं है। घटना की जांच की जा रही है, लेकिन माना जा रहा है कि इमारत के कमजोर हो जाने के चलते यह हादसा हुआ। छह मंजिला इमारत की तीन मंजिलें धराशायी हो गईं। आधिकारिक ने बताया कि तीन मंजिलों के धराशायी होने के बाद सुबह करीब सवा सात बजे विस्फोट हुआ। घटनास्थल से ली गई तस्वीरों में इमारत की ऊपरी मंजिलें धंसी हुई दिखाई दे रही हैं, लेकिन पड़ोसी इकाइयों को कोई स्पष्ट नुकसान नहीं हुआ है। तियान्जिन रेल मार्ग से बीजिंग से लगभग एक घंटे की दूरी पर स्थित है और लंबे समय से चीन के सबसे विकसित शहरों में शुमार है। इस शहर में 2015 में एक रासायनिक गोदाम में भीषण विस्फोट होने से 173 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर अग्निशमन कर्मी और पुलिस अधिकारी शामिल थे।

### भारी बारिश के मद्देनजर सावधानी बरतें हिमाचल वासी : नड्डा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले सहित अन्य क्षेत्रों में भारी बारिश के मद्देनजर प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे सावधानी बरतें। नड्डा ने ट्वीट कर कहा, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले सहित अन्य क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान की सूचनाएं प्राप्त हुई। ईश्वर से सभी की कुशलता के लिए प्रार्थना करता हूं। घटना स्थल पर राज्य सरकार व जिला प्रशासन राहत कार्य में जुटा है, प्रदेशवासियों से आग्रह है कि सावधानी बरते।

### इंडोनेशिया में जहाज डूबा, 13 लापता

जकार्ता। इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु में मंगलवार को एक यात्री जहाज के डूबने से 13 लोग लापता हो गए। मीडिया रिपोर्ट ने यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत उत्तरी मालुकु में 77 लोगों के साथ एक यात्री जहाज पानी में डूब गया। इस घटना के बाद अभी तक 13 लोग लापता बताए जा रहे हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश में तलाश अभियान को तेज किया है।

### ऑस्ट्रेलिया की पहली गैस-टू-ग्रिड परियोजना सिडनी में शुरू हुई

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने गंदे पानी से बायो मिथेन के गीगाजूल पैदा करने का अपना पहला परीक्षण शुरू कर दिया है, जिससे अक्षय बायोमीथेन 13,000 घरों की ऊर्जा मांगों का समर्थन करेगा। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की सरकार ने मंगलवार को जांच की घोषणा की, जो सिडनी वाटर के मालाबार वेस्टवाटर रिसोर्स रिकवरी प्लांट में शुरू हो गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह सिडनीसाइडर्स को विश्वसनीय और स्वच्छ गैस मुहैया कराएगी और घरों में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करेगी।
एनएसडब्ल्यू भूमि और जल मंत्री केविन एंडरसन ने कहा, अपशिष्ट जल संसाधन पुनर्प्राप्ति सुविधा वर्ष के अंत तक लगभग 6,300 घरों में गैस की आपूर्ति करने के लिए अपशिष्ट जल में कार्बनिक पदार्थों से लगभग 95,000 गीगाजूल बायोमीथेन बनाएगी, जिसमें 2030 तक उत्पादन दोगुना करने की क्षमता होगी।

# दक्षिण चीन सागर में US नेवी ने उतारा सातवां बेड़ा

**बीजिंग, एजेंसी**



**आरोप**
- चीन ने समुद्री अधिकार प्राप्त करने की कोशिश का लगाया आरोप
- अमेरिका ने चीन के दावों को बताया झूठा, दिया कानून का तर्क

दक्षिण चीन सागर में अमेरिका ने अपनी नौसेना का सातवां बेड़ा उतारा है। अमेरिका के इस कदम से चीन की बेचैनी बढ़ गई है। चीन ने अमेरिकी नौसेना की गतिविधि का विरोध किया है। इस पर अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े ने भी असामान्य तरीके से जवाब देते हुए चीन पर गैर कानूनी तरीके से पड़ोसी देशों की कीमत पर समुद्री अधिकार प्राप्त करने की कोशिश का आरोप लगाया है। अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े ने अपने बयान में कहा है कि मिशन के बारे में पीएलए का बयान गलत है।

अमेरिका का सातवां बेड़ा दक्षिण चीन सागर में ऐसे वक्त दिखा है, जब ड्रैगन ने अमेरिका को सख्त चेतावनी दी है कि उसको ताइवान के साथ सैन्य सहयोग बंद कर देना चाहिए। जनरल ली जुओचेंग ने हाल में अपने अमेरिकी समकक्ष जनरल मार्क मिले से कहा कि चीन के पास अपने मूल हितों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर समझौते के लिए कोई जगह नहीं है, जिसमें स्वशासित ताइवान भी शामिल है।

**चीन ने कहा-ये उकसाने वाला कदम**

चीन ने बिना क्वाड संगठन का नाम लिए कहा कि अमेरिका एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों में अपना समर्थन बढ़ाने के लिए उन्हें बीजिंग के खिलाफ उकसा रहा है। यह मामला तब प्रमुख हो जाता है कि जब ताइवान पर हमले की योजना बनाते हुए चीनी सेना का एक ऑडियो लीक होने से सनसनी फैल गई थी। ऐसे में चीन के लिए अमेरिका के इस सातवें बेड़े से खलबली मच गई है।

**अमेरिका ने दिया ये तर्क**

उधर, अमेरिकी नौसेना ने चीन को झूठा करार देते हुए कहा है कि अमेरिकी समुद्री अभियानों को गलत तरीके से चीन ने पेश किया है। अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े ने एक बयान में कहा कि पीपल्स रिपब्लिक आफ चाइना (पीआरसी), वियतनाम, ताइवान, मलेशिया, ब्रूनेई और फिलीपींस हर कोई स्प्रैटली द्वीपों के कुछ या सभी हिस्सों पर अपनी संप्रभुता का दावा करते हैं।

**क्या कहता है अंतरराष्ट्रीय कानून?**

अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक पीआरसी, वियतनाम और ताइवान को किसी सैन्य पोत के क्षेत्रीय समुद्र क्षेत्र से गुजरने से पहले या तो अनुमति या अग्रिम अधिसूचना की जरुरत होती है। अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक सीधे जाने वाले मार्ग के लिए किसी भी प्राधिकरण या अग्रिम-अधिसूचना एकतरफा अनुमति नहीं देता है। इसलिए अमेरिका ने इन चीजों को चुनौती दी है। अमेरिका ने कहा कि ऐसे मार्ग इस तरह के प्रतिबंधों के अधीन नहीं आते हैं।

# शाहबाज सरकार चंद दिनों की मेहमान, जल्द हों चुनावः इमरान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान के सबसे बड़े राज्य पंजाब में हुए उपचुनाव में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने 20 में से 15 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया है। अब ये तय है कि प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के बेटे हमजा शरीफ की सरकार गिर जाएगी। इस जीत से इमरान खान के हौसले बुलंद हैं। इमरान खान ने केंद्र सरकार और फौज पर भी दबाव बढ़ा दिया है। उन्होंने सोमवार को कहा- शरीफ सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी। अब आम चुनाव ही रास्ता हैं।

पाकिस्तान के सामने ढेरों चुनौतियां हैं। महंगाई आसमान छू रही है। पेट्रोल-डीजल के दाम हर दिन बढ़ रहे हैं। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड महीनों चली बातचीत के बावजूद लोन देने को तैयार नहीं दिखता। आतंकवाद के मुद्दे पर वो तीन साल से FATF की ग्रे लिस्ट में है। इमरान खान ने इन मुद्दों का भी जिक्र भी किया। पाकिस्तानी अखबार डॉन से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा- अब मुल्क को मुश्किलों से बचाने का सिर्फ एक ही रास्ता है। जल्द से जल्द निष्पक्ष आम चुनाव कराए जाएं। हम अक्टूबर 2023 का इंतजार नहीं कर सकते। चुनाव आयोग को सही रोल प्ले करना होगा. अगर अब भी कुछ नहीं किया गया तो मुल्क के आर्थिक हालात बद से बदतर हो जाएंगे।

**पाकिस्तानी रुपया सबसे निचले स्तर पर**

एक डॉलर का मूल्य पाकिस्तान के करीब 215 रुपये के बराबर था और यह दो साल का सबसे निचला स्तर है। 2017 के बाद यह करीब 42% गिरा है। पाकिस्तान को अफगानिस्तान के मामले में भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। पाकिस्तान के इकोनॉमिस्ट डॉक्टर फैज महमूद ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में कहा था- जब तक अफगानिस्तान में अमेरिकी फौज थी,तब तक हम आतंकवाद के जंग के नाम पर लाखों डॉलर बटोरते थे। अब अमेरिका वहां से जा चुका है और उसने पाकिस्तान को फंड देना बंद कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, परेशानी यह है कि हम अपने पैरों पर कभी खड़े ही नहीं रहे। आने वाले वक्त में हालात सुधरेंगे, इसकी कोई उम्मीद नहीं। इमरान की पंजाब में जीत से मुल्क की सियासत और इकोनॉमी दोनों पर बेहद बुरा असर होगा।

इमरान ने पाक को कितना कर्ज में डुबोया? नया पाकिस्तान का नारा देकर सत्ता पाने वाले इमरान खान ने पाकिस्तान की जनता को सिर्फ अपने राज में 18 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डुबा दिया था। तब्दीली की बात करके सत्ता पाने वाले इमरान खान ने अपने राज में पाकिस्तान की जनता पर प्रति दिन 1400 करोड़ रुपए का कर्जा थोपा। 2018 में जो इमरान खान कहते थे कि मुल्क चलाने लायक पैसा नवाज शरीफ, बेनजीर की सरकारों ने नहीं छोड़ा। वही हाल इमरान खान के कार्यकाल में भी बदस्तूर जारी रहा।

# पूर्वी अफगानिस्तान में भूकंप, 31 घायल



**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पूर्वी अफगानिस्तान में सोमवार की शाम को आए भूकंप में कम से कम 31 लोग घायल हो गए। तालिबान के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप उसी क्षेत्र में आया, जहां पिछले महीने आए ऐसे ही जलजले में एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और बड़े पैमाने पर तबाही मची थी। पहले खबरें आई थीं कि भूकंप में दस लोग घायल हुए हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 आंकी गई है। तालिबान की समाचार एजेंसी बख्तर के निदेशक अब्दुल वाहिद रेयान ने बताया कि भूकंप के झटके पूर्वी पकतिका प्रांत के दो जिलों-गयान और जिरुक में महसूस किए गए। गयान में जहां 18 लोग घायल हुए हैं, वहीं जिरुक में 13 लोगों के जख्मी होने की खबर है। रेयान के मुताबिक, भूकंप से गयान और जिरुक में कई आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि सोमवार की शाम के बाद से क्षेत्र में भूकंप के कई झटके महसूस किए जा चुके हैं।

# संकटग्रस्त श्रीलंका में भारतीय अधिकारी घायल

## उच्चायोग ने नागरिकों से हालात से अवगत रहने को कहा

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका में तैनात भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी बेवजह किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उच्चायोग ने भारतीय नागरिकों से श्रीलंका में नवीनतम घटनाओं से अवगत रहने और उसके हिसाब से आवाजाही करने और अन्य गतिविधियों की योजनाएं बनाने के लिए कहा है।

श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के कारण राजनीतिक उथल-पुथल के बाद श्रीलंका में अशांति की स्थिति है। कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने नया राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को होने वाले महत्वपूर्ण चुनाव से पहले सोमवार को आपातकाल लगा दिया। भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा कि भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। उच्चायोग ने ट्वीट में कहा, मौजूदा स्थिति में, श्रीलंका में भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे नवीनतम घटनाओं के बारे में जागरूक रहें और हालात के हिसाब से आवाजाही और अन्य गतिविधियों की योजना बनाएं। आवश्यकता पड़ने पर आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। उच्चायोग ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि उसके अधिकारियों ने सुबह भारतीय नागरिक और भारतीय वीजा केंद्र के निदेशक विवेक वर्मा से मुलाकात की जो सोमवार रात कोलंबो के पास बेवजह किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। यह मामला श्रीलंकाई अधिकारियों के ध्यान में लाया गया है। गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे के बाद विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राजपक्षे (73) श्रीलंका छोड़कर पिछले बुधवार को मालदीव गए और फिर बृहस्पतिवार को सिंगापुर पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार को इस्तीफा दिया था। चुनाव लड़ रहे विक्रमसिंघे ने आपातकाल लगाने का बचाव करते हुए कहा कि यह श्रीलंका में लोक सुरक्षा, लोक व्यवस्था और आवश्यक आपूर्ति तथा सेवाएं बहाल रखने के लिए आवश्यक है।



### राष्ट्रपति चुनाव : त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार, विक्रमसिंघे भी मैदान में

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं और सांसदों ने मंगलवार को उम्मीदवारों के रूप में कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित तीन लोगों के नामों का प्रस्ताव किया। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए 20 जुलाई को चुनाव होने हैं। नए राष्ट्रपति नवंबर 2024 तक पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे के शेष कार्यकाल के लिए पद पर रहेंगे। राजपक्षे ने अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन को लेकर सरकार के खिलाफ हो रहे जन आंदोलन के बाद इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति चुनाव में विक्रमसिंघे (73) का मुकाबला दुल्लास अल्हाप्पेरुमा (63) और अनुरा कुमारा दिसानायके (53) से होगा। अल्हाप्पेरुमा कट्टर सिंहली बौद्ध राष्ट्रवादी और सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी के सदस्य हैं। वहीं, दिसानायके वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के प्रमुख सदस्य हैं।

### मैं राजपक्षे प्रशासन का हिस्सा नहीं था: विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका में बुधवार को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने विभिन्न मुद्दों को लेकर बदनाम हुई राजपक्षे सरकार से दूरी बनाते हुए कहा कि वह उस प्रशासन में नहीं थे और उन्हें दिवालिया देश की अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए नियुक्त किया गया था। राजपक्षे का उत्तराधिकारी चुनने के लिए बुधवार को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के वास्ते सांसदों द्वारा प्रस्तावित तीन उम्मीदवारों में विक्रमसिंघे (73) भी शामिल हैं। 225 सदस्यीय संसद अगले राष्ट्रपति का चुनाव करेगी जो पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के शेष कार्यकाल को पूरा करेंगे। गोटबाया ने पिछले सप्ताह पद से इस्तीफा दे दिया था। विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाने को लेकर जनता में असंतोष बढ़ रहा है। कई लोग विक्रमसिंघे को इसलिए बेहतर नहीं मानते क्योंकि वह पिछले राजपक्षे प्रशासन का हिस्सा थे। विक्रमसिंघे ने सोमवार को सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में कहा, मैं वह नहीं हूं, लोग यह जानते हैंङ्क मैं यहां अर्थव्यवस्था को संभालने आया था। विक्रमसिंघे ने खुद को राजपक्षे से अलग करने का प्रयास किया, जिनके नेतृत्व में उन्होंने पिछले दो महीने तक काम किया। विक्रमसिंघे ने कहा कि तत्कालीन राजपक्षे शासन देश के गंभीर वित्तीय संकट के बारे में तथ्यों को छिपा रहा था।

# नीट परीक्षा : केरल में छात्राओं को अंतःवस्त्र हटाने को बाध्य किये जाने के खिलाफ प्रदर्शन हुआ हिंसक

**जानकारी**
- पहली बार नीट परीक्षा में बैठ रही उनकी बेटी को बिना अंतःवस्त्र के परीक्षा देना पड़ा

**कोल्लम (केरल), एजेंसी**



जिले के अयूर में नीट परीक्षा के दौरान छात्राओं को अंतःवस्त्र निकालने के लिए बाध्य करने पर एक निजी शिक्षण संस्थान के विरूद्ध छात्र संगठनों का प्रदर्शन हिंसक हो जाने के बाद इलाके में तनाव व्याप्त है। समाचार चैनलों पर प्रसारित फुटेज में विद्यार्थी कथित रूप से लाठी-डंडों से संस्थान की खिड़कियों में तोड़फोड़ करते नजर आये । पुलिस को उन्हें वहां से तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। छात्र कार्यकर्ता पुलिस घेरे को तोड़ते हुए कॉलेज परिसर में घुस गये और उन्होंने वहां कथित रूप से तोड़फोड़ की। पुलिस कार्रवाई में कुछ छात्र कार्यकर्ता घायल हुए। पुलिस के अनुसार, स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए और पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सोमवार को 17 वर्षीय एक छात्रा के पिता ने मीडिया से कहा था कि पहली बार नीट परीक्षा में बैठ रही उनकी बेटी को बिना अंतःवस्त्र के परीक्षा देना पड़ा । उन्होंने कहा कि वह इस सदमें से अबतक उबर नहीं पायी। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी नीट बुलेटिन में उल्लिखित ड्रेस कोड के हिसाब से कपड़े पहनकर गयी थी और उसमें अंतःवस्त्र को लेकर कहीं कुछ नहीं लिखा था। केरल पुलिस ने लड़की की शिकायत पर इस घटना से कथित रूप से जुड़े लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

### गुजरात पुलिस ने फिल्मकार अविनाश दास को मुंबई से हिरासत में लिया

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तस्वीर ट्विटर पर साझा करने से संबंधित एक मामले में फिल्मकार अविनाश दास को मंगलवार को मुंबई से हिरासत में लिया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने कहा कि दास को आगे की कार्रवाई के लिए अहमदाबाद लाया जा रहा है। अहमदाबाद शहर की अपराध शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त डी पी चूडास्मा ने कहा, हमने दास को मंगलवार को मुंबई से हिरासत में लिया। हमारी टीम उन्हें आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए अहमदाबाद ला रही है। अहमदाबाद अपराध शाखा ने दास के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 469 (जालसाजी) के साथ-साथ राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी प्राथमिकी दर्ज की है, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज पहने एक महिला की एक अन्य तस्वीर भी अपने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर पोस्ट की थी ।

# न्यूजीलैंड में ओमिक्रॉन बीए.2.75 के 2 सहित कोविड 10,772 नए मामले दर्ज

**न्यूजीलैंड, एजेंसी**




न्यूजीलैंड ने मंगलवार को ओमिक्रॉन बीए.2.75 के दो सामुदायिक मामलों की सूचना दी, देश में पहली बार इस उपप्रकार का पता चला है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों मामले ज्ञात आयातित मामलों से जुड़े हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह पहले रिपोर्ट किए गए छह बीए.2.75 मामलों के अतिरिक्त है, जो सभी हाल की विदेश यात्रा से जुड़े हैं। मंत्रालय के अनुसार, बीए.2.75 बीए.2 की हाल ही में पहचानी गई दूसरी पीढ़ी का सबवेरिएंट है, जो इस स्तर पर न्यूजीलैंड में प्रचलित प्रमुख संस्करण है।

बीए.2.75 को हाल ही में बीए.2 से अलग के रूप में पहचाना गया है और इसकी संप्रेषणीयता, प्रतिरक्षा उत्क्रमण और गंभीरता पर साक्ष्य अभी भी प्रारंभिक और उभर रहा है। न्यूजीलैंड ने कोविड के 10,772 नए सामुदायिक मामले दर्ज किए और महामारी से 21 और मौतें हुईं, इसने कहा, 348 कोविड मामलों को जोड़कर हाल ही में विदेश यात्रा की है।

इस समय 788 कोविड रोगियों का अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है, जिनमें 20 गहन देखभाल इकाइयों या उच्च निर्भरता इकाइयों में शामिल हैं। 2020 की शुरूआत में देश में महामारी की चपेट में आने के बाद से न्यूजीलैंड ने कोविड के 1,508,837 पुष्ट मामलों की सूचना दी है।

**बातचीत** | सैन्य अधिकारियों से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने और मजबूत करने पर हुई चर्चा

# जनरल मनोज पांडे ने पीएम शेख हसीना से की मुलाकात

**नई दिल्ली/ढाका, एजेंसी**



**जानकारी**
- डिफेंस सर्विस कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में सुरक्षा परिप्रेक्ष्य पर व्याख्यान दिया

सेना प्रमुख बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर गए जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने डिफेंस सर्विस कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, मीरपुर का दौरा किया और सशस्त्र बल युद्ध पाठ्यक्रम के छात्र अधिकारियों और संकाय के लिए सुरक्षा परिप्रेक्ष्य पर व्याख्यान दिया।

जनरल पांडे ने बांग्लादेश के सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करके द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे अपने बांग्लादेशी समकक्ष जनरल एसएम शफीउद्दीन अहमद के निमंत्रण पर तीन दिवसीय यात्रा पर ढाका में हैं। वह मंगलवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिले और शिष्टाचार के तौर पर दोनों देशों के बीच सैन्य रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। वह आज ही मीरपुर के डिफेंस सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज गए और वहां छात्रों और फैकल्टी को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ पीस सपोर्ट एंड ट्रेनिंग ऑपरेशन्स (बीआईपीएसओटी) का दौरा करके सदस्यों के साथ बातचीत की। बांग्लादेश का यह प्रमुख संस्थान शांति सैनिकों को विभिन्न संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में रोजगार के लिए प्रशिक्षित करता है। अपनी पहली यात्रा के पहले दिन सोमवार को उन्होंने बांग्लादेश के शीर्ष सैन्य कमांडरों से मुलाकात की। जनरल मनोज पांडे ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार मेजर जनरल तारिक अहमद सिद्दीकी (सेवानिवृत्त) से मुलाकात करके बांग्लादेश और भारत के बीच रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने के कदमों पर चर्चा की। जनरल मनोज पांडे ने एडमिरल एम शाहीन इकबाल चीफ ऑफ नेवल स्टाफ, बांग्लादेश नेवी और एयर वाइस मार्शल एम शफीकुल आलम, बांग्लादेश वायु सेना के सहायक चीफ ऑफ एयर स्टाफ (ऑपरेशंस) से भी मुलाकात के दौरान आपसी हित के पहलुओं पर चर्चा की। जनरल मनोज पांडे ने तीन दिवसीय यात्रा की शुरूआत बांग्लादेश पहुंचने पर शिखा अनिर्बान पर माल्यार्पण करके मुक्ति संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देकर की थी। जनरल पांडे को यहां प्रभावशाली गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने दोनों सेनाओं के बीच दोस्ती की याद में एक पौधा भी लगाया।

ढाका में भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि जनरल पांडे ने बांग्लादेश सैन्य मुख्यालय में जनरल अहमद से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। बांग्लादेश सेना के बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के सेना प्रमुखों ने एक विशेष बैठक में मामलों पर चर्चा की।

# तमिलनाडु हिंसाः पोस्टमार्टम टीम में शामिल करने का अनुरोध शीर्ष अदालत ने ठुकराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु की एक मृत छात्रा का नये सिरे से पोस्टमार्टम करने वाले विशेषज्ञों के दल में अपनी पसंद के एक चिकित्सक को शामिल करने का मृतका के पिता का अनुरोध मंगलवार को ठुकरा दिया। याचिकाकर्ता की बेटी एक निजी आवासीय स्कूल में मृत पाई गई थी और मद्रास उच्च न्यायालय ने बालिका का नये सिरे से पोस्टमार्टम करने का आदेश दिया है।
तमिलनाडु के कल्लाकुरिची से करीब 15 किलोमीटर दूर चिन्नासेलम के कनियामूर इलाके में एक निजी आवासीय स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली 17-वर्षीया लड़की 13 जुलाई को छात्रावास परिसर में मृत मिली थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्य के पुलिस प्रमुख को छात्रा की मौत के बाद दंगा करने वाले लोगों की पहचान करने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने तथा कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही छात्रा के शव का पुनः पोस्टमॉर्टम कराने का भी आदेश दिया था। हालांकि, अदालत ने पुनः पोस्टमॉर्टम के लिए पसंद के चिकित्सक को विशेषज्ञों के दल का हिस्सा बनाने के छात्रा के पिता का अनुरोध खारिज कर दिया था। इसके बाद लड़की के पिता ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था और अपनी याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध भी किया था।

### जवानों की भर्ती में जाति पूछने की व्यवस्था पहले से चली आ रही है : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के लिए उम्मीदवारों की जाति पूछे जाने के बारे में विपक्ष द्वारा उठाये जा रहे सवालों पर स्पष्ट किया है कि अब कोई नई व्यवस्था नहीं की गयी है और यह व्यवस्था पहले से ही चली आ रही है। सिंह ने संसद भवन परिसर में इस बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, यह पूरी तरह अफवाह है जो पहले थी वही व्यवस्था अब है। आजादी के पहले से यही व्यवस्था चली आ रही है, उसमें कहीं कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। दोबारा पूछे जाने पर उन्होंने कहा, पहले वाली व्यवस्था ही अब है और मुझे नहीं लगता इस पर और अलग से कोई स्पष्टीकरण देने की जरूरत है। उनसे पूछा गया था कि अग्निपथ योजना के तहत जाति प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है क्या आप इस पर कुछ कहेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। )
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129